सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-200 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 09 जनवरी 2026
19 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# स्लीपर बसें बनाने में लापरवाही पर होगा सख्त ऐक्शन : नितिन गडकरी

■ जिम्मेदार अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई, सीबीआई जांच करवाएंगे



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और स्लीपर बसों को बनाने में बरती जा रही अनियमितता को रोकने के लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सख्त एक्शन लेने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा है कि कुछ मामलों की जांच के लिए सीबीआई को लिखने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्राइवेट बस बॉडी बिल्डरों (वेंडरों) द्वारा बसों को बनाने में बरती गई बड़े स्तर पर लापरवाही, सुरक्षा मानकों पर खरी ना उतरने के बावजूद फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने और अन्य तरह के घपलों के संदेह होते देख कुछ मामलों की जांच सीबीआई से भी कराने के लिए रिकमंड किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारे काफी प्रयास करने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की जगह बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने पिछले साल तीन महीनों में राजस्थान समेत अन्य राज्यों में स्लीपर बसों में आग लगने की हुई पांच से छह घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें 145 लोग जिंदा जल गए। हम किसी भी तरह की माफी या अनदेखी करने के मूड में नहीं हैं। किसी भी कीमत पर इन पर अंकुश लगाना ही है।

इसके लिए मंत्रालय की तरफ से राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर पूछा गया है कि वह बताएं कि इन दुर्घटनाओं के लिए कौन-कौन जिम्मेदार है? इनमें किस-किस स्तर पर लापरवाहियां बरती गईं? हम गलती करने वाले अधिकारियों को बख्शेंगे नहीं। इसके अलावा भी अब ऐसे जो भी मामले सामने आएंगे। उनमें जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा।

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने बताया कि इस सिस्टम के तहत टेलीकॉम मंत्रालय फ्री में स्पेक्ट्रम देगा। इस साल के अंत तक इसके लिए नोटिफिकेशन कर दिया जाएगा। इस सिस्टम को ना केवल कारों बल्कि चार पहियों से उपर के सभी वाहनों जैसे बसों और ट्रकों में भी लगाया जाएगा। इसमें वाहन बनाने वाली कंपनियों से कहा जाएगा कि वह कार और अन्य गाड़ियां बनाते वक्त गाड़ियों में चार से छह हजार रुपए के इस सिस्टम वाले एक ओबीयू को लगाएं। ताकि सड़क पर चलते हुए गाड़ियां आपस में बात करते हुए संभावित टक्कर को रोक सकें। यह सिस्टम धुंध के मौसम में किनारे खड़ी गाड़ियों से टकराव को बचाने में अहम रोल अदा करेगा। यह कारों में लगाए जा रहे अन्य सिक्योरिटी फीचर से अलग एडवांस सिस्टम होगा।

### टक्कर रोकने के लिए वी2वी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गाड़ियों की आपस में टक्कर होने से रोकने के लिए वी2वी (वीकल-टू-वीकल) सिक्योरिटी फीचर पर काम हो रहा है। इस तकनीक में कारों के आपस में वायरलेस तरीके से बात करने अचानक ब्रेक लगाने और गाड़ी की लोकेशन देने जैसी रियल-टाइम जानकारी शेयर करती है जिससे टक्करों से बचा जा सकता है।

# ईडी ने बंगाल पुलिस पर सबूत छीनने का लगाया आरोप

■ कोलकाता में तलाशी के दौरान उपजा विवाद

**नई दिल्ली।** ईडी की ओर से कहा गया है कि गुरुवार को ईडी मुख्यालय इकाई ने कोयला तस्करी सिंडिकेट के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बंगाल और दिल्ली में कुल 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलएम) के तहत की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह सिंडिकेट अनूप माजी के नेतृत्व में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के पट्टा क्षेत्रों से अवैध रूप से कोयला निकालने व चोरी करने में संलिप्त है।

ईडी ने स्पष्ट किया है कि तलाशी अभियान की शुरुआत शांतिपूर्ण ढंग से हुई थी। हालांकि, एजेंसी का आरोप है कि बंगाल की मुख्यमंत्री के पुलिस बल और राज्य प्रशासन के अधिकारियों के साथ आगमन के बाद स्थिति बदल गई। ईडी के मुताबिक, दो परिसरों में तलाशी के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कथित तौर पर हस्तक्षेप किया और वहां से भौतिक दस्तावेज एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य जबरन हटा दिए।



### ममता पर आरोप गंभीर

बीजेपी आईटी विभाग के नेशनल इंचार्ज अमित मालवीय ने ईडी के बयान का हवाला देते हुए ममता बनर्जी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, ईडी का बयान मुख्यमंत्री पर एक गंभीर आरोप है। ईडी के अनुसार ममता बनर्जी बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचीं, प्रतीक जैन के आवासीय परिसर में घुस गईं और दस्तावेजों व इलेक्ट्रोनिक डिवाइसेज के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज हटा दिए।

### बंगाल भाजपा ने ईडी की छापेमारी को बताया संवैधानिक

बंगाल भाजपा की प्रदेश इकाई ने राजनीतिक परामर्श फर्म आइ-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास व कार्यालयों पर गुरुवार को ईडी की छापेमारी की कार्रवाई को सही ठहराते हुए इसे पूरी तरह साक्ष्य आधारित और संवैधानिक बताया है।

### भाजपा डकैतों और लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी : सीएम ममता बनर्जी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास व कार्यालयों पर गुरुवार को हुई छापेमारी से बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भड़क गईं। केंद्र पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा डकैतों और लोकतंत्र की हत्या करने वालों की पार्टी है। ममता ने छापेमारी को राजनीतिक रूप से प्रेरित और असंवैधानिक बताया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने एक स्पष्टीकरण जारी किया है। एजेंसी ने कहा कि यह पूरी कार्रवाई केवल साक्ष्यों पर आधारित है और इसका उद्देश्य किसी भी राजनीतिक दल को निशाना बनाना नहीं है। विभाग ने जोर देकर कहा कि इस दौरान किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई है। ईडी के अनुसार, इस छापेमारी का आगामी या वर्तमान चुनावों से कोई संबंध नहीं है। यह मनी लांड्रिंग के खिलाफ नियमित रूप से की जाने वाली कार्रवाई का एक हिस्सा है। जांच एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया स्थापित कानूनी सुरक्षा उपायों व प्रक्रियाओं के अनुसार ही संचालित की जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कारवाई की कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया कि ईडी के अधिकारियों ने तलाश अभियान के दौरान पार्टी की हार्ड डिस्क, आंतरिक दस्तावेज व संवेदनशील संगठनात्मक डाटा जब्त करने का प्रयास किया।

# स्कूल में दो बेटियां तो दूसरे की पढ़ाई होगी मुफ्त

■ योगी सरकार ने बनाई योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बेटियों की पढ़ाई की राह और आसान होगी। अगर किसी स्कूल में दो बेटियां पढ़ रही हैं, तो सरकार दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस मुफ्त करने की तैयारी कर रही है। इसमें संबंधित संस्था से मदद लेने और फीस प्रतिपूर्ति दोनों ही विकल्पों को खुला रखा जाएगा। सीएम योगी के निर्देश के बाद महिला कल्याण विभाग को इसकी प्रक्रिया तय करने को कहा गया है।

कोविड के आपदा में प्रभावित परिवारों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व मदद के लिए योगी सरकार ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की थी। इसके दौरान सीएम ने कहा था कि



अगर किसी स्कूल, कॉलेज या संस्था में जिसमें निजी शैक्षिक संस्थान भी शामिल हैं, दो सगी बहनें पढ़ रही हैं तो एक की ट्यूशन फीस माफ करने की अपील की जाए। अगर निजी स्कूल ऐसा नहीं करते हैं, तो सरकार के स्तर से उनकी फीस प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की जाए। सीएम के निर्देश के बाद इसके सर्वे की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने उस समय आचार संहिता का हवाला देकर इस पर रोक लगा दी थी। अब इसकी प्रक्रिया फिर शुरू की गई है।

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : सीएम योगी

■ जनता दर्शन में सीएम ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। सीएम ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन



कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

### गोवंश को खिलाया गुड़

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया।

### पत्रकार के परिवार को दी आर्थिक सहायता



**गोरखपुर।** गुरुवार सुबह दिवंगत पत्रकार विवेक अस्थाना के परिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक संबल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय अस्थाना की पत्नी और दोनों बच्चों को विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा और उन्हें आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के आजीवन सदस्य, पत्रकार, रंगकर्मी विवेक अस्थाना का पांच जनवरी को हृदयाघात से निधन हो गया था। वह परिवार के एकमात्र आयार्जक सदस्य थे। परिवार की सहायता के लिए गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की तरफ से, बुधवार दोपहर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया था। सीएम योगी ने त्वरित संवेदना दिखाई और 19 घंटे के भीतर परिवार को आर्थिक सहायता मिल गई।

# तीन करोड़ वोट कटे भाजपा ने एक करोड़ अपने बढ़ाए : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा सरकार व निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर प्रदेश में करीब तीन करोड़ वोट काट दिए गए हैं, जबकि भाजपा ने अपने एक करोड़ वोट बढ़ा लिए हैं। अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा ने नकली वोट बनवाने की कोशिश की तो पीडीए प्रहरी हर बूथ पर निगरानी रखते हुए एफआईआर दर्ज कराएंगे। मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि विधानसभा मतदाता सूची, पंचायत मतदाता सूची और नगर निकाय सूची के आंकड़ों में भारी अंतर सामने आ रहा है।

# राज्यसभा के सभापति के कार्य उपसभापति क्यों नहीं कर सकते

■ सुप्रीम कोर्ट ने किया यह सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उनके दायित्वों का निर्वहन यदि उपराष्ट्रपति कर सकते हैं, तो राज्यसभा के सभापति की गैर-मौजूदगी में उपसभापति उनके कार्य क्यों नहीं कर सकते। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एस सी शर्मा की पीठ ने यह टिप्पणी की।

पीठ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा की ओर से पेश की गई इस दलील से असहमति जताई कि राज्यसभा के उपसभापति के पास किसी प्रस्ताव के नोटिस को खारिज करने का अधिकार नहीं है तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत, केवल लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को ही किसी न्यायाधीश के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए दिए गए नोटिस स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है।

### ये है मामला जिस पर सुप्रीम कोर्ट कर रहा सुनवाई

जस्टिस वर्मा के नई दिल्ली स्थित आवास पर पिछले साल 14 मार्च को अधजले नोटों की गड्डियां मिलने के बाद उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट में वापस भेज दिया गया था। जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए पीठ ने संबद्ध पक्षों को सोमवार तक दलीलें प्रस्तुत करने को कहा।

# देश के निर्माण के लिए 30 अवॉर्ड जीते हैं, अब अपराधी

■ सुप्रीम कोर्ट में सोनम वांगचुक ने कही ये बात

**नई दिल्ली।** जेल में बंद लद्दाख के क्लाइमेट और सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। वागचुंक की तरफ से सीनियर वकील कपिल सिब्बल पैरवी के लिए मौजूद थे। सुनवाई के दौरान सोनम वांगचुक ने अपने वकील के जरिये शीर्ष अदालत को बताया कि शांति की अपील वाली उनकी स्पीच को हिरासत में लेने वाली अथॉरिटी ने गैर-कानूनी तरीके से दबा दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण तरीकों से था। सुप्रीम कोर्ट को आज बताया गया कि



एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक, जिन्होंने हमेशा हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई और राष्ट्र निर्माण के लिए 30 अवॉर्ड जीते हैं, उन्हें अब एक अपराधी के तौर पर दिखाया जा रहा है।

सिब्बल ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना वराले की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की दो-जजों की बेंच को बताया कि सोनम वांगचुक को इंग्लिश में साफ तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आंदोलन हिंसा, पत्थरों या तीरों से नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण तरीकों से होगा। यह वीडियो में साफ देखा और सुना जा सकता है।

सिब्बल ने कहा कि उनके भाषण को किसी भी तरह से राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि भाषण का लहजा किसी भी तरह से राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं है या यह नहीं है कि मैं ऐसी गतिविधियां जारी रखूंगा या हिंसा फैलाऊंगा, बल्कि इसे खत्म करूंगा। सिब्बल ने कोर्ट के सामने दलील दी कि भाषण का लहजा हमारी राष्ट्रीय अखंडता और एकता के मुताबिक है, जो असल में डिटेंशन ऑर्डर में कही गई बात के बिल्कुल उलट है। उन्होंने इस पर भरोसा करने के लिए वेबसाइट पर जाकर नहीं देखा। उन्हें देखना चाहिए था। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि कानून में यह साफ है कि अगर हिरासत के सभी आधार नहीं बताए जाते हैं तो इससे हिरासत का आदेश रद्द हो जाएगा।

कपिल सिब्बल ने कहा कि सोनम को हिरासत में लेने के आधार 28 दिन के बाद बताए गए, जो कानूनी समय-सीमा का साफ-साफ उल्लंघन है। उन्हें 29 सितंबर को डिटेंशन ऑर्डर और हिरासत के अधूरे आधार दिए गए थे। घटना के सबूत वाले चार वीडियो 29 तारीख को नहीं दिए गए थे। पुलिस ने वीडियो के लिंक दिए और हिरासत में लेने के आधार बताए। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को एक लैपटॉप दिया गया, लेकिन 29 तारीख को दी गई पेनड्राइव में वे 4 वीडियो नहीं थे।

### बदलाव के लिए शांतिपूर्व क्रांति की बात

पूरे आंदोलन में सोनम वांगचुक की बेगुनाही का दावा करते हुए सिब्बल ने कहा कि मेरे मुवक्किल ने दूसरों को परेशान किए बिना बदलाव लाने के लिए शांतिपूर्ण क्रांति की बात की थी। सिब्बल ने तर्क दिया कि उन्होंने राज्य की सुरक्षा को खतरा नहीं पहुंचाया, हिंसा नहीं फैलाई, और नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को जारी रखने का कोई इरादा नहीं दिखाया। वरिष्ठ वकील ने मामले में जांच एजेंसी के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसके विपरीत, वह राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति लगातार प्रतिबद्ध थे।

**चेतावनी** तेल से होने वाली आय से सिर्फ अमेरिकी उत्पाद खरीदे जाएंगे

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला पर लगा दी नई शर्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वेनेजुएला अपनी तेल बिक्री से होने वाली आय का उपयोग केवल अमरीकी उत्पादों और सेवाओं को खरीदने के लिए करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि नए तेल समझौते से प्राप्त धन से वेनेजुएला केवल अमरीका निर्मित उत्पाद ही खरीदेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस खरीद में कृषि उत्पाद, दवाएं, चिकित्सा उपकरण और ऊर्जा आपूर्ति वाले उपकरण शामिल होंगे।

ट्रंप ने कहा कि यह कदम वेनेजुएला के मुख्य आर्थिक भागीदार के रूप में अमरीका की स्थिति को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे एक बुद्धिमानी भरा विकल्प और वेनेजुएला तथा अमेरिका, दोनों के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात



बताया। यह घोषणा ट्रंप के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला तीन से पांच करोड़ बैरल तेल अमरीका को देगा जिसकी बिक्री से मिला पैसे का प्रबंधन अमरीकी निगरानी में होगा।

अमरीकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि अमरीका वेनेजुएला के तेल निर्यात की निगरानी करेगा और मौजूदा प्रतिबंधित आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य के उत्पादन को अमेरिकी रिफाइनरियों और अन्य बाजारों में बेचेगा। दोनों देशों के बीच हुए इस समझौते के तहत लगभग दो अरब डॉलर मूल्य का कच्चा तेल अमेरिका भेजा जा सकता है। यह सौदा तेल की आपूर्ति को चीन को दूर रखने और उत्पादन में कटौती से पैदा हुए दबाव को कम करने में मदद करेगा।

ट्रंप ने कहा कि यह समझौता इस बात का प्रमाण है कि वेनेजुएला अमरीकी तेल कंपनियों को अधिक मौका देने की उनकी मांगों को मान रहा है। उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि यदि ऊर्जा क्षेत्र को नहीं खोला गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने कहा कि हालिया सैन्य अभियान का एक मुख्य उद्देश्य वेनेजुएला के तेल क्षेत्र को अमेरिकी नियंत्रण में लाना और अमेरिकी कंपनियों को वहां पुनर्निर्माण का अवसर देना था। उन्होंने यह भी बताया कि वेनेजुएला, अमरीका के साथ सहयोग कर रहा है। ट्रंप ने ऊर्जा मंत्री को इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करने का निर्देश दिया है ताकि तेल को सीधे अमरीकी बंदरगाहों तक पहुंचाया जा सके। अधिकारियों ने इसे चीन और अन्य प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले एक बड़ी रणनीतिक और आर्थिक जीत करार दिया है।

### भारत ने रूस से तेल खरीदना किया कम

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि अमरीका द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर नए प्रतिबंध लगाने की धमकी के मद्देनजर, भारतीय कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल का आयात कम कर दिया है या पूरी तरह से रोक दिया है। भारत ने आधिकारिक रूप से कहा है कि उसे किसी भी स्रोत से कच्चे तेल की खरीद करने का अधिकार है, लेकिन उसने रूस से खरीद को कम कर दिया है, जबकि अमरीका से आयात में वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने कहा, भारत रूस के साथ अपने रक्षा एवं परमाणु सहयोग का विस्तार कर रहा है और रूस को संयुक्त उद्यमों में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जबकि दोनों देशों के बीच तेल व्यापार में कमी आई है। विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव पिनाक चक्रवर्ती ने कहा, हम रूस पर तेल की निर्भरता कम कर सकते हैं, लेकिन कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह बंद नहीं करेंगे।

# यूपी के गांव में ही मिलेगी आधार सेवा नहीं लगाने पड़ेंगे शहर के चक्कर

**सरकार की पहल**

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। इसके लिए सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। इसके लागू हो जाने के बाद गांववालों को आधार से जुड़ी सेवाओं के लिए ब्लॉक या शहर नहीं जाना पड़ेगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यूपी की 1000 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं। इन केंद्रों पर नया आधार बनवाने, आधार अपडेट कराने और प्रमाणीकरण जैसी सुविधाएं सीधे गांव में ही मिलेंगी।

इस बारे में जानकारी देते हुए पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि हर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन ग्राम पंचायत सहायक करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार व जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलेगा। योजना ठीक से चले इसके लिए यूआईडीएआई (आईडीएआई) ने पंचायती राज विभाग को रजिस्ट्रार आईडी और इंपैनलमेंट एजेंसी (ईए) आईडी जारी कर दी है। (संबंधित खबर पेज 16)




### आधार से जुड़ी परेशानियां समाप्त होंगी

इस नई व्यवस्था की सबसे बड़ी खासयित यह है कि इससे आधार नामांकन, अपडेट और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सरल और सुगम हो जाएगी। एक ओर जहां ग्रामीण जनता को आधार बनवाने या अपडेशन के लिए भटकना नहीं होगा वहीं इससे ग्रामीणों का सीधा जुड़ाव सरकारी योजनाओं से सुनिश्चित होगा पायलट प्रोजेक्ट अगर सफल रहता है तो इसे चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों में लागू करने की योजना है।

# भारत-नेपाल का रिश्ता सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं, यह 'रोटी-बेटी' का अटूट बंधन हैः दुर्गा शक्ति नागपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नेपाल में आगामी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव 2026 के चुनाव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक नेपाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में दोनों देशों ने चुनाव के दौरान सूचना आदान-प्रदान और सहयोग को सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी और नेपाल की ओर से कैलाली एवं कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग और साझा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।बैठक की शुरुआत में दोनों देशों के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। बैठक में चुनाव के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने चुनाव के मद्देनजर सीमा पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धरपकड़ सीमा के दोनों तरफ कैसे की जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर अपराधियों को संरक्षण ना मिल सके आदि महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई इस चुनावी पर्व पर सहयोग की अपेक्षा करते हुए सीडीओ कैलाली हीरालाल रेग्मी और सीडीओ कंचनपुर मदन कोइराला ने कहा कि जितना सहयोग मिलेगा उतना चुनाव कराने में आसानी होगी। हमारे संबंध अच्छे थे और भविष्य में भी बेहतर रहेंगे। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक बंधनों से जुड़े हैं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इसे ÷रोटी-बेटी का रिश्ता÷ बताते हुए दोनों देशों के अटूट बंधन पर जोर दिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान शांति, सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करना है उन्होंने भरोसा जताया कि जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी नेपाल के अधिकारियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने कहा कि इस संवाद से सीमा सुरक्षा और अपराध नियंत्रण और मजबूत होंगे और सीमावर्ती जनता को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था मिलेगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि, सूचना का रियल टाइम आदान-प्रदान, और आपात सेवाओं की निर्बाध आवाजाही प्राथमिकताएं रहेंगी। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि भारत की ओर से पेट्रोलिंग सतत जारी है। हम नेपाल की ओर से मिलने वाली सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड करेंगे।

### ये भारतीय अधिकारी रहे मौजूद

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम डॉ अवनीश, राजीव निगम, कमांडेंट 39 बटालियन आरके राजेश्वरी, डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन विजेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट 49 बटालियन शेर सिंह चौधरी, सेकेंड इन कमांडेंट थर्ड बटालियन एम डी तमांग, कमांडेंट 70 बटालियन राजन श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह मौजूद रहे।

### नेपाल के ये अधिकारी रहे मौजूद

मुख्य जिलाधिकारी (कैलाली) हीरालाल रेग्मी,मुख्य जिलाधिकारी (कंचनपुर) मदन कोइराला असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कैलाली किरण जोशी, असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कंचनपुर मोहन चंद्र जोशी, एसपी कैलाली नरेंद्र चंद, एसपी कंचनपुर खड़ग बहादुर खत्री, एसपी एपीएफ कैलाली लोकेंद्र देव भट्ट, एसपी एपीएफ कंचनपुर सुरेंद्र राज रंजीत, डिप्टी इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर महेश बोहरा, प्रकाश शाह, चीफ एरिया एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर तारा नाथ पनेरू, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, कैलाली शिव राज जोशी, सेक्शन ऑफिसर, कैलाली कल्पना भट्ट।

## अधिकारियों के साथ भ्रष्टाचार के मुद्दो पर बात करेगी फाउण्डेशन की टीम

**सहारनपुर।** एंटी-करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की कोर टीम व राष्ट्रीय नेतृत्व ने अधिकारियों के साथ बैठक कर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए एक टीम का गठन किया। जो अलग-अलग सरकारी दफ्तरों में जाकर संबंधित अधिकारियों के साथ भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दो पर वार्ता करेगीं

बैठक में तय किया गया कि टीम अलग-अलग सरकारी दफ्तरों में जाकर संबंधित अधिकारियों से भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर बात करेगी और ऐसे कामों को रोकने के लिए खुफिया जानकारी भी इकट्ठा करेगी, जो सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बैठक में कोर अधिकारी सुरेंद्र मोहन कालरा, सुरेंद्र गाबा, गुलशन वधवा, गगन गुलाटी, प्रिंस बत्रा, सुधीर भाटिया, अभिषेक भाटिया, अपूर्व वर्मा, धनवीर चौधरी, हेमंत अरोड़ा, गगनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## सरकारी तालाब की जमीन पर बोई फसल की नीलामी के बाद गांव में हुआ विवाद



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** नीमगांव थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में सरकारी तालाब की जमीन पर बोई फसल की नीलामी के बाद गांव में हुआ विवाद ग्राम प्रधान की हुई पिटाई। चोटिल प्रधान को पुलिस मेडिकल के लिए ले गई।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर परिवहन विभाग की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

### जागरूकता एक्सप्रेस ट्रेन रही आकर्षण का केंद्र

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर परिवहन विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आकर्षण का केंद्र जागरूकता एक्सप्रेस ट्रेन रही। एडीएम न्यायिक अनिल रस्तोगी ने कलक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। हेलमेट लगाए बाइकर्स व सीट बेल्ट लगाए कार सवार लोगों ने लोगों को जागरूक किया। एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने लोगों से अपील की कि बाइक चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। उन्होंने दुर्घटनाओं में अक्सर देखा जाता है कि बाइक सवार की सिर में चोट लगने से मृत्यु हो जाती है। प्रवर्तन अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ने सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा रैली में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल यादव, परिवहन विभाग के तुषार, अविनाश के अलावा सचिन अग्रवाल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, आर्येंद्र पाल सिंह, दीपाली गुप्ता, शालू गुप्ता, मधुलिका त्रिपाठी, शिशिर, कुशाग्र, राहुल, अश्विनी, आरके सिंह, ऋषि नागर आदि मौजूद रहे। साज सज्जा के मामले में ओजस्विनी संस्था को प्रथम, जेसीआई एवं लायंस क्लब द्वितीय व सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज की जागरूकता एक्सप्रेस को विशेष स्थान मिला। जिन्हें 31 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के समापन पर पुरस्कृत करने के साथ ही प्रशस्ति-पत्र दिए जाएंगे।

## लखनऊ उत्तर से विधायक डॉक्टर नीरज बोरा को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग




*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर से ऊर्जावान विधायक डॉ नीरज बोरा जी को उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया की मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार में जल्द ही कैबिनेट में विस्तार होने वाला है। माननीय विधायक डॉ नीरज बोरा किसानों, व्यापारियों, युवाओं और आम जनता की समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठते रहे हैं। विधायक डॉ नीरज बोरा जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत है और क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में उनका जनाधार व्यापक है। वह अपने सभी दायित्वों को पुरी ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण से निभाते हैं। माननीय विधायक डॉ नीरज बोरा जी के अनुभव और कार्य क्षमता को देखते हुए उन्हें मंत्रिमंडल में सुनिश्चित ही महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए।

## अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ किया थाना पलिया का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ आज थाना पलिया का निरीक्षण किया गया। थाना पलिया पुलिस सलामी गार्द द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक को सर्वप्रथम सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया द्वारा सम्पूर्ण थाना परिसर एवं कार्यालय की नियमित साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों- अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक न्यायालय, आर्डर बुक न्यायालय NBW/ कुर्की, आर्डर बुक न्यायालय सम्मन, गुण्डा रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए रजिस्टर्स के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केन्द्र की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया । थानों पर दाखिल विभिन्न मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती एवं थाना प्रांगण में खड़े विभिन्न मुकदमों से संबंधित वाहनों के विधिक निस्तारण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई इसके अतिरिक्त द्वारा पुलिसकर्मियों को प्रभावी रात्रि गश्त करने के साथ ही संदिग्धों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया और निर्देशित किया गया कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख शहर-बाजार तथा सुनसान स्थानों पर नियमित रुप से पैदल गश्त तथा एन्टीरोमियों टीम द्वारा भम्रण कर शोहदों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जिससे विजिविलिटी बनी रहे। कस्बा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी सक्रियता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) अमित राय, सहायक पुलिस अधीक्षक खीरी/क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी, क्षेत्राधिकारी पलिया जितेन्द्र सिहं परिहार, थानाध्यक्ष पलिया सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सीएमए-फाउंडेशन (दिसम्बर-2025) का परिणाम घोषित



मो शाह असद | डॉली राजपूत | समीर सिद्दीकी | कार्तिक अग्रवाल

**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (नई दिल्ली) द्वारा आयोजित (सीएमए-फाउंडेशन दिसम्बर-2025) का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें ब्राइटपाथ कॉमर्स अकादमी के छात्र (मो असद, कु डॉली राजपूत, कार्तिक अग्रवाल,मो समीर सिद्दीकी) ने सफलतापूर्वक परीक्षा को उत्तीर्ण कर नजीबाबाद नगर का नाम रोशन किया। इस मौके पर ब्राइटपाथ कॉमर्स अकादमी के संचालक श्री निखिल शर्मा ने छात्रों की सफलता पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बताया कि सीएमए एक प्रोफेशनल कोर्स है और सीएमए की डिमांड भारतीय कंपनियों के साथ साथ विदेशी कंपनियों में भी होती है। साथ ही सीएमए भारतीय वित्त मंत्रालय के अधीन संस्थान है जो संसद से पास स्पेशल कानून के अंतर्गत आता है । सीएमए के कुछ मुख्य कार्य जैसे कॉस्ट ऑडिट,कॉस्ट कंट्रोल, कॉस्ट एनालिसिस, इंटरनल ऑडिट, कंप्लायंस ऑडिट, रिपोर्टिंग, ट्रांसफर प्राइसिंग, प्रोफेट मैक्सिमम आदि कार्य होते है। उन्होंने बताया कि सीएमए की तैयारी कक्षा 11 से की जा सकती है छात्रों को अपने उज्वल भविष्य के लिए ये प्रोफेशनल कोर्स करना चाहिए ।इस खुशी के मौके पर छात्र के अभिभावक और छात्र उपस्थित

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा करते हैंः मौलाना डॉक्टर फुरकान

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** देश-दुनिया में मानवाधिकारों को लेकर लगातार आवाज़ उठती रही है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों की घटनाएं लगातार चिंता बढ़ा रही हैं। इन्हीं घटनाओं को लेकर बिजनौर के इस्लामिक विद्वान और सामाजिक चिंतक डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों को न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बताया, बल्कि इसे मानवता को शर्मसार करने की हरकत करार दिया। डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कहा कि किसी भी देश में रहने वाले नागरिकों के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव करना या उन पर अत्याचार करना किसी भी सभ्य समाज और किसी भी देश के कानून में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे वह हिंदू हों, मुस्लिम हों, सिख हों या ईसाई—हर नागरिक को समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर किसी समुदाय को निशाना बनाना न केवल उस देश की सामाजिक संरचना को कमजोर करता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उस देश की छवि को नुकसान पहुंचाता है। मौलाना फुरकान ने कहा कि इस्लाम भी किसी निर्दोष पर अत्याचार की इजाज़त नहीं देता और अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाना हर इंसान की जिम्मेदारी है।

ऐसे में बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित हमले, संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना, जबरन पलायन जैसी घटनाएं सीधे तौर पर कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार का पहला कर्तव्य अपने नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा करना होता है। यदि किसी समुदाय को असुरक्षा का माहौल महसूस हो रहा है, तो यह उस देश की शासन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। डॉक्टर मौलाना फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने अपने देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से भी इस मुद्दे पर गंभीर हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंध रहे हैं।

## सिविल लाइंस पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार, अफीम बरामद

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा तीन लोगों को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया गया है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इन्हें जेल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार,बृहस्पतिवार को संदिग्ध वाहन तथा व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान तीन लोगों राजीव पुत्र भूरे,सुमित पुत्र भजन लाल तथा इबरीश कुमार पुत्र देव प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार लोगों के कब्जे से 2 किलो 954 ग्राम अफीम,एक मोटरसाइकिल तथा मोबाइल फोन बरामद होने की जानकारी दी गई है।

## प्रदेश का पहला रैबीज फ्री सिटी बनेगा सहारनपुर

### महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने हरी झण्डी दिखाकर की अभियान की शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** महानगर सहारनपुर प्रदेश का पहला एंटी रेबीज शहर बनेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि ने वार्ड 40 के नगर निगम परिसर से आज कुत्तों में एंटी रेबीज़ वैक्सीनेशन कराकर तथा वार्डो में जाने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। सहारनपुर प्रदेश का पहला महानगर है जहां राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरुआत पांच टीमों के साथ युद्ध स्तर पर की गयी है। अभियान की शुरुआत में चिकित्सकों ने सबसे पहले पकड़े गए कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए तथा महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त शिपू गिरि के साथ हरी झण्डी दिखाकर वार्ड के लिए टीमों को रवाना किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि आज वृहद स्तर पर सहारनपुर के वार्ड 40 से इसकी शुरुआत की गयी है। उन्होंने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धर्म स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया जाए। महापौर ने बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम की शुरुआत की है, इसका उद्देश्य 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाना और 2030 तक रेबीज के कारण कुत्तों से होने वाली मौतों को शून्य पर लाना है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि कुत्तों में एंटी रेबीज़ वैक्सीनेशन अभियान लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अब तक लगभग 24 हजार कुत्तों की नसबंदी भी की गयी है। नसबंदी के दौरान कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन कुत्तों में नसबंदी के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जायेगा। नगरायुक्त ने कहा कि यह नगर निगम की उपलब्धि है कि सहारनपुर प्रदेश का पहला रैबीज फ्री सिटी बनेगा। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर रेबीज से बचाव के सम्बंध में प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव-पशु संघर्ष को कम करने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम है।

निगम के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए पांच टीमें गठित की गई है, हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। उन्होंने बताया कि महानगर को वार्डवार कवर किया जायेगा। आज पांचों टीम बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन सहित वार्ड 40 को कवर करेगी। प्रयास रहेगा कि लगभग 4 दिन में एक वार्ड कवर कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि पहचान के लिए वैक्सीनेशन के बाद कुत्तों को विष रहित कलर मार्क लगाकर छोड़ा जायेगा। डॉ.मिश्रा ने बताया कि अनुमानित शहर में 40 हजार कुत्ते है। प्रयास रहेगा कि 300 दिन में सभी वार्डो को कवर कर लिया जाए।

## कुश्ती व एथलेटिक्स खेल के मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** कुश्ती व एथलेटिक्स खेल के मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। स्थानीय भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार की देखरेख में आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में रितिक, जय नागल, साहिल, आदित्य कुमार, मौ.अयान, विराज कुमार, गुरूप्रीत, ईसराइल, मो0 नौमान, अभिषेक कुमार, शिवा, वरदान (सहारनपुर), सागर कुमार (मु0नगर) का चयन किया गया जो बलिया में होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। जबकि एथलेटिक्स खेल के सीनियर पुरुष वर्ग में आयोजित हुए मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में आरिफ अहमद, अरनव शर्मा, प्रिन्स सैनी, प्रिसं तोमर, भानू प्रताप, अवनीश कुमार, निखिल, आकाश, वसीम, कुनाल, सन्नी, गौरव, अश्वनी, देवांश, फैज खान, प्रणव दीक्षित, अर्जुन, वैभव शर्मा (सहारनपुर), मयंक, मौ हसन, हरिश, प्रत्यक्ष कुमार (मु0नगर) का चयन किया गया। जो आगामी 12 व 13 जनवरी से स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। इसके अलावा एथलेटिक्स के सीनियर महिला वर्ग में आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में दिव्यांशी, मायरा, प्रियंका पाल, आरुशी, रिया, जसनप्रीत, साक्षी, वंशिका कश्यप, रितु, निक्की, एकता, रितिका, अंजली, रिया चौधरी (सहारनपुर) शिया बालियान (मु0नगर) का चयन किया गया।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने किया,चार वांछितो को गिरफ़्तार

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को थाना बिनवार पुलिस द्वारा थाने पर दर्ज एक मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विद्याराम उर्फ बबलू पुत्र सीताराम बताया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी का माल बरामद हुआ है।वहीं थाना कुंवरगांव तथा बिल्सी पर दर्ज अलग-अलग मुकदमों में पुलिस द्वारा दो वांछितों शिवम पुत्र देवेंद्र यादव तथा साहिब पुत्र दिलशाद को गिरफ्तार करने की जानकारी दी गई है।इधर थाना कादरचौक पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे कासगंज निवासी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सिकंदर वैश्य बताया है।

## जेम पोर्टल के ज़रिए होगा औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखंडों का ई-ऑक्शन

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** रिक्त भूखण्डो व शेडों को जैम पोर्टल पर फारवर्ड ई-आक्शन प्रकिया के माध्यम से एकीकृत रूप से आवंटित्त किया जाएगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उद्योग निदेशालय के अन्तर्गत विकसित राजकीय औद्योगिक आस्थानों व मिनी औद्योगिक आस्थानों ने रिक्त भूखण्डो व शेडों को जैम पोर्टल पर फारवर्ड ई-आक्शन प्रकिया के माध्यम से एकीकृत रूप से आवंटित्त किये जाने हेतु निदेशालय के द्वारा निर्देशित किया गया है। उन्हांने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश के पश्चिमांचल के जनपद में स्थापित औद्योगिक आस्थानों/मिनी औद्योगिक आस्थानों जिसमें बदायूँ का औद्योगिक आस्थान सालारपुर, मिनी औद्योगिक आस्थान उझानी, मिनी औद्योगिक आस्थान सहसवान, मिनी औद्योगिक आस्थान बिसौली में रिक्त भूखण्डों को आवंटित किये जाने हेतु जैम बिड निर्गत की जा रही है।उन्होंने बताया कि पंजीयन समयावधि 06 से 19 जनवरी तक होगी।

## ग्राम प्रधानों व पंचायत सदस्यों को बताये डिजिटल एवं वॉलेट फ्रॉड से बचने के गुर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों व पंचायत सदस्यों को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ डीपीआरसी फैकल्टी सीमा गर्ग व मधु सैनी ने विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी एवं प्रधानों का एक कदम विषय पर ग्राम प्रधानों को जागरूक किया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कंप्यूटर के उपयोग, विभिन्न सॉफ्टवेयर, इंटरनेट और उसके फायदों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्मार्टफोन के इस्तेमाल से होने वाले लाभ, ऑनलाइन बैंकिंग करते समय ध्यान रखने योग्य बातें, खाता प्रबंधन, फंड ट्रांसफर, बिल भुगतान और ग्राहक सहायता जैसी सुरक्षा विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की। डीपीआरसी फैकल्टी मधु सैनी ने डिजिटल वॉलेट के प्रकार, सोशल मीडिया के उपयोग और पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चर्चा की। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षा, धोखाधड़ी से बचाव और महत्वपूर्ण सुरक्षा बिंदुओं पर भी प्रधानों व पंचायत सदस्यों को प्रेरित कर ग्राम पंचायत विकास योजना, पंचायत राज विभाग पोर्टल, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, सीएमएस से भुगतान, एसबीएम बैंकिंग ऐप, मेरी पंचायत ऐप, पंचायत निर्णय ऐप, पंचायत सहायक उपस्थिति ऐप और पंचायत गेटवे ऐप जैसी महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाओं और उनके फायदों के बारे में ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों, बीडीसी, रोजगार सेवकों और पंचायत सहायकों को डिजिटल तकनीक से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गयी।

# जारी है दालमंडी में ध्वस्तीकरण भारी पुलिस बल मौके में मौजूद



**एसआईआर के कारण रुकी थी कारवाई**

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** नई सड़क से सीधे श्री काशी विश्वनाथ धाम तक जाने के लिए सरकार की वृहद परियोजनाओं में एक दालमंडी प्रोजेक्ट पर एक बार फिर बुधवार दोपहर 1:00 बजे के बाद काम शुरू कर दिया गया। बता दे की दालमंडी मार्ग चौड़ीकरण परियोजना श्री काशी विश्वनाथ मंदिर तक के रास्ते को चौड़ा करने की योजना है।

इस परियोजना के तहत करीब 650 मीटर लंबे मार्ग को लगभग 221 करोड़ रुपये की लागत से 17.4 मीटर चौड़ा किया जाना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के दायरे में कुल 184 भवन आ रहे हैं, जिनमें से अब तक 19 से अधिक भवनों का अधिग्रहण (रजिस्ट्री) हो चुका है। चार से अधिक भवनों का ध्वस्तीकरण पहले ही किया जा चुका है। वही ध्वस्थिकरण की कार्रवाही गुरुवार को जारी रहा मगर बुधवार को तोड़े गए मकान के कुछ अंश को ही गुरुवार को ध्वस्त किए गए। ठंड के चलते कारवाही भी ज्यादा देर तक नहीं हुई। वही पहले दिन प्रशासन ने सुबह अधिग्रहित भवनों के स्वामियों और दुकानदारों को चेतावनी जारी कर भवन खाली करने के निर्देश दिए थे। ध्वस्तीकरण की जद में भवन संख्या सीके 39/5, सीके 43/113 और सीके 50/207 (सत्तार कटरा) शामिल हैं। हालांकि, सत्तार मार्केट (सीके 50/207) को भवन स्वामी शाहिद की ओर से स्वयं तुड़वाया जा रहा है। इस मार्केट का ऊपरी हिस्सा पिछले माह ही ध्वस्त किया जा चुका है। दोपहर में भारी पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने भवन संख्या सीके 43/113 के ऊपरी हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की।

चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के कारण दालमंडी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोक दी गई थी। अब प्रशासन ने फिर से अभियान की शुरुआत की है। कार्रवाई के दौरान एसीपी दशाश्वमेध डॉ.अतुल अंजान त्रिपाठी व पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता केके सिंह मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।

# अनुसूचित जाति जन जाति समाज के लोगों की जमीन पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा



**समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा शिकायती पत्र**

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शहर के मोहल्ला नयापुरा नैकाना में दबंगों द्वारा अनुसूचित जाति जन जाति समाज के लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया। भूमि से अवैध कब्जा हटाने की बात कहने पर दबंगों ने अनुसूचित जाति के लोगों को लाठी डंडे लेकर दौड़ा दिया जाता है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया और बाद में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है साथ ही चेतावनी दी कि दबंग अवैध कब्जा नहीं हटाते तो समाज के लोग शांत नहीं बैठेंगे।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि नयापुरा नैकाना मोहल्ले के दबंग अनुसूचित जाति वर्ग की भूमि पर दबंगई के बल पर कब्जा किए हुए हैं। कई बार कहने के बाद भी दबंग अवैध कब्जा नहीं हटा रहे हैं और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ साथ लाठी डंडे लेकर निकल आते हैं, जिससे आहत होकर समाज के लोगों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपे हैं।

# कांग्रेस ने अपने परिवार के नाम पर कई योजनाएं चलाई है : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार का वर्ष 2014से किसान आम गरीब, महिला एवं नौजवानों पर फोकस रहा है। वीबी-जी रामजी अधिनियम 2025 भ्रष्टाचार के खिलाफ सर्जीकल स्ट्राइक है। कहा कि कांग्रेस ने अपने परिवार के नाम पर कई योजनाएं चलाई है लेकिन जी-रामजी के नाम पर उन्हें आपत्ति है। उक्त बातें नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि,आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आय की सुरक्षा देना सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। आय सुरक्षा से न सिर्फ जीवन स्तर सुधरता है,बल्कि गांवों में स्थायी संपत्ति (एसेट क्रिएशन) का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों में यह दृष्टिकोण नहीं था।कहा कि मनरेगा योजना में संरचनात्मक और क्रियान्वयन से जुड़ी गंभीर कमियां थीं। गुणवत्ता खराब थी,अस्थायी सड़कें और अधूरी जल संरचनाएं बनती थीं,जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ।उन्होंने कहा कि, एनडीए सरकार ने विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 के जरिए इन खामियों को दूर करने का प्रयास किया है। इस कानून में जवाबदेही तय की गई है और मौसम व खेती के समय को ध्यान में रखते हुए 60 दिनों तक कार्य रोकने, 20-20 दिन के चरणों में काम कराने की व्यवस्था की गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने वोटर सूची पुनरीक्षण पर कहा कि यह चुनाव आयोग की प्रक्रिया है। ड्राफ्ट सूची में जिन नामों में गड़बड़ी है, उसे सुधारने के लिए भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जांच करे ताकि किसी योग्य मतदाता का नाम न छूटे। कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और जातीय राजनीति से ऊपर उठकर विकास के एजेंडे पर काम करती है। भाजपा कार्यकर्ता हर चुनाव में पूरे समर्पण के साथ मैदान में उतरता है, इसी वजह से पार्टी को जनता का भरोसा मिलता है। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, सासंद एवं काशी क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मोर्या,संजय राय, अनिल राजभर,हंसराज विश्वकर्मा, प्रदीप अग्रहरि,धर्मेद्र सिंह,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी व सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# गुरुवार को सुबह वर्ष का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया





**अवधनामा ब्यूरो**

**आज भी रहेगा गलन का दौर जारी, ट्रेन और फ्लाइट के निर्धारित समय में परिवर्तन**

**गुरुवार को सीजन और साल का सबसे ठंडा दिन, 4.8 डिग्री तक गिर गया न्यूनतम पारा**

**वाराणसी।** पूर्वांचल सहित वाराणसी में गलन का दौर जारी है। लोग आलाव के सहारे रहने को मजबूर है। गुरुवार को सुबह सीजन और वर्ष का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। वही मौसम विभाग के तीन दिनी अलर्ट के बीच गलन का व्यापक प्रकोप पछुआ हवाओं के जोर के बीच बना हुआ है। माना जा रहा है कि पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर आगे भी मैदानी क्षेत्रों में नजर आएगा। हालांकि मौसम विभाग ने पूर्व में अलर्ट जारी किया था। घना कोहरा होने की वजह से तापमान और गलन का रुख लोगों को दुश्वारी दे रहा है। मौसम विभाग ने नौ जनवरी के लिए भी मौसम का रुख तल्ख होने का अनुमान जाहिर किया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में भी पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में दुश्वारी देगा।पहाड़ों पर नए साल में काफी बर्फबारी और पश्चमी विक्षोभ का असर बना रहने की वजह से अब इसका असर मैदानी क्षेत्रों में होने लगा है। इसकी वजह से मैदानी क्षेत्रों में गलन का रुख बढ़ गया है। जिसका नतीजा था कि गुरुवार को सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। जबकिसुबह 11 बजे के बाद आसमान भी साफ होने लगा। मौसम विभाग के अनुसार सघन कोहरे का दौर शुक्रवार को भी रह सकता है। इसकी वजह से गलन भरी हवाओं के साथ कोहरे का दौर लोगों को सताएगा।

मौसम विभाग का अलर्ट हालांकि शुक्रवार तक के लिए ही है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को भीषण कोहरे की वजह से सुबह विमानों और ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित रहा।

# एक कपड़ा व्यापारी के मकान में दीवार तोड़कर घुसे अज्ञात चोर, सोने चांदी के आभूषण के अलावा लाखों रुपये का सामान लेकर हुए फरार

**चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर पर घटना की जांच शुरू की,घटना का खुलासा किए जाने का पीड़ित को दिया आश्वासन**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** तहसील चरखारी के ऐंचाना गांव में एक कपड़ा व्यापारी के मकान में अज्ञात चोर ने बुधवार की रात दीवार तोड़कर सोने चांदी के आभूषण के अलाव 70 नई साड़ियां सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर मौके से भाग गए। चोरी की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर पर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना का खुलासा किए जाने का पीड़ित को आश्वासन दिया है।

ऐंचान गांव निवासी श्यामसुंदर कपड़ा व्यापारी जो पिछले दो दिन पूर्व दुकान का माल लेने के लिए अपने भाई राजबहादुर के साथ दिल्ली गया था और अन्य परिजन अपने रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। बुधवार की रात अज्ञात चोरो ने सूना घर पाकर बाहर बनी शौचालय की छत पर चढ़े और घर की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरे में रखी अलमारी, बक्सा आदि का ताला तोड़कर कीमती सामान ढूंढने के लगे।चोरो ने चोरी की नियत से मकान के सभी कमरों का सामान बिखेर दिया और बाद में सोने चांदी के जेबर, बर्तन, साड़ी आदि सामान लेकर भाग गए।

गुरूवार की सुबह जब ग्रामीणों का वहां से गुजरना हुआ तो दीवार टूटी देख गृहस्वामी श्यामसुंदर को जानकारी दी। गृहस्वामी ने अपने परिजनों को सूचना देकर मौके पर पहुंचाया और स्वयं दिल्ली से चल दिया। परिजन जब वह घर के अंदर गए तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानवीन शुरू कर दी है। उधर गृहस्वामी के आने पर उसने संबन्धित थाने में घटना के बाबत तहरीर दे दी है। श्यामसुंदर ने बताया कि चोरो अलमारी में रखे नवविवाहिता का सोने का मंगलसूत्र, 8 जोड़ी चांदी के मीना, बिछिया, 70 नई साड़िया, स्टाल, हैमर मशीन, बाइक की बैट्री सहित तमम कीमती सामान चोरी कर चंपत हो गए।

# डीएम की अध्यक्षता में निर्वाचन के विषय पर बैठक संपन्न हुई

**जया उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में निर्वाचन विषयक एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अवगत कराया गया कि वोटर को मतदाता सूची में अपना अंकन सत्यापित करना था उसका जन्म सन 1985 या उसके बाद हुआ है उसको SIR फॉर्म में अपना एपिक नंबर लिखना वह अन्य विवरण भरकर औपचारिकता पूर्ण करना था सन 1985 से पूर्व जन्म व्यक्तियों को अपने संबंधियों का EPIC नंबर लिखना था सन 1985 के बाद जन्मे व्यक्तियों को आधार या अन्य वानछित 13 प्रपत्र में से कोई पहचान का प्रमाण पत्र या अन्य उचित प्रपत्र प्रस्तुत करना था जैसे किसान विकास पत्र या बैंक एफडी या राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रपत्र या अन्य राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एनआरसी ।आधार केवल पहचान का प्रमाण पत्र है नागरिकता का नहीं एक दिन में मात्र 150 नोटिस ही जारी हो सकेंगे इससे अधिक नहीं। किसी भी व्यक्ति को तीन बार ही बुलाया जा सकेगा नोटिस प्राप्त करता का नाम और संबंध का भी उल्लेख पोर्टल पर होगा देने वाले प्रपत्रों का रिकॉर्ड लिखा जाएगा वह प्रपत्र संरक्षित रहेंगे अभी सबके पासवर्ड डिफॉल्ट है हर विधानसभा में RO व ARO होंगे दंडाधिकारी निर्वाचन आयोग है अपील हो सकेगी कार्यक्रम समयबद्ध है BLO सत्यापन हेतु ओरिजिनल प्रपत्र मांग सकते हैं देख कर वापस कर देंगे सत्यापन हेतु आवश्यक प्रपत्रों की अपने विवेक से सत्यता जांच सकते हैं हमें यह देखना है कि भारत के नागरिक का ही EPIC बने अनमैप्ड होने का अर्थ यह नहीं कि अमुक व्यक्ति भारतीय नहीं है परंतु उसे आवश्यक प्रपत्र से यह सिद्ध करना होगा कल से नोटिस जारी हो सकेंगे।

बैठक में अपर जिला अधिकारी व उप जिलाधिकारी सदर व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में ÷मिशन शक्ति अभियान फेज-5÷ के तहत गुरुवार को जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## मेला रामनगरिया विकास प्रदर्शनी में फायर सर्विस की टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया



**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं प्रभारी फायर स्टेशन फतेहगढ़ के आदेश के क्रम में दिनांक- 07.01.2026 को मेला श्रीरामनगरिया विकास प्रदर्शनी 2026 में फायर सर्विस की टीम द्वारा मनोरंजन क्षेत्र में अग्निसुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक कर पम्पलेट्स वितरित किये गये, स्थापित झूलों पर स्टैंडर्ड क्वालिटी के इलेक्ट्रिक तारों के प्रयोग एवं कटे होने पर टेपिंग करने हेतु निर्देशित किया साथ ही अग्निशामक यंत्र के प्रयोग करने की विधि को बताया गया तथा आग लगने पर क्या करें, क्या ना करें के बारे में जानकारी दी गई।

## पूर्णमासी राय का जीवन शिक्षा के लिए समर्पित था

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** डॉ.पूर्णमासी राय की चतुर्थ पुण्यतिथि पर बीएचयू स्थित वैदिक विज्ञान केंद्र में विचार गोष्ठी हुई। डॉ. हरेन्द्र कुमार राय ने कहा कि डॉ. पूर्णमासी राय का जीवन शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाने के लिए समर्पित रहा। मुख्य अतिथि प्रो.अवधेश प्रधान थे। विशिष्ट अतिथि वैदिक विज्ञान केंद्र समन्वयक प्रो. विनय कुमार पाण्डेय और मुख्य वक्ता डॉ.उदय प्रताप सिंह थे। विशिष्ट वक्ता डॉ.रामसुधार सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.जंगबहादुर पाण्डेय ने की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों से जुड़े बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे ।

# विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जा रहा

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** शासन के निर्देशानुसार शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में जनपद फर्रुखाबाद के ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता अनुसार मंच प्रदान कर उन्हें उत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से ही संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव की शुरुआत की गई है संस्कृति उत्सव 2025- 26 मनाए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने सूचित किया है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

10 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक जनपद फर्रुखाबाद के गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता कराते हुए जनपद स्तर पर चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय पर किया जाएगा। जनपद फर्रुखाबाद के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में प्रचलित निम्नलिखित सांस्कृतिक विधाओं में दक्ष कलाकारों को खोज कर प्रस्तुतीकरण कराया जाएगा। प्रतियोगिता की विधाएं होगी गायन, वादन व नृत्य तथा काव्य पाठ व काव्य गोष्ठी।

एकल गायन हेतु समय सीमा होगी 5 से 6 मिनट तक।

समूह गान की समय सीमा होगी 5 से 8 मिनट तक।

एकल नृत्य की समय सीमा होगी 5 से 6 मिनट तक

समूह नृत्य की समय सीमा होगी 5 से 8 मिनट तक

एकल वादन हेतु समय दिया जाएगा 5 से 6 मिनट तक का।

समूह वादन 6 से 10 मिनट तक का होगा। प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग होंगे 14 से 20 वर्ष तक के किशोर तथा 21 से 25 वर्ष तक के युवा।

आवेदन का प्रारूप संस्कृति विभाग की वेबसाइट https://upculture.up.nic.in पर उपलब्ध होगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कोई भी शुल्क देय नहीं है।

# अधिशासी अधिकारी ने परखी रैन बसेरे व अलाव की हकीकत

**अलाव में गीली लकड़ी मिलने और देर से अलाव जलने की शिकायत पर ईओ ने प्रभारी सफाई नायकों का वेतन रोके जाने के अलावा लकड़ी आपूर्ति ठेकेदार के नोटिस किया जारी**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने शहर के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने के अलावा गरीब असहाय लोगों को सर्दी भरी रातों को आराम से गुजारने के लिए चार स्थानों पर रैन बसेरों का इंतजाम किया गया। जहां पर रुके हुए लोगों को चैन की नींद लिए जाने के पूरे इंतजाम किए गए। इन्हीं इंतजामों को देखने के लिए जिला के अधिकारी समय समय पर इन रैन बसेरों और अलाव स्थानों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे है। इसी क्रम में बुधवार की देर रात नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने कोहरे और बर्फीली हवाओं के बीच नगर के संचालित रैन बसेरों एवं जलवाए जा रहे अलाव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अलाव में गीली लकड़ी मिलने और देर से अलाव जलने की शिकायत पर ईओ ने प्रभारी सफाई नायकों का वेतन रोके जाने के अलावा लकड़ी आपूर्ति ठेकेदार के नोटिस जारी किया।

निरीक्षण दौरान ईओ ने बताया कि मुख्यालय में राहगीरों गरीब और असहायों को शीत लहर के प्रकोप से बचाने के लिए नगर पालिका ने अम्बेडकर पार्क, नवीन प्राइवेट बस स्टैंड, रोडवेज बस स्टैंड के अलावा रेलवे स्टेशन में रैन बसेरे संचालित किये जा रहे हैं। रैन बसेरों में यात्रियों के लिए रजाई गद्दे, तकिया, बैडशीट एवं रूम हीटर, प्रकाश एवं पेयजल जल आदि की समुचित व्यवस्था है। रैन बसेरों के रख रखाव के लिए कर्मचारी तैनात किये गये हैं। बताया कि रैन बसरों की नियमित साफसफाई करायी जाती है साथ ही प्रतिदिन भारी संख्या में राहगीरों को रैन बसेरों में आश्रय दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नगर के लगभग चार दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थलों यथा जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, रोडवेज बस स्टैंड, नवीन प्राइवेट बस स्टैंड, आल्हा चौक, तहसील चौराहा, ऊदल चौक, सुभाष चौक, खोवा मंडी, बाल्मीकि चौराहा, झलकारीबाई तिराहा, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड रेलवे स्टेशन, परमानन्द चौक, हमीरपुर चुंगी, फतेहपुर बजरिया, हवेली दरवाजा, पठा रोड आदि स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलवाये जा रहे हैं।

ईओ ने बताया कि निरीक्षण दौरान अलाव के लिए गीली लकड़ी की आपूर्ति की शिकायत मिली थी और कुछ स्थानों पर विलम्ब से अलाव जलते पाए गए, जिस पर प्रभारी सफाई नायकों के तत्काल प्रभाव से वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए साथ ही जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को नोटिस निर्गत किया गया।अधिशासी अधिकारी की इस काईवाई से कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है।

## विशेष यातायात जागरूकता अभियान

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आज दिनांक 08.01.2026 को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दर्जी कुआ तिराहा पर क्षेत्राधिकारी यातायात विनय कुमार सिंह एवं प्रभारी यातायात द्वारा विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली एवं डीसीएम ट्रकों की जांच की गई।

## आम सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि किया जाता है कि सतीश कुमार पुत्र राज सिह ग्राम पंचायत कल्याणपुर मजरा हैदलपुर ब्लाक सरसावा डा0 सरसावा जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है जो लंबे समय से लगभग पच्चीस वर्ष (20/2/ 2001) से घर से गुम है सतीश का मानसिक सन्तुलन भी सही नही था निरंतर सतीश कुमार की गुमशुदगी बाबत सूचनाएं जारी करते और सतीश कुमार को निरंतर हर जगह ही ढूंढते आ रहे हैं हमने सरसावा थाने में 18 मार्च 2010 में लिखित रिपोर्ट भी दर्ज करा रखी है यदि किसी को इस व्यक्ति के बारे में कुछ भी पता लगे बताएं। श्रीमती मुन्नी पत्नी राज सिह गांव हैदलपुर, थाना सरसावा ज़ि. सहारनपुर

कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम,
ऐशबाग लखनऊ

पत्रांक 2311/EE(HQ)2025-26
दिनांक 08.01.2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 15.01.2026 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 15.01.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय मे खोली जायेंगी।

1. Complete repairing of Impeller and Molding Costing of Gun Metal Bush And neck ring of Pump set No. 4 at Old Pump Room at H.Q. धरोहर धनराशि 7000.00 एवं निविदा मूल्य 350.00
2. Complete Fixing of 250 mm dia Cast Iron Valve for Patterson Plant No. 2 Bed No. 6, 7,8,10 at H.Q. धरोहर धनराशि 8000.00 एवं निविदा मूल्य 400.00

(प्र0) अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# रामनगरी में बिजली व्यवस्था सुधारने को नई वर्टिकल प्रणाली लागू

## शहर में बढ़ेगी अधिकारियों की संख्या, उपभोक्ताओं को मिलेगा त्वरित समाधान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी में बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व उपभोक्ता-हितैषी बनाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से नई वर्टिकल प्रणाली लागू की जा रही है। इसकी जानकारी मध्यांचल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में निदेशक वाणिज्य ई0 योगेश कुमार तथा अधीक्षण अभियंता ई0 विनय कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में अब एक अधिशासी अभियंता के स्थान पर चार अधिशासी अभियंताओं की तैनाती की जाएगी। वहीं सहायक अभियंताओं की संख्या 5 से बढ़ाकर 9 तथा जूनियर इंजीनियरों की संख्या 17 से बढ़ाकर 19 की जा रही है। अयोध्या शहर में जेई टीजी-2 स्तर पर वर्टिकल सिस्टम लागू होगा, जिससे कार्यों की



निगरानी और उपभोक्ता शिकायतों का निस्तारण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कौशलपुरी, रामपैड़ी, अमानीगंज और लालबाग में चार हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएंगे। साथ ही शिकायतों के समाधान के लिए फास्ट ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। ऑटो रैंडम सिस्टम के माध्यम से शिकायतें कर्मचारियों को आवंटित होंगी, जिससे जिम्मेदारी तय होगी और शिकायतों का त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा। निदेशक वाणिज्य ई0 योगेश कुमार ने बताया कि वर्टिकल सिस्टम लागू होने के बाद विद्युत कनेक्शन, फाल्ट, मीटर और बिलिंग जैसे कार्यों के लिए अलग-अलग टीमें निर्धारित कर दी गई हैं। एक टीम नए कनेक्शन से जुड़े कार्य देखेगी, दूसरी फाल्ट ठीक करेगी और तीसरी बिलिंग व्यवस्था संभालेगी। पहले ये सभी कार्य एक ही अधिकारी पर निर्भर रहते थे, जिससे अनावश्यक देरी और कार्यों में अक्षमता की स्थिति बनती थी।

नई व्यवस्था से अयोध्या की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार आने के साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ जनता दर्शन

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जनता दर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की।जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की साप्ताहिक समीक्षा की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया की शुरू, 64 पाठ्यक्रमों में होंगे

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सत्र जनवरी 2026 की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारम्भ कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने दाखिले की प्रक्रिया को अत्यंत सरल, सुगम और छात्र-हितैषी बनाया है, जिससे विद्यार्थियों को आवेदन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।कुलपति ने कहा कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार प्रवेश के लिए छात्रों को पहले अपनी अपार आईडी, एबीसी आईडी एवं यूजीसी डेब आईडी बनानी होगी, इसके बाद ही प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जाएगी। विश्वविद्यालय के दक्ष तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पूरी प्रक्रिया को अत्यधिक सरलीकृत किया गया है, ताकि ऑनलाइन फॉर्म भरने में छात्रों को कोई परेशानी न हो।प्रो. सत्यकाम




ने स्पष्ट किया कि जनवरी 2026 सत्र के सभी प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप किए जाएंगे। डिजिटल क्रांति के इस दौर में मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह ऑनलाइन प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित की है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा की आकांक्षा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक उच्च शिक्षा को सुलभ बनाना है।जनवरी 2026 सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा कुल 64 कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ किया गया है, जिनमें 24 परास्नातक, 6 स्नातक, 4 जागरूकता, 7 डिप्लोमा तथा 23 प्रमाण-पत्र कार्यक्रम शामिल हैं। सभी स्नातक कार्यक्रमों में द्वितीय वर्ष से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्किल कोर्स शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम वर्ष से संग्रहालय विज्ञान में डिप्लोमा, एम.ए. गृह विज्ञान तथा बी.सी.ए. कार्यक्रम भी प्रारम्भ किए जा रहे हैं।

क्षेत्रीय केन्द्र अयोध्या के समन्वयक डॉ. शशि भूषण राम त्रिपाठी ने सभी अध्ययन केन्द्रों को प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कोर्सों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा शिक्षार्थी सहायता पटल ऑनलाइन शुरू किया गया है। साथ ही क्षेत्रीय केन्द्र पर ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## रामकोट बस्ती के हिन्दू सम्मेलन में दिया गया एकजुटता का संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ के शताब्दी वर्ष पर अयोध्या महानगर के राम लला नगर में हिंदू सम्मेलन का सकल हिन्दू समाज के आयोजकत्व में आयोजन किया गया। समारोह में संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि हमें संगठित रहना होगा। कलयुग में संगठन ही शक्ति होती है। हमारा देश हजारों साल तक गुलाम रहा यदि हम संगठित होते तो पराधीन नहीं होते। कहा कि हमारा देश हिंदू राष्ट्र है, था और आगे भी रहेगा। सनातन की शक्ति को मजबूत करने के लिए हमें बटने से बचने की जरूरत है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने कहा कि हमें कटना, बटना और छटना नहीं है बल्कि एकजुट रहना है। लगातार सनातन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, हमें इस कुचक्र के विरुद्ध डटकर खड़े रहना होगा।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिध्द ज्योतिष आचार्य पंडित राकेश तिवारी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति सह-अस्तित्व और करुणा की परंपरा पर आधारित है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, परिवार और समाज के माध्यम से संस्कारों के संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही चुनौतियों का सामना कर सकता है।

## रामनगरी को दो सुलभ शौचालय महापौर ने किया समर्पित

### स्वच्छता कार्य में सहयोग के लिए नागरिक समितियों से आह्वान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने लोकार्पण के साथ रामनगरी को दो सुलभ शौचालय समर्पित किया। रामपथ पर स्थित सरदार गणपति राय सरस्वती विद्या मंदिर परिसर के भीतर और बाहर शौचायलयों का निर्माण टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से किया गया है। इसका संचालन टाइनी टाट्स ग्रुप आफ स्कूल एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण करेगा। महापौर के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि शौचालय पांच-पांच सीटर है। एक का प्रयोग विद्यालय के छात्र करेंगें, जबकि दूसरे का लाभ अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। महापौर ने फीता काटकर उद्घाटन करने के पूर्व विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में कहा कि अयोध्या अवसर की संभावना वाला महानगर बन कर उभरा है, क्योंकि यहां देश और दुनिया से प्रतिमाह लाखों श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में समाज की जिम्मेदारी है कि वह नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य की विस्तार से चर्चा की और बताया कि नागरिक समितियों के माध्यम से पांच वार्डो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। महापौर ने सरयू नदी को स्वच्छ बनाने के लिए किया जा रहे उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों से वार्डों को गोद लेकर स्वच्छता के कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। टाइनी टाट्स की निदेशक बिन्नी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने फलदार पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ पक्षियों के भोजन का भी प्रबंध होगा। उन्होंने बच्चों को सामुदायिक कार्यों से जोड़ने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी में अनुशासन बढ़ेगा और वह नशे जैसी कुप्रवृत्ति से बचेंगे।

## हिन्दू सुरक्षा सेवा के सदस्यता अभियान मे हिन्दू रक्षा की शपथ दिलाई



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के सदस्यता अभियान को लेकर गुरुवार को महादेव तालाब फतेहपुर मे बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे जिला प्रभारी छोटा योगी मोहित हिंदु ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता ग्रहण कराते हुए हिंदु रक्षा की शपथ दिलाई। बैठक को सम्बोधित करते हुए छोटा योगी मोहित हिंदु ने कहा कि हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या के महान परम पूज्य राजू दास जी महाराज जी के निर्देशानुसार जनपद बाराबंकी मे कार्यकारिणी गठन का कार्य किया जा रहा है मोहित हिंदु ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाए और गांव-गांव जाकर लोगों को संगठन में जुड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए अपील की उन्होंने कहा कि हिंदू एक है तो सेट है हिंदू बटेगा तो कटेगा जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण बांग्लादेश है जाति पात की करो विदाई हिंदू हिंदू भाई भाई है। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष शुभम कसौधन जिला उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा जिला महामंत्री करण सिंह जिला उपाध्यक्ष मनोज सैनी विधानसभा अध्यक्ष कुर्सी आशीष कुमार विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद तनुज ने रामनगर मे निर्माणधीन पुल का निरक्षण किया

**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** गुरुवार को सांसद तनुज पुनिया रामनगर फतेहपुर रोड स्थित बुढ़वल स्टेशन पर निर्माणाधीन पुल का कार्य लगभग 1 वर्ष से अधिक वंछित है, जो पुल का मध्य भाग दोनो ओर से बन चुका है लेकिन शेष कार्य अधूरा होने के कारण आम जनमानस को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक ट्रक पुल से नीचे गिर गया जिससे दो लोगों की असमय मृत्यु हो गई। श्री पुनिया ने कहा कि यह घटना अत्यन्त दुःखद वा चिन्ताजनक है। स्थानीय नागरिकों एवं किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद तनुज पुनिया आज मौके पर पहुंच कर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और दोनों ओर लगाये गये हाइट गेट से किसानों एवं राहगीरों को हो रही परेशानियों को भी गम्भीरता से संज्ञान में लिया। इस सम्बन्ध में सांसद श्री पुनिया ने रेलवे के सम्बन्धित अधिकारियों से संचार के माध्यम से वार्ता कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, और आम जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। इस मौके पर रामनगर ब्लाक अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, नेकचन्द्र त्रिपाठी, अकील इदरीसी, रामकुमार लोधी, सन्तोष रावत, धनन्जय सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, बेशकीमती चन्दन की लकड़ी बरामद



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** मोहम्मदपुरखाला पुलिस द्वारा अभियान के दौरान दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार। उनके कब्जे से दो अदद बोरी चन्दन की लकड़ी बरामद कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्र व उपनिरीक्षक अरविंद कुमार पटेल, महेन्द्र मिश्र और कांस्टेबल राजाराम प्रजापति, मो0 अरशद, अजीत यादव के साथ इलाके का भर्मण कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की दो व्यक्ति बेशकीमती चन्दन लकड़ी बेचने की फिराक मे लगे हुवे है। जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुँचकर दो शातिर चोर मोहम्मद शमी उर्फ नक्कटा पुत्र असगर अली व नकी उर्फ मो0 रसीद पुत्र असगर अली को गिरफ्तार कर लिया ये दोनों इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से दो अदद बोरी चंदन की लकड़ी बरामद किया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ गिरफ्तार अभियुक्तगण ने 08/09.10.2025 की रात्रि को वादी सचिन कुमार सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम जगतपुर थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के घर से करीब 100 मीटर दूरी पर खेत में लगे 02 चंदन के पेड़ काटकर ले गये थे। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्र ने बताया की पकडे गए दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है और इनके ऊपर चोरी के कई मुकदमा दर्ज है।

### सभी परीक्षा केंद्रों पर स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज 8 जनवरी से शुरू हो गई। आज से शुरू हुई परीक्षा को तीन पालियों में संपन्न कराया जा रहा है। प्रथम पाली सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक द्वितीय पाली 9:00 बजे से 12:00 बजे तक हम तृतीय पाली 2:00 बजे से 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश के क्रम में सभी केंद्रों को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए छात्र-छात्राओं को मिक्सड सीटिंग प्लान तैयार कर उन्हें अलग-अलग विषयों के साथ बैठने का निर्देश दिया गया है। नकलविहीन परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित सचल दलों को सक्रिय कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापक एवं प्राचार्य को निर्देशित किया गया है।

## मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को सहयोग की बनी रणनीति

### जिलाधिकारी कार्यालय में हुई अधिकारियों की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इंटर कॉलेज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षिक स्थिति को सामान्य बनाए रखने के उद्देश्य से समन्वय समिति एवं काउंसलर की नियुक्ति को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर मनोचिकित्सक, काउंसलर तथा संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत करें, ताकि मानसिक दबाव से जूझ रहे बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर सहयोग दिया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालयों एवं कोचिंग सेंटरों में बच्चों की मेधा क्षमता के आधार पर किसी प्रकार का वर्गीकरण या समूह न बनाया जाए, जिससे बच्चों पर अनावश्यक मानसिक दबाव न पड़े। प्रत्येक विद्यालय में एक प्रशिक्षित काउंसलर रखने और अभिभावकों को भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही कोचिंग सेंटरों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण के आवेदनों की जांच कर सत्यापन करने तथा वहां पर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए समिति गठित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा से पूर्व छात्रों के मानसिक संतुलन एवं तनाव प्रबंधन के लिए विशेष कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चे बिना दबाव के बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, बीएसए ऋद्धि पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार, डिप्टी सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान नेता निहाल ने गरीब मजदूर को साइकिल भेंट कर पेश की इंसानियत की मिसाल



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) निहाल अहमद सिद्दीकी ने समाजसेवा का जीवंत उदाहरण पेश करते हुए एक गरीब मजदूर की रोज़ी-रोटी बचा ली। कचहरी क्षेत्र के पास से साइकिल चोरी हो जाने के बाद परेशान चल रहे फेरी दुकानदार सुभाष कुशवाहा पुत्र शिव प्रसाद कुशवाहा को गुरुवार को नई साइकिल भेंट की गई, जिससे उसके चेहरे पर फिर से उम्मीद और राहत साफ़ नजर आई।सुभाष कुशवाहा की साइकिल ही उसकी आजीविका का एकमात्र साधन थी। चोरी के बाद वह रोज़गार को लेकर गहरी चिंता में था। मजदूर की स्थिति को देखते हुए नगर कोतवाली अंतर्गत सिविल लाइन चौकी इंचार्ज कृष्ण प्रसाद वर्मा ने पहल की और समाजसेवियों से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही भाकियू दशहरी जिलाध्यक्ष निहाल सिद्दीकी, फैयाज अंसारी, हाफिजू अंसारी, सुशील कुमार यादव व वैश ने तत्परता दिखाते हुए सुभाष को नई साइकिल उपलब्ध कराई। इस अवसर पर आरक्षी अनवर भी मौजूद रहे। नई साइकिल मिलने पर भावुक हुए सुभाष कुशवाहा ने कहा कि अब उसका रोजगार फिर से चल सकेगा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसान नेता और पुलिस की इस संयुक्त पहल की जमकर सराहना की। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी निहाल सिद्दीकी द्वारा समाजसेवा की मिसाल कायम की जा चुकी है। हाल ही में उनके सहयोग से सिविल चौकी इंचार्ज के प्रयासों पर दो गरीब छात्राओं को भी नई साइकिलें प्रदान की गई थीं, जिससे उनकी पढ़ाई जारी रह सकी।

## सिंदुरिया में मुर्गी दाना लदा ट्रेलर पलटा चालक सुरक्षित



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र में देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। सिंदुरिया थाने से मात्र 500 मीटर उत्तर निचलौल रोड के पश्चिम पर मुर्गी दाना लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया। सूत्रों और मौके पर मौजूद चालक के अनुसार, यह ट्रेलर रामकोला से आ रहा था। सिंदुरिया के रास्ते में एक अन्य ट्रेलर को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क किनारे पलट गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। चालक पूरी तरह सुरक्षित है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गए। चालक ने स्पष्ट किया कि यह हादसा वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुआ, कोई किसी प्रकार अप्रिय घटना नहीं हुई।

## श्री रामलीला धनुष यज्ञ मे फुलवारी लीला व नगर दर्शन का मंचन पेश किया

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा बड़ागांव स्तिथ रामलीला मैदान में चल रही श्री रामलीला (धनुष यज्ञ) के दूसरे दिन जय श्री राधा कृष्ण रामलीला नाट्य कला मंदिर दरभंगा बिहार (समस्तीपुर) से आए कलाकारों द्वारा फुलवारी लीला व नगर दर्शन का मंचन किया गया। लखन हृदय लालसा विशेषी जय जनकपुर आवे देखी। मंचन में लक्ष्मण जी के हृदय में लालसा होती है कि मैं जनकपुर जाकर देखो तो वह राम जी को इशारों में कहते है। तब भगवान श्री राम ग्रुप विश्वामित्र से आज्ञा लेकर राम लक्ष्मण दोनों भाई जनकपुर देखने के लिए चल देते हैं। दोनों भाई जैसे ही जनकपुर में प्रवेश करते हैं ।तो वहां के नर नारी दोनों भाइयों को देखकर खिड़कियों के झरोखे से पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हैं।



ऐसे सुंदर बालकों को देखकर जनकपुर के लोग खुशी से नहीं समा रहे हैं जब राम लक्ष्मण जनकपुर की बाजार पहुंचते हैं तो वहां के दुकान लगाए लोगों को इच्छा होती है। कि भगवान श्री राम हमारी दुकान से कुछ ना कुछ खरीद ले जिससे मैं धन्य हो जाऊं। बाजार से वापसी के दौरान भगवान श्री राम पूजा के लिए जब फुलवारी में फूल तोड़ने के लिए जाते हैं तो वहां पर जनक नंदिनी सीता गौरी पूजा के लिए फूल तोड़ रही होती है। सीता जी को देखकर मुग्ध हो जाते हैं वही सीता जो भी भगवान को देखकर मोहित हो जाती है। बात विश्वामित्र दोनों भाइयों को लेकर सीता स्वयंवर मिलने जाते हैं। इस मौके पर मास्टर सुरजन सिंह उपाध्यक्ष रामू वर्मा, राजु जयसवाल, कोषाध्यक्ष कल्लू राम यादव, सचिव विजय वर्मा, विशेष सलाहकार राम सरन जयसवाल, बब्लू वर्मा, सुरज यादव, राजेन्द्र यादव, रितेश यादव, लल्लु यादव, कमलेश यादव, मनमोहन सेनी, श्यामाचरण गुप्ता, सुबोध श्रीवास्तव, पुजारी वर्मा, अवधराम गुप्ता, शुभम वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सिंधी भाषा की परीक्षाएं 11 जनवरी को

**अयोध्या।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित सिंधी भाषा कक्षाओं की परीक्षाएं 11 जनवरी को देशभर के सभी केंद्रों पर एक साथ आयोजित की जाएंगी। परिषद के सदस्य प्रतिनिधि विश्व प्रकाश रूपन ने बताया कि परीक्षाओं को सुव्यवस्थित एवं शुचिता के साथ सम्पन्न कराने हेतु परिषद के पदाधिकारियों, बोर्ड सदस्यों, विद्वानों एवं मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न केंद्रों के औचक निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि सिंधी भाषा के प्रसार के उद्देश्य से लगभग 100 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन कक्षाओं में नियमित विद्यार्थियों के साथ-साथ हर आयु वर्ग के मातृभाषा प्रेमी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## हाईस्कूल-इंटरमीडिएट प्री-बोर्ड परीक्षा 12 से, समय-सारिणी जारी

*अवधनामा संवाददाता*

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट (प्री-बोर्ड परीक्षा-2026) की संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 12 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक जनपद के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक एकल पाली में सम्पन्न होंगी। समय-सारिणी के अनुसार 12 जनवरी को हाईस्कूल में हिंदी तथा इंटरमीडिएट में हिंदी/सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। 13 जनवरी को हाईस्कूल में विज्ञान और इंटरमीडिएट में भौतिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, लेखा शास्त्र एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा आयोजित होगी।

16 जनवरी को अंग्रेजी, 17 जनवरी को हाईस्कूल में गणित एवं गृह विज्ञान तथा इंटरमीडिएट में गणित, जीव विज्ञान, व्यवसाय अध्ययन एवं भूगोल विषय की परीक्षा होगी। 19 जनवरी को हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान तथा इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा होगी। 20 जनवरी को हाईस्कूल में वाणिज्य, कला, कम्प्यूटर, संस्कृत एवं उर्दू तथा इंटरमीडिएट में इतिहास, तर्कशास्त्र एवं व्यवसायिक/कृषि विषयों की परीक्षा कराई जाएगी। 21 जनवरी को शेष अन्य विषयों की परीक्षा होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा शासन के निर्देशों के अनुसार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराई जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय पोषण/जिला कन्वर्जेंस समिति की बैठक

- कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सुपरवाइजर/आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर होगी कार्रवाई



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय पोषण समिति/जिला कन्वर्जेंस समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो के भवन निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने डीपीओ एवं डीसी एनआरएलएम को संयुक्त रूप से टीएचआर प्लान्ट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। टीएचआर प्लांट द्वारा जो पोषाहार का उत्पादन किया गया है उसको सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर समय से उपलब्ध करायें जिससे लाभार्थियों को समय से पोषाहार का वितरण हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों का फेस वेरीफिकेशन शतप्रतिशत पूर्ण करायें तथा सभी लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण करायें। जिलाधिकारी ने टेक होम राशन वितरण में 50 प्रतिशत प्रगति वाले सीडीपीओ का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति कम हैं, उनकी मानीटरिंग करने तथा निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बच्चो का वजन कराने तथा पोषण ट्रैकर पर अपलोड कराने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओ, धात्री महिलाओं एवं बच्चों में पुष्टाहार का वितरण कराने का निर्देश दिया। इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सुपरवाइजर/आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त सी.डी.पी.ओ./सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वीएचएनडी के माध्यम से सैम मैम बच्चों, गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया। अतिकुपोषित बच्चो को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आरओ/पोषण वाटिका, विद्युत कनेक्शन, पेयजल, हैण्डवाश, बाला पेन्टिंग, रैम्प आदि कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बच्चो के खेलने की सामग्री उपलब्ध कराने निर्देश दिया। आदर्श आंगबाड़ी केन्द्रो को गोद लेकर कुपोषण मुक्त बनाने हेतु निर्देश दिया। पोषाहार वितरण का डाटा समय से पोर्टल पर फीड कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीसी एनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, समस्त सीडीपीओ, सुपरवाइजर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएसए दफ्तर में मानदेय प्रपत्र न पहुंचने पर बीआरसी पर धरने की चेतावनी

**सिद्धार्थनगर।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षा मित्रों के मानदेय संबंधी बिल समय से बीएसए दफ्तर में न पहुंचने को लेकर आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने आक्रोश जताया है। सभी बीईओ पर पूर्व बीएसए के समय से बिल प्रसतुत करने संबंधी निर्देश को भी हवा-हवाई में लेने का आरोप लगाया है। मानदेय प्रपत्र समय से न पहुंचने पर संबंधित बीआरसी पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला ने जारी बयान में बताया कि बजट की उपलब्धता के बाद भी शिक्षा मित्रों का मानदेय भुगतान समय से नहीं मिल पा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह बीआरसी स्तर से बीएसए दफ्तर को समय से बिल प्रस्तुत न करना है। बताया कि पूर्व में तत्कालीन बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय की ओर से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर प्रत्येक माह के 21 से 23 तारीख तक प्रपत्र बीएसए कार्यालय पर भेजने के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं।

# सीमा से नशे की खेप, कपिलवस्तु बना ट्रांजिट प्वाइंट

- चार तस्कर दबोचे, खांसी की दवाओं से लेकर कैप्सूल तक बरामद



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले में नशीली दवाओं का नेटवर्क बेखौफ सक्रिय है। जिला प्रहरी कार्यालय तौलिहवा की अलग-अलग कार्रवाई में चार आरोपियों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद खेप में प्रतिबंधित खांसी की दवाएं, कैप्सूल और टैबलेट शामिल हैं–जो सीमा पार तस्करी के सुनियोजित खेल की ओर इशारा करती हैं।

प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, मायादेवी ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में भारत से नेपाल आ रही मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। चालक के पास से SPM PRX+ Wockhardt के 70 कैप्सूल और ह-10 की 20 टैबलेट मिलीं। आरोपी को वाहन सहित पकड़कर अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिन की न्यायिक हिरासत मिली।

दूसरे मामले में शुद्धोधन ग्रामीण नगरपालिका (गोरुसिंगे) में संदेह के आधार पर एक युवक को दबोचा गया। तलाशी में Pro&immE Spas के 16 कैप्सूल बरामद हुए। अदालत ने आरोपी को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा।

तीसरी कार्रवाई बाणगंगा नगरपालिका में सूचना के आधार पर हुई। एक घर से तरल नशीला पदार्थ (प्लास्टिक सहित) और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों को सात दिन की न्यायिक हिरासत मिली है।

पुलिस का कहना है कि कपिलवस्तु में नशे की सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। बरामदगी से साफ है कि सीमा का इस्तेमाल ट्रांजिट रूट के तौर पर किया जा रहा है। जिला प्रहरी कार्यालय ने चेतावनी दी है कि नशे के कारोबार पर सख्त प्रहार जारी रहेगा और नेटवर्क से जुड़े हर चेहरे को बेनकाब किया जाएगा।

# डीएम ने किया बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा किया। समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि जूता मोजा ड्रेस की धनराशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया है। अभिभावकों के साथ बैठक कर ड्रेस, जूता मोजा आदि खरीदने हेतु प्रेरित करें। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति ड्रेस, जूता मोजा में सुनिश्चित करायें। निपुण लक्ष्य के लिए जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करायें। प्रथम चरण में स्वीकृत मुख्यमंत्री मॉडल एवं अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य में प्रगति लायें। 83 विद्यालयों के पुनर्निमाण के सापेक्ष 79 पूर्ण हो गये हैं कार्यदायी संस्था को शेष 4 विद्यालयों के निर्माण कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुर्ननिर्माण/दिव्यांग शौचलय के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। डीएम ने कहा कि 2025-26 में उच्चीकृत किये जाने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों अतिरिक्त डारमेट्री कक्ष, कम्प्यूटर लैब आदि का निर्माण कार्य पूर्ण करायें। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण करे। कहा कि जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करें। अपार आईडी बनाने में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्नलगंज के पहाड़ापुर में फिर दिखाई दिया विशालकाय अजगर

**गोण्डा।** कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के पहाड़ापुर और भंभुआ इलाके में सोमवार और बुधवार को सड़क किनारे और जंगल के पास विशालकाय अजगर दिखाई देने से स्थानीय लोगों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। तीन अलग-अलग जगहों पर अजगर के दिखाई देने की घटनाओं ने इलाके में उत्सुकता और डर दोनों पैदा कर दिए।जानकारी के अनुसार, बुधवार को पहाड़ापुर नहर के बगल जंगल के पास एक विशाल अजगर देखा गया, जिसकी लंबाई तकरीबन 3 मीटर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अजगर जंगल के पास रेंगते हुए दिखाई दिया। डर के मारे कई लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया, जबकि कुछ ने मोबाइल फोन से वीडियो और फोटो भी बनाए। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़कर बोरे में बंद कर लिया।

# एसआईआर कार्य में अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से करें निर्वहन : पूर्व मंत्री

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं कार्यकर्ता-केन्द्रित बनाने की दिशा में कार्यशाला स्ढ्क्र (द्वितीय चरण) का आयोजन गुरुवार को विधानसभा इटवा के भाजपा बिस्कोहर मण्डल, इटवा और खुनियांव मण्डल में किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं निवर्तमान विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी ने किया।

एसआईआर कार्यशाला के द्वितीय चरण को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने लिस्ट निकलने के बाद नाम बढ़ाने के विषय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य पूरी तरह योजनाबद्ध, पारदर्शी और संगठनात्मक मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि प्रारंभिक सूची निकलने के बाद यदि किसी योग्य, सक्रिय अथवा वास्तविक आम नागरिक का नाम किसी कारणवश छूट गया हो, तो उसे जोड़ने की प्रक्रिया स्ढ्क्रके निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जानी चाहिए। बिना सत्यापन, दबाव या अनुशंसा के आधार पर नाम जोड़ना संगठन की व्यवस्था और विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम बढ़ाने से पूर्व स्थल सत्यापन, स्थानीय पदाधिकारियों की पुष्टि और प्रामाणिक तथ्यों का होना अनिवार्य है। बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर के पदाधिकारी इस कार्य में अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें, ताकि सूची में केवल वास्तविक और सक्रिय लोगों के नाम ही सम्मिलित हों।

पूर्व मंत्री ने कहा कि लिस्ट केवल संख्या बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि संगठन की वास्तविक ताकत का दर्पण होती है। इसलिए नाम जोड़ते समय यह देखा जाना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ा है, पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित है और जनता के बीच उसकी सकारात्मक भूमिका रही है।

डॉ. द्विवेदी ने यह भी कहा कि सूची में संशोधन की प्रक्रिया समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि अंतिम सूची तैयार होने से पूर्व सभी आवश्यक सुधार किए जा सकें। अनावश्यक विलंब या मनमानी संगठनात्मक अनुशासन के विपरीत है।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लिस्ट से जुड़े प्रत्येक कार्य को जिम्मेदारी, ईमानदारी और संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए करें। इससे न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि जनता का विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा।

# बिरसा मुंडा फाउंडेशन का मानवीय प्रयास थारू बस्ती में महिलाओं को बांटे कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा,अंबेडकरनगर।** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा फाउंडेशन की ओर से ग्राम सुल्तानपुर तुलसीपुर (थारू बस्ती), बरियावन में सराहनीय सेवा कार्य किया गया। फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के बीच 351 गर्म सालों के साथ मीठे का वितरण किया गया, जिससे उन्हें ठंड से कुछ राहत मिल सकी।

कार्यक्रम फाउंडेशन के संरक्षक एवं समाजसेवी विशाल के संरक्षण में आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा ही संस्था का मूल उद्देश्य है। ठंड के इस कठिन समय में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना मानवता का सच्चा धर्म है, जिसे फाउंडेशन निरंतर निभा रहा है।

स्थानीय लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा फाउंडेशन के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# कपिलवस्तु में सामाजिक सद्भाव मजबूत करने पर सहमति, ऑल पार्टी मीटिंग में 10 अहम निर्णय

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले में सामाजिक, धार्मिक और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने को लेकर मंगलवार को प्रमुख जिलाधिकारी जनार्दन गौतम की अध्यक्षता में ऑल पार्टी कोऑर्डिनेशन एवं सद्भाव बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में हाल के दिनों में सामने आई गतिविधियों की समीक्षा करते हुए शांति, सहिष्णुता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए 10 अहम निर्णयों पर सर्वसम्मति बनी।

बैठक में सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और जिम्मेदार नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर सहमति जताई। साथ ही सभी दलों को अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधियों से दूर रखने के निर्देश देने पर सहमति बनी।

प्रशासन की ओर से कहा गया कि नेपाली समाज सदियों से आपसी भाईचारे के साथ रह रहा है, लेकिन कुछ मौकापरस्त और घुसपैठिया तत्व धार्मिक व सांप्रदायिक नफरत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे तत्वों की पहचान कर उन्हें रोकने के लिए सामूहिक सतर्कता और जागरूकता जरूरी है। बैठक में सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई गई। तय किया गया कि जातीय, धार्मिक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, अफवाह फैलाने, राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा को कमजोर करने या किसी व्यक्ति व समुदाय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ मौजूदा कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा निर्णय लिया गया कि नियमित कार्यक्रमों के अलावा किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से पहले स्थानीय प्रशासन को अनिवार्य रूप से सूचना दी जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों को संभावित संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने और शांति भंग करने वालों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों से निष्पक्ष रहते हुए शांति और मानवाधिकारों की रक्षा में सहयोग करने की अपील की गई। वहीं स्थानीय नेताओं, सामाजिक संगठनों, महिला समूहों, युवा क्लबों और अन्य संस्थाओं से आपसी संवाद बढ़ाने और विवाद रोकने में संवेदनशील भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

मीडिया से समाज में जागरूकता फैलाने, सत्य व संतुलित समाचार प्रकाशित करने और सौहार्द व सहनशीलता का सकारात्मक संदेश देने की जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया गया। अंत में सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता से जिला और नगरपालिका स्तर पर सद्भावना रैली आयोजित करने पर सहमति बनी, ताकि जिले में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश व्यापक रूप से पहुंचे।

## सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन ज़रूरी



**अवधनामा संवाददाता, हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम अम्बेडकरनगर में परिवहन विभाग,उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के लिए जागरुकता रैली निकाली गई।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.परेश कुमार पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो.पाण्डेय ने कहा कि सावधानी और सहयोग ही सड़क सुरक्षा के जरूरी उपाय हैं। यातायात नियमों का पालन करें और मानवीय संवेदना के साथ नागरिक कर्तव्य का निर्वाह करें। प्रतिभागियों को डॉ. सत्येन्द्र ने सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया। रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

## नडौरा में होगा जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**अवधनामा संवाददाता, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुचुइया के गांव नडौरा में इस बार नडौरा प्रीमियर लीग-2026 के तहत जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 जनवरी को दिन में 11 बजे किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजक विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि नडौरा गांव के पूरब बागीचे के पास स्थित मैदान में प्रतियोगिता कराई जाएगी। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय और उपाध्यक्ष गोलू उपाध्याय ने बताया कि मैदान की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है, जबकि पिच की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शेष कार्य भी जल्द पूरे कर लिए जाएंगे। आयोजकों ने जिले की सभी क्रिकेट टीमों और खिलाड़ियों से नडौरा प्रीमियर लीगङ्क2026 में भाग लेने की अपील की है। टूर्नामेंट के संचालन और व्यवस्था की जिम्मेदारी समिति के सदस्य गोलू उपाध्याय, संदीप, मोनू, अभिषेक, रोहित, निलेश, साइराज, सुंदरम, रघुनाथ, हिमांशु, स्कंद, सुभाष और निखिल संभालेंगे।

## श्रद्धांजलि सभा में पत्रकार को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन डुमरियागंज इकाई द्वारा गुरुवार को संगठन के सक्रिय सदस्य पत्रकार स्वर्गीय दिलीप श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा डुमरियागंज स्थित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कार्यालय में तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शोकसभा के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय एवं महामंत्री अफजान फारूकी ने स्व. दिलीप श्रीवास्तव के निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि स्व. दिलीप श्रीवास्तव एक कर्मठ, सक्रिय एवं प्रतिबद्ध पत्रकार थे, जो संगठन की गतिविधियों में हर स्तर पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते थे। शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने उनके साथ बिताए गए संस्मरणों को साझा करते हुए उनके योगदान को याद किया और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं परिवहन ने संयुक्त रूप से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोंडा के निर्देशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन एवं महिला संगठनों के साथ संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, महिलाओं आदि को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करना। इस संयुक्त अभियान में सीओ ट्रैफिक गोंडा, एआरटीओ प्रशासन गोंडा, एसएचओ महिला थाना गोंडा, टीआई गोंडा, महिला पुलिस कांस्टेबल, प्रवर्तन दस्ते के सिपाही तथा महिला संगठन की सक्रिय सहभागिता रही। महिला थाना गोंडा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा से संबंधित स्टीकर एवं पोस्टर लगाकर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस कांस्टेबलों द्वारा हाथों में सड़क सुरक्षा के नारे लिखी पत्रिकाएं लेकर लोगों को जागरूक किया गया। आमजन को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, गलत साइड ड्राइविंग से बचें, ओवरस्पीडिंग न करें तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें। इन नियमों के पालन से न केवल स्वयं की बल्कि अन्य राहगीरों की जान भी सुरक्षित रहती है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त रोड सेफ्टी होल्डिंग,राहवीर होल्डिंग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित होर्डिंग जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें और यातायात नियमों के प्रति सजग हों। एआरटीओ प्रशासन आर.सी. भारतीय ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## एसआईआर के तहत मतदाता सूची के सत्यापन में सामने आई बड़ी विसंगति

**सिद्धार्थनगर।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के सत्यापन में बड़ी विसंगति सामने आई है। जनपद में कुल 2.21 लाख से अधिक मतदाता ऐसे चिन्हित हुए हैं, जिनकी 2003 की आधार मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी। विधानसभा क्षेत्रवार मैपिंग से वंचित की संख्या, शोहरतगढ़-40543, कपिलवस्तु- बांसी 29705, इटवा- 47158 व डुमरियागंज-38735 हैं। अब निर्वाचन विभाग ने इन सभी मतदाताओं को नोटिस भेजकर पुनः सत्यापन और विशेष सुधार अभियान में शामिल करने का निर्णय लिया है। निर्वाचन विभाग के अनुसार एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। इसी क्रम में 2003 की मूल मतदाता सूची को आधार बनाकर वर्तमान मतदाताओं का मिलान किया गया। जांच में सामने आया कि बड़ी संख्या में नाम ऐसे हैं, जिनका रिकॉर्ड पुराने डेटा से मेल नहीं खा रहा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता का आह्वान



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जिला महामंत्री दिलीप देव पटेल ने एसआईआर कार्यालय जलालपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की।

बैठक में दिलीप देव पटेल ने मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) के द्वितीय चरण से संबंधित जानकारी साझा की। सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन में सभी वर्गो से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक सफलता बनाएं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सामाजिक एकता और सामूहिक हित के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सकल हिन्दू समाज की ओर से भी आमजन से भरपूर सहभागिता की अपील की गई है, ताकि सम्मेलन का संदेश व्यापक रूप से पहुंच सके। भाजपा मीडिया प्रभारी विकाश निषाद ने बताया कि यह विराट सम्मेलन शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से बी.एन. इंटर कॉलेज, अकबरपुर परिसर में आयोजित किया जाएगा। अनिल कुमार, क्षेत्र प्रचारक, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

आयोजकों ने जनसमूह से समय पर पहुंचकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने की अपील की है। विधानसभा संयोजक केशरी नंदन त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष , विनय सिंह, शुभम पांडे रुद्र,नृपेन्द्र कुशवाहा समेत मौजूद रहे।

## उत्कृष्टता की ओर अग्रसर स्वदेशी रक्षा प्रणाली

आधुनिक युग में विश्व के किसी भी राष्ट्र की महत्ता जिन शक्तिशाली संसाधनों के आधार पर निर्धारित होती है, उनमें युद्धक अस्त्र-शस्त्र प्रथम हैं। भारत के संदर्भ में विचार किया जाए तो गत साढ़े आठ दशकों से इस दिशा में यहां उत्तरोत्तर प्रगति होती रही। हमारे रक्षा वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं तथा अन्यान्य संबद्ध कर्मचारियों ने राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर इस संबंध में अविस्मरणीय कार्य किए हैं। विशेषकर गत चौदह-पंद्रह वर्षों में रक्षा अनुसंधान, निर्माण, उत्पादन, मित्र राष्ट्रों के साथ सहयोग पर आधारित आधुनिक रक्षण प्रणालियों की खोज व निर्माण तथा अंततः रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने के बाद निर्यात में भी अग्रिम पंक्ति के देशों में सम्मिलित होने की उपलब्धि सराहनीय है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रणाली पिछले एक दशक में 'आयात निर्भरता' से 'आत्मनिर्भरता' की ओर तीव्रतापूर्वक बढ़ी है। सन 2026 तक भारत ने रक्षा क्षेत्र में न केवल अपनी तकनीकी व प्रौद्योगिकीय क्षमता को सिद्ध किया है, बल्कि हमारा देश वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभरा है। आज यहां आधुनिक अस्त्र-शस्त्रों का बड़े पैमाने पर नवोन्नत ढंग से निर्माण हो रहा है। नित नवीन स्वदेशी रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। इस क्षेत्र में मित्र देशों के साथ खोज से लेकर उत्पादन तक उपयोगी साझेदारियां भी की जा रही हैं। वर्तमान में देश की आधुनिक प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) प्रणाली एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रक्षेपास्त्रीय तकनीक विश्व की सबसे उन्नत प्रणालियों में से एक है। इस उन्नतिकरण में 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की विशाल भूमिका रही है।

इसके अंतर्गत अग्नि-5 और अग्नि-6 अति उल्लेखनीय है। इस वर्ष तक भारत की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता अत्यधिक परिष्कृत हो चुकी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अग्नि-5 की मारक क्षमता 5000 किलोमीटर से अधिक है। इस प्रयास से प्रेरित होकर अब अग्नि-6 का निर्माण हो रहा है, जो मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल तकनीक से युक्त है। गत वर्ष मई माह में ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ हुए अल्पावधि के युद्ध में देशवासियों ने ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र का युद्धक प्रदर्शन देखा ही था, कि कैसे इस वायु अस्त्र ने शत्रु देश के चिन्हित ठिकानों को ध्वस्ताधूत किया था। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। भारत अब इसके हाइपरसोनिक संस्करण ब्रह्मोस-दो पर काम कर रहा है, जो मैक 7 से अधिक गति प्राप्त करने में सक्षम है। प्रलय मिसाइल का भी उल्लेख हो रहा है। यह एक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे विशेष रूप में पारंपरिक युद्ध के लिए डिजाइन किया गया है। यह चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारत की आक्रामक क्षमता में वृद्धि करती है। राष्ट की वायु रक्षा प्रणाली भी प्रशंसनीय है। शत्रु के वायु मार्गीय आक्रमणों को वायुक्षेत्र में ही नष्ट करने के लिए भारत ने एक बहुस्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है। इसके अंतर्गत पहले वर्णन आता है आकाश का। यह कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसके नए संस्करण 'आकाश प्राइम' में स्वदेशी एक्टिव रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर लगा है। वीशॉर्ड्स नामक एक मैनपैड मिसाइल भी भारत में बनी है। ये बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जो युद्धक प्रतिरोध के लिए विश्वसनीय होने के साथ-साथ पर्वतों में सैनिकों द्वारा सुगमता से कंधे पर लादकर उपयोग की जा सकती है। समर का उल्लेख भी आवश्यक है। ये भारतीय वायु सेना द्वारा विकसित प्रणाली है, जो पुरानी रूसी मिसाइलों को आधुनिक लॉन्चर के साथ जोड़कर बनाई गई है। इस समय स्वदेशी लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर के विनिर्माण में भी तेजी आई है। भारतीय वायु सेना मेक इन इंडिया के अंतर्गत विकसित विमानों पर अधिक भरोसा कर रही है। इस श्रृंखला का महत्त्वपूर्ण अंग है तेजस।

## अदृश्य रफ्तार : क्यों जरूरी है पृथ्वी की निरंतर धुरी पर दौड़?

पृथ्वी घूर्णन दिवस हर साल 8 जनवरी को मनाया जाता है, जो हमें हमारे ग्रह की उस निरंतर गति की याद दिलाता है जिसे हम महसूस तो नहीं कर पाते, लेकिन जिसका हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह दिन वैज्ञानिक जिज्ञासा और सत्य की खोज का प्रतीक है, जो सदियों के अंधविश्वास को तोड़कर वैज्ञानिक तथ्यों की स्थापना को समर्पित है। सदियों पहले तक मनुष्य का यह मानना था कि पृथ्वी स्थिर है और सूर्य सहित सभी खगोलीय पिंड इसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं। लेकिन विज्ञान की प्रगति के साथ यह स्पष्ट हुआ कि हमारी पृथ्वी न केवल सूर्य की परिक्रमा करती है, बल्कि अपनी धुरी पर भी निरंतर घूमती रहती है। इसी घूर्णन गति के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात का चक्र चलता है, जो जीवन की लय को निर्धारित करता है। इस वैज्ञानिक सत्य की गहराई में जाएं तो हम पाते हैं कि पृथ्वी की यह घूर्णन गति केवल समय का मापदंड नहीं है, बल्कि यह हमारे अस्तित्व का आधार भी है। आज के आधुनिक युग में जब हम 2026 में प्रवेश कर चुके हैं, विज्ञान हमें यह समझने में मदद करता है कि पृथ्वी लगभग 1670 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूम रही है।


दिलीप पाठक

इतनी तीव्र गति के बावजूद हमें झटका महसूस नहीं होता, क्योंकि हम और हमारा वायुमंडल भी इसी गति का हिस्सा हैं। यह घूर्णन ही है जो समुद्र के जल स्तर को संतुलित रखता है और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के साथ तालमेल बिठाकर हमें धरातल पर टिकाए रखता है। इसके बिना पृथ्वी का आकार भी वैसा नहीं होता जैसा आज हम देखते हैं, क्योंकि घूर्णन के कारण ही यह ध्रुवों पर थोड़ी चपटी और भूमध्य रेखा पर उभरी हुई है। इस विशेष दिवस का इतिहास फ्रांसीसी भौतिक विज्ञानी लियोन फौकॉल्ट से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने 1851 में एक ऐतिहासिक प्रयोग के माध्यम से पृथ्वी के घूमने के प्रमाण प्रस्तुत किए थे। फौकॉल्ट ने पेरिस के पेंथियन की छत से एक लंबा पेंडुलम लटकाया था और दुनिया को यह दिखाया कि समय के साथ पेंडुलम के दोलन की दिशा बदल रही है। यह बदलाव पेंडुलम के कारण नहीं, बल्कि पृथ्वी के अपनी धुरी पर घूमने के कारण हो रहा था। उनके इस सफल प्रदर्शन ने खगोल विज्ञान की दुनिया में एक नई क्रांति ला दी और आम जनमानस के लिए इस सत्य को स्वीकार करना आसान बना दिया। आज फौकॉल्ट पेंडुलम दुनिया भर के कई विज्ञान संग्रहालयों में देखा जा सकता है, जो हमें निरंतर पृथ्वी की गति का स्मरण कराता रहता है।

पृथ्वी की घूर्णन गति हमारे अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह न केवल दिन-रात का निर्माण करती है, बल्कि पृथ्वी के तापमान को भी संतुलित रखती है। यदि पृथ्वी घूमना बंद कर दे, तो इसके एक हिस्से में हमेशा चिलचिलाती गर्मी और दूसरे हिस्से में जमा देने वाली ठंड होगी, जिससे जीवन का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा। इसके अलावा, पृथ्वी के घूमने से उत्पन्न होने वाला कोरियोलिस प्रभाव समुद्र की लहरों और वायुमंडल में हवाओं की दिशा को नियंत्रित करता है। मौसम का बदलना, बादलों की गति और महासागरीय धाराओं का प्रवाह, ये सभी पृथ्वी के निरंतर घूमने का ही परिणाम हैं। यह घूर्णन ही पृथ्वी के चारों ओर उस चुंबकीय क्षेत्र का निर्माण करता है, जो हमें सूर्य की हानिकारक विकिरणों से बचाता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, यह दिवस हमें जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बदलते स्वरूप पर भी विचार करने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों का पिघलना पृथ्वी के द्रव्यमान वितरण को बदल रहा है, जिससे इसकी घूर्णन गति पर सूक्ष्म प्रभाव पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**सरकारी एजेंसियां एवं जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 प्रतिशत से ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। बिजली, पानी, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी सुविधाएं भी किसी न किसी रास्ते से मिल जाती हैं, जिससे यह अतिक्रमण धीरे-धीरे 'वैधता' का भ्रम पैदा करने लगता है।**

# अवैध कब्जे और बेघर होता भारतः एक अंतहीन राष्ट्रीय संकट

सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भारत में न तो नई है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। यह एक ऐसी जटिल और बहुआयामी चुनौती है, जो शहरीकरण, पलायन, राजनीतिक स्वार्थ, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक मजबूरियों के सम्मिलित परिणाम के रूप में सामने आती है। देश के लगभग हर राज्य, हर बड़े शहर और अनेक कस्बों में सरकारी जमीन पर मकान, दुकानें, झुग्गियां, गोदाम, यहां तक कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान खड़े मिल जाते हैं। वर्षों तक यह सब कुछ खुलेआम होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र या तो आंखें मूंदे रहता है या जानबूझकर चुप्पी साधे रहता है। जब अचानक विकास परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, रेलवे, मेट्रो, औद्योगिक गलियारों या स्मार्ट सिटी योजनाओं की जरूरत सामने आती है, तब सरकार की नींद खुलती है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होती है। इस प्रक्रिया में सबसे बड़ा संकट उन लोगों पर टूटता है, जो वर्षों से वहां रह रहे होते हैं और जिनका जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य उसी जमीन से जुड़ चुका होता है। हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क जैसे संगठनों के आंकड़े इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। वर्ष 2017 से 2023 के बीच साढ़े तीन लाख से अधिक मकानों पर बुलडोजर चलाए गए और करीब सोलह लाख लोग बेघर हुए। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आने वाले समय में लगभग 1.7 करोड़ लोग ऐसे दायरे में हैं, जिनके घर विकास परियोजनाओं या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कारण टूट सकते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी लगाकर घर बनाए, बच्चों को स्कूल में डाला, आसपास रोजगार तलाशा और एक स्थायी जीवन की कल्पना की। जब ये घर टूटते हैं तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि पूरे परिवार की सामाजिक और आर्थिक संरचना ढह जाती है।


ललित गर्ग



अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को प्रायः एक आवश्यक प्रशासनिक कदम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इसके मानवीय पक्ष को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। बेघर होना केवल सिर से छत छिनने की समस्या नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की संभावनाओं पर सीधा प्रहार है। बच्चों की पढ़ाई बीच में छूट जाती है, महिलाएं असुरक्षा और अस्थिरता के भय में जीने लगती हैं, बुजुर्ग इलाज और सहारे से वंचित हो जाते हैं और पुरुष वर्ग बेरोजगारी तथा मानसिक तनाव से जूझने लगता है। पुनर्वास योजनाएं कागजों पर तो आकर्षक लगती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में वे या तो अधूरी होती हैं या इतनी दूरस्थ जगहों पर लागू की जाती हैं कि वहां रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। इस पूरी समस्या का एक कड़वा सच यह भी है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एक दिन या एक रात में नहीं हो जाता। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, जिसमें प्रशासनिक उदासीनता, स्थानीय स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण की बड़ी भूमिका होती है। जब गांवों से पलायन कर गरीब परिवार शहरों की ओर आते हैं, तो उन्हें सबसे पहले सस्ती या खाली जमीन की तलाश होती है। सरकारी जमीन इस दृष्टि से सबसे आसान निशाना बनती है। पहले अस्थायी झोपड़ियां खड़ी होती हैं, फिर धीरे-धीरे पक्के मकान, दुकानें और अन्य निर्माण होने लगते हैं। सरकारी एजेंसियां एवं जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 प्रतिशत से ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। बिजली, पानी, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी सुविधाएं भी किसी न किसी रास्ते से मिल जाती हैं, जिससे यह अतिक्रमण धीरे-धीरे 'वैधता' का भ्रम पैदा करने लगता है।

इस पूरी प्रक्रिया में भू-माफिया की भूमिका भी बेहद खतरनाक है। वे सरकारी जमीनों की पहचान कर गरीबों को वहां बसाते हैं, उनसे पैसे वसूलते हैं और बाद में राजनीतिक संरक्षण के जरिए उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखते हैं। चुनाव आते ही ये बस्तियां वोट बैंक में बदल जाती हैं। इस राजनीतिक खेल में न तो कानून की प्रतिष्ठा बचती है और न ही आम नागरिकों का भविष्य सुरक्षित रहता है। अतिक्रमण हटाने के बाद होने वाले नुकसान को यदि समग्र रूप से देखा जाए तो यह केवल प्रभावित परिवारों का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे देश का नुकसान है। एक ओर लोग अपने सीमित संसाधनों से घर बनाते हैं, दूसरी ओर सरकार अतिक्रमण हटाने पर भारी खर्च करती है। यदि शुरुआत में ही सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, समय पर निगरानी हो और अवैध कब्जे को बढ़ने से रोका जाए, तो यह दोहरा नुकसान टाला जा सकता है। दुर्भाग्य से हमारे यहां किसी परियोजना की घोषणा और उसके क्रियान्वयन के बीच लंबा अंतराल रहता है, जिसका फायदा अतिक्रमणकारी उठाते हैं। वर्षों तक जमीन खाली पड़ी रहती है और देखते ही देखते वहां एक पूरी बस्ती खड़ी हो जाती है।

विकास के लिए कई बार राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई जरूरी हो जाती है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए केवल बुलडोजर चलाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत एक ऐसी दूरदर्शी नीति की है, जिसमें अतिक्रमण रोकने की व्यवस्था शुरुआत से ही सख्त और प्रभावी हो। सरकारी जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड, नियमित सर्वेक्षण, स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई इस दिशा में जरूरी कदम हो सकते हैं। साथ ही शहरी गरीबों के लिए सस्ती आवास योजनाओं को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप और रोजगार के करीब लागू करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे मजबूरी में अवैध कब्जे की ओर न जाएं। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर ईमानदार आत्ममंथन करना होगा। वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अतिक्रमण को संरक्षण देना अंततः समाज और शासन दोनों के लिए घातक सिद्ध होता है। यदि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से हो और अवैध कब्जे को किसी भी स्तर पर समर्थन न मिले, तो ऐसी स्थितियां स्वतः कम होंगी। सरकारी भूमि जनता की साझा संपत्ति है और इसका उपयोग योजनाबद्ध विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए होना चाहिए, न कि अव्यवस्था और अवैध कब्जों के लिए।

# आर्थिक मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ता भारत

**प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेंगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों।**

भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की राह पर आगे बढ़ती नजर आ रही है। यदि 1990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है। भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। यकीनन भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेंगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।



अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र करीब 91 फीसदी आत्मनिर्भर हो चुका है। 'मेक इन इंडिया' उत्पादों में ब्रह्मोस और पिनाका मिसाइलों की मांग बढ़ रही है। 2029 तक भारत ने 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य तय किया है। आधा तो हम हासिल कर चुके हैं।

बहरहाल संसद में बजट पेश करते हुए राजकोषीय घाटे का जो लक्ष्य तय किया गया था, वह नियंत्रण में है। मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी तक गिर गई है। चालू खाते का घाटा दोगुना हो सकता है, लेकिन यह जीडीपी के 1.2 फीसदी तक ही रहेगा, जो एक सहज स्थिति है। यह हमारी आर्थिक और बाजारी ताकत है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन जैसी विख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में 67.5 अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणाएं की हैं। इस निवेश का खास फोकस कृत्रिम बौद्धिकता (एआई), आधारभूत ढांचे पर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से बुधवार को जारी किए गए पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2024-25 के 6.5 फीसदी के अनुमान से अधिक है। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक गति बनी हुई है और आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है।

एनएसओ के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसका अनंतिम अनुमान 187.97 लाख करोड़ रुपये था। यह इशारा करता है कि अर्थव्यवस्था का आकार लगातार बढ़ रहा है। वहीं, नॉमिनल जीडीपी की बात करें, तो इसमें 8 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। चालू कीमतों पर नॉमिनलर जीडीपी के 2025-26 में बढ़कर 357.14 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जबकि 2024-25 में यह 330.68 लाख करोड़ रुपये रही थी। नॉमिनल जीडीपी में मुद्रास्फीति शामिल होती है, जबकि वास्तविक जीडीपी महंगाई के असर को हटाकर अर्थव्यवस्था की असली ग्रोथ दिखाती है। एनएसओ की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत की आर्थिक वृद्धि की सबसे बड़ी ताकत इस समय सेवा क्षेत्र बना हुआ है। वित्तीय, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज के साथ-साथ सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में स्थिर कीमतों पर 9.9 फीसदी की मजबूत वृद्धि का अनुमान है। इसके अलावा व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवाओं में भी 7.5 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। इससे साफ है कि घरेलू मांग, टूरिज्म, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल सेवाओं से जुड़े सेक्टर आगे भी विकास को सपोर्ट करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, द्वितीयक क्षेत्र यानी मैन्युफैक्चरिंग और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से भी समग्र विकास को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 में सेकेंडरी सेक्टर में 7.0 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च, निजी निवेश और रियल एस्टेट गतिविधियों में तेजी का असर कंस्ट्रक्शन सेक्टर पर दिखाई दे रहा है। वहीं, मैन्युफैक्चरिंग में भी धीरे-धीरे रिकवरी और एक्सपोर्ट सपोर्ट के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, सभी सेक्टरों में समान गति नहीं दिख रही। कृषि और संबद्ध क्षेत्र में 2025-26 के दौरान 3.1 फीसदी की अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। मौसम पर निर्भरता, लागत में बढ़ोतरी और ग्रामीण मांग की स्थिति इस सेक्टर की ग्रोथ को प्रभावित कर सकती है।

# गिग-वर्कर्स की परेशानियों को समझना होगा

**भारत की गिग इकॉनमी में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वित्त वर्ष 2024-25 तक लगभग 12 मिलियन गिग श्रमिकों का अनुमान है, जो सत्र 2020-21 में लगभग 7.7 मिलियन था। भारत की गिग इकॉनमी श्रम बाज़ार का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरी है। बीते दिनों नववर्ष की पूर्व संध्या पर ऐप-आधारित डिलीवरी और परिवहन क्षेत्र से जुड़े हज़ारों श्रमिकों द्वारा की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल ने 'सुविधा आधारित अर्थव्यवस्था' के पीछे छिपी कठोर वास्तविकताओं को स्पष्ट रूप से उजागर किया है।**

बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो,ऐसी कोई खबर नहीं मिली। गिग वर्करों की समस्या यह है कि वे जिन कंपनियों के लिए काम करते हैं, उनके वे कर्मचारी नहीं माने जाते। गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। गिग वर्कर्स यूनियनों का दावा है कि 31 दिसंबर को देश भर में 2 लाख से ज़्यादा डिलीवरी राइडर्स ने इस हड़ताल में हिस्सा लिया। गिग वर्कर्स ऐसे व्यक्ति होते हैं जो नौ पांच की पक्की नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले समय अवधि वाले या फ्रीलांसर के रूप में काम करते हैं। जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट आदि जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के डिलीवरी पार्टनर्स या ओला, उबर जैसे कैब प्लेटफॉर्म के लिए काम करने वाले लोग गिग वर्कर्स ही कहलाते हैं। इन्हें हर काम के लिए अलग-अलग पेमेंट मिलता है। ये लोग कंपनी के पक्के कर्मचारी नहीं होते। इसलिए इन्हें नियमित वेतन, भत्ते, या अन्य कर्मचारी लाभ (जैसे पेंशन, छुट्टी) नहीं देना पड़ता है। ऐसे वर्कर्स जितना काम करते हैं, उतना मेहनताना मिलता है। भारत की गिग इकॉनमी में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वित्त वर्ष 2024-25 तक लगभग 12 मिलियन गिग श्रमिकों का अनुमान है, जो सत्र 2020-21 में लगभग 7.7 मिलियन था। भारत की गिग इकॉनमी श्रम बाज़ार का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरी है। बीते दिनों नववर्ष की पूर्व संध्या पर ऐप-आधारित डिलीवरी और परिवहन क्षेत्र से जुड़े हज़ारों श्रमिकों द्वारा की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल ने 'सुविधा आधारित अर्थव्यवस्था' के पीछे छिपी कठोर वास्तविकताओं को स्पष्ट रूप से उजागर किया है। यह विरोध इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि गिग श्रमिक भारत के शहरी दैनिक सेवाओं के लिए कितने महत्त्वपूर्ण बन चुके हैं।


रोहित माहेश्वरी



इसमें कोई दो राय नहीं है कि गिग वर्कर्स कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें आय की अनिश्चितता, नौकरी की असुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा का अभाव, और एल्गोरिदम आधारित दबाव प्रमुख हैं, जिससे उन्हें कम वेतन और कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, और इन पर तत्काल सरकारी नियमन और बेहतर कार्य परिस्थितियों की ज़रूरत है, जैसा कि हालिया हड़तालों से पता चला है, ताकि उनका शोषण रुके और उन्हें न्याय मिले। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है।

गिग वर्करों की समस्याएं इसलिए और बढ़ गई हैं, क्योंकि दस मिनट में भी सामान की डिलीवरी करने का चलन जोर पकड़ गया है। इस चलन पर फिर से विचार होना चाहिए, क्योंकि इससे गिग वर्करों के साथ दुर्घटनाएं होने का जोखिम बढ़ गया है। कई बार गिग वर्कर शीघ्र सामान पहुंचाने के फेर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते दिखते हैं। निःसंदेह गिग वर्कर बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाले मेहनताने को आकर्षक नहीं कहा जा सकता। डिलिवरी समय-सीमा और सड़क सुरक्षा के बीच संबंध को साबित करने के लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन समस्या इतनी गंभीर हो गई थी कि बेंगलूरु पुलिस ने इस पर ध्यान दिया और डिलिवरी कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। वहां की पुलिस ने यह कदम तब उठाया जब उसने लापरवाह ड्राइविंग के कारण डिलिवरी पार्टनर्स के खिलाफ बुकिंग और जुर्माने में उल्लेखनीय वृद्धि देखी। इसलिए, गिग श्रमिकों की यह मांग कि इन समय-सीमाओं को समाप्त किया जाए, निराधार नहीं है।

सत्र 2020-21 में प्लेटफॉर्म आधारित कामों में 77 लाख श्रमिक लगे थे और अनुमानतः सत्र 2029-30 तक इनकी संख्या बढ़कर 2.35 करोड़ होने की उम्मीद है। ऐसे में सरकार के साथ उन कंपनियों को भी उनकी सुधि लेनी होगी, जिनके लिए वे काम करते हैं। उन्हें केवल सामाजिक सुरक्षा के ही दायरे में नहीं लाया जाना चाहिए, बल्कि ऐसे उपाय भी किए जाने चाहिए, जिससे उनका शोषण न हो सके और वे अपने भरण पोषण लायक आय अर्जित कर सकें। इस पर भी ध्यान दिया जाए कि सामान की डिलीवरी के लिए बैटरी चालित दोपहिया वाहनों का ही उपयोग हो। यह भी समय की मांग है कि गिग वर्करों के साथ असंगठित क्षेत्र के अन्य सभी कामगारों के हित की भी चिंता की जाए। यह ठीक नहीं कि लाखों अस्थायी कामगार सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गिग इकॉनमी आज तीव्र विस्तार और श्रम न्याय की तात्कालिक आवश्यकता के बीच एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है।

गिग वर्कर्स की कमाई अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर निर्भर है। ग्राहक के घर से रेस्टोरेंट की दूरी के आधार पर इनकी कमाई तय होती है। इस संबंध में पीएआईजीएएम और पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय द्वारा किए गए शोध के आंकड़ों कहते हैं, लगभग 50 फीसदी डिलीवरी कर्मचारी प्रतिदिन 201-600 रुपये कमाते हैं, जबकि लगभग 43 फीसदी कैब-आधारित गिग वर्कर रोजाना 500 रुपये से कम कमाते हैं। विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अक्सर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है।

# ठंड से मिल सकती है राहत वैज्ञानिकों ने दिए संकेत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हो रही भीषण ठंड और कोहरे के प्रकोप से फौरी तौर पर राहत मिलने के संकेत हैं। बृहस्पतिवार को प्रदेश के कई इलाकों में दोपहर में गुनगुनी धूप खिली लेकिन गलन भरी सर्द पछुआ ने लोगों को असहज किया। 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सोनभद्र प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, बरेली और गोरखपुर में घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य हो गई।

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में सक्रिय विक्षोभ के असर से 9 से 11 जनवरी के बीच दिन व रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़त की संभावना है। इस दौरान पछुआ अपेक्षाकृत कम ठंडी होगी और गलन व कड़ाके की ठंड से आंशिक राहत मिलेगी। शुक्रवार से अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश में कहीं भी अति घने कोहरे और शीत दिवस की चेतावनी नहीं है।

■ गलन से सड़क पर चलना मुश्किल

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 9 से 11 जनवरी के बीच दिन व रात के तापमान में बढ़त से प्रदेश में ठंड और कोहरे से आंशिक राहत के संकेत हैं। विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद 12 जनवरी से दोबारा पारे में गिरावट के साथ मौसम फिर से करवट लेगा।

### ओस की बूंद बारिश की तरह

कई जिलों में तो ओस की बूंदे बारिश की तरह पड़ रही हैं। 40 जिलों में भीषण कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम है। लो विजिबिलिटी के कारण फ्लाइट्स और ट्रेन काफी विलंबित है। सड़क पर भी वाहन दिन में हेडलाइट्स जलाकर काफी धीमी गति से चल रहे हैं। कोहरे के कारण उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में आने वाले 50 से ज्यादा विमान और उत्तर प्रदेश आने वाली सौ से अधिक ट्रेन लेट हैं।

# पोषण योजनाओं के अनुश्रवण में लायें तेजी, लक्ष्य पूर्ति के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक कर बाल विकास एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण लाभ सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, मिशन कर्मयोगी तथा आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई।

पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग एवं ई-केवाईसी में खराब प्रगति पाए जाने पर सीडीपीओ माधौगढ़ एवं कुठौंद को नोटिस जारी

■ योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं : डीएम

करने के निर्देश दिए गए, जबकि फेस कैप्चरिंग के माध्यम से पोषाहार वितरण में लापरवाही पर सीडीपीओ कुठौंद व कदौरा को चेतावनी दी गई।

जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि समस्त पात्र लाभार्थियों को बिना किसी अनियमितता के पोषाहार प्राप्त हो। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर प्रत्येक सप्ताह मॉनिटरिंग करने तथा 31 मार्च तक शत-प्रतिशत आवेदन कराने के निर्देश दिए गए। एनआरसी में दिसंबर 2025 में मात्र 09 बच्चों के भर्ती होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक परियोजना से कम से कम 02-02 बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए।

# जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार पर डीएम हुए सख्त, दिया अल्टीमेटम

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई थी, जिनमें से 1260 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 330 किलोमीटर सड़क निर्माण अभी अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों जीवीपीआर एवं बीजीसीसी को

■ जनवरी में हर हाल में बेहतर हो जलापूर्ति

निर्देश दिए कि 31 जनवरी तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए।

बैठक में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों के कारण कई ग्रामों में पिछले चार माह से बाधित जलापूर्ति हुई है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित निर्माण खंडों को निर्देश दिए कि ग्राम कुरकुरू, करथरा, गुढ़ा, सिमरिया, टीहर, धन्जा एवं गिरथान सहित सभी प्रभावित गांवों में क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को जनवरी माह के भीतर दुरुस्त कर जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिया एवं कल्वर्ट निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, इसलिए भविष्य में ऐसे निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में पाइपलाइन शिफ्टिंग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी खुदाई कार्य से पूर्व प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से वर्क प्लान साझा किया जाए, जिससे आपसी समन्वय स्थापित कर नुकसान से बचा जा सके। विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत इंटेकवेल एवं जल शोधन संयंत्र को स्वतंत्र फीडर से जोड़ा जाना आवश्यक है, ताकि लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो सके।

# नेत्र परीक्षण के लिए गांव-गांव लगेंगे शिविर

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के पांच ब्लाकों के गांव में के जनवरी माह भर नेत्र शिविर आयोजन किया जाएगा। गांव-गांव शिविर लगाकर बुजुर्गों, बच्चों सहित अन्य की नेत्र रोग के निदान के लिए नेत्र स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा।

सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में नेत्र परीक्षण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले के रुद्रपुर, सलेमपुर, भागलपुर, पथरदेवा और भलुअनी ब्लॉक के चयनित 36 गाँवों में नेत्र शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेत्र परीक्षण अभियान का शुभारम्भ रुद्रपुर ब्लॉक के अवस्थी गांव में 10 जनवरी को नेत्र

■ जिलाधिकारी के निर्देशन में चलाया जाएगा अभियान

शिविर लगाकर किया जाएगा। 13 जनवरी को नगवा, 17 जनवरी को पचलड़ी, 27 को नारयनपुर, 31 को मदनपुर गांव में नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ ओमप्रकाश कुमार द्वारा शिविर लगाकर किया जाएगा। सलेमपुर ब्लॉक के भरौली वार्ड नंबर एक में 11 जनवरी को, 14 जनवरी को पूर्वी इचौना, 17 जनवरी को तलहवा टोला, 20 जनवरी को परसिया मिश्र, 23 जनवरी को नदौली, 26 को वंशीपार, 28 को परानछापर, 31 को चकरा गांव में नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ दीपिका गोंड द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। भागलपुर ब्लॉक के रेवली गांव में 6 जनवरी को, 12 जनवरी को बलिया दक्षिणी में, 12 को बलिया उत्तरी में, 19 को धरमेर महलिया में, 20 को मुरासो में, 30 को जिरासो में।

# एडीएम प्रशासन ने संभाली कमान

**देवरिया।** नवागत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के रूप में प्रेम नारायण सिंह ने दिनांक 2 जनवरी को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक समय से पहुँचना और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी श्री सिंह इससे पूर्व अयोध्या तीर्थ विकास परिषद में संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात रहे हैं। अयोध्या के तीर्थ विकास अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं शासन की महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। उनके इस अनुभव का लाभ अब देवरिया जनपद को मिलने की उम्मीद है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# किन्नरों को दूसरे गुट से जान का खतरा

अवधनामा संवाददाता

**बिजनौर।** किन्नर रानी और किन्नर लता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिजनौर जिले में किन्नरों के बीच चल रहे पुराने विवाद को उजागर किया। उन्होंने बताया कि किन्नर शबनम और उसके साथी मुस्कान, सलीम और अब्बास के गुट से उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह विवाद इलाकों (हल्कों) के बंटवारे को लेकर है, जिसके चलते पहले भी हत्या का मामला हो चुका है।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किन्नर रानी ने कहा कि 2013 और 2017 में दोनों पक्षों के बीच समझौते हुए थे, लेकिन शबनम गुट ने इन्हें तोड़ा। 2018 में जहर वाली मिठाई भेजकर उनके चेले की हत्या की गई और दो उनकी भतीजियां अस्पताल में मर गई। इस मामले में शबनम को जेल भेजा गया था, लेकिन हाल ही में 13 दिसंबर 2025 को अदालत में समझौते के आधार पर फैसला

■ रानी-लता ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार



हो गया। अब शबनम गुट फिर से हमले की साजिश रच रहा है। वे कहते हैं कि फर्जी गोलीबारी का केस बनाकर या मर्दों का लिंग काटने का इल्जाम लगाकर जेल भिजवाएंगे। उनकी पहुंच नेताओं तक है और अब्बास झालू नगर पंचायत का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। किन्नर रानी ने बताया कि धमकियां फोन, व्हाट्सएप ग्रुप और वीडियो-ऑडियो के जरिए आ रही हैं। इससे उनको अपनी जान का डर है और वे घर से बाहर निकलने में डरती हैं। उन्होंने थाना प्रभारी शहर कोतवाली से सख्त कार्रवाई की मांग की है। किन्नर समाज के सदस्य भी इस गुंडागर्दी से परेशान हैं।

# 43 शोध छात्रों को शोध उपाधि प्रदान किए जाने का निर्णय

**मेरठ।** स्नातक ऑनर्स पाठ्यक्रम में कुल तीन वैक कोर्स करने होंगे जिनमें से दो कोर्स प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होंगे तथा एक कोर्स स्वयं अथवा अन्य समक्ष पोर्टल के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा स्वयं अथवा अन्य समक्ष पोर्टल से किया जाने वाला एक कोर्स वैक द्वितीय सेमेस्टर में पूर्ण किया जाना है यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में एक कोर्स पूर्ण नहीं कर पता है तो उसे विद्यार्थी को इस अथवा अन्य किसी स्वयं कोर्स को तृतीय से षष्ठम सेमेस्टर के बीच अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा। 43 शोध छात्रों को शोध उपाधि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा आचार्य राजनीति विज्ञान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को पूर्व के प्रधान की गई धारणाधिकार जो की जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली के परीक्षा नियंत्रक के पद हेतु प्रदान की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 330 जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** कड़ाके की ठंड में निर्धनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एसआरजेडी फाउंडेशन की ओर से ऐदलपुर गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के डायरेक्टर मुकेश वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस मानव सेवा कार्यक्रम में कुल 330 जरूरतमंद, असहाय व गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के तहत गांव में विशेष कैंप लगाया गया, जहां चिन्हित लाभार्थियों को कंबल दिए गए। फाउंडेशन की टीम ने ऐसे लोगों के घर भी पहुंचकर कंबल वितरित किए, जो किसी कारणवश कैंप तक नहीं आ पाए। डायरेक्टर मुकेश वर्मा ने बताया कि एसआरजेडी फाउंडेशन हर वर्ष ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करता है, ताकि कोई व्यक्ति ठिठुरन से परेशान न हो।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षाः चला जागरूकता अभियान



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत इकलासपुरा चौराहा (अटल चौक) उरई पर सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त जागरुकता कार्यक्रम में राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, बीर बहादुर सिंह-यातायात प्रभारी, अजय इटौरिया-प्रबंधक एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, डा नरेश वर्मा-अध्यक्ष रेड क्रास सोसाइटी, लक्ष्मणदास बबानी-सदभावना एकतामंच, सभासद, अब्दुल अलीम खान-गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी, हम्माद अहमद शानू-समाज सेवी आदि उपस्थित रहे। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अपील की गयी कि सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन से न केवल हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि परिवार को भी अनेक समस्याओं से बचा सकते हैं, जो सड़क दुघर्टना के कारण उत्पन्न होतीं हैं।

### सांप्रदायिकता के प्रबल विरोधी थे मधु लिमए : चंद्रभूषण



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** समाजवादी पुरोधा मधु लिमए सांप्रदायिकता के प्रबल विरोधी थे, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधु लिमए समाजवादी पुरोधा, स्वतंत्रता सेनानी,गोवा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता, लोकतंत्र रक्षक एवं लेखक व विचारक थे। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि मधुलिमये ने उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिकता विरोधी अभियान में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को सहयोग प्रदान कर भाजपा के कमंडल बाद को धराशाई किया था। समाजवादी विचारक मधु लिमए को स्मृति दिवस पर नमन है। समाजवादी पुरोधा मधु लिमए को उनके स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख सपाइयों में रामप्यारे यादव, दयानंद आदि के नाम प्रमुख हैं।

# हिंदू कालेज में छात्र को जिंदा फूंकने की कोशिश

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** हिंदू कालेज में परीक्षा देकर क्लास से निकले छात्र को जिंदा फूंकने की कोशिश किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। झुलसे छात्र को साथियों ने उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करोया है। घटना से कालेज प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया है। प्रधानाचार्य और सीओ कोतवाली ने आनन-फानन में जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज से हमलावर छात्रों की जानकारी जुटाई जा रही है।

दरअसल, हरथला में दर्जियान मुहल्ले का रहने वाले फरहाद अली पुत्र नवाब अली बीकाम के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा देने कालेज आया था। बताया जाता है कि करीब एक बजे पेपर देकर क्लास से निकलने के दौरान पीछे से आए दो छात्रों में एक ने पेट्रोल डाला और दूसरे ने लाइटर जलाकर आग लगा दी। पेट्रोल ने आग पकड़ और छात्र के कपड़े



■ सनसनीखेज वारदात से कालेज प्रशासन और पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

तेजी से जलने लगने। छात्र अचानक हमले से घबरा गए और शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई। आसपास के छात्रों ने भागकर छात्र के कपड़ों की आग बुझाई। इस दौरान फरहाद की टांगे और कमर बुरी तरह झुलस गई। फरहाद के साथी व रिशतेदार आफरीदी ने बताया कि वह आनन-फानन में फरहाद को लेकर सुपर स्पेशालिटीहास्पीटल पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद श्री साइं अस्पताल ले गए जिसके बाद को क़ासमास अस्पताल में भर्ती कराया गया



है। घटना की जानकारी देते हुए आफरीदी ने बताया कि पुलिस को सूचना देने पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया के साथ भारी पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधानाचार्य भी तत्काल मौके पर आ गए। पुलिस ने कालेज परिसर में लगे घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिए हैं। दूसरी तरफ गंभीर रूप से झुलसे छात्र फरहाद अली ने पुलिस को हमलावर छात्रों के नाम आयुष और अनुराग बताए हैं। अनुराग व आयुष बीए तृतीय वर्ष के छात्र है। आफरीदी ने बताया कि अभी पुरानी रंजिश व झगड़े की जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान हो गई है तथा उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ करे कार्य : डीएम

**मेरठ।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद मेरठ में संचालित संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र के माध्यम से एचआईवी निगेटिव लेकिन जोखिमग्रस्त व्यक्तियों को एक ही स्थान पर समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक विषय पर जनपद स्तरीय एडवोकेसी मीटिंग/संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सभागार, निकट ईवज़ चौराहा, मूलचंद शरबती हॉस्पिटल, मेरठ में डॉ विपुल कुमार- जिला क्षय रोग अधिकारी एवं डॉ रविन्द्र कुमार गोयल - एस.एस.के नोडल अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। एडवोकेसी मीटिंग में मुख्य अतिथि डॉ विजय कुमार सिंह- जिलाधिकारी, मेरठ, डॉ अशोक कटारिया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अशोक कुमार तालियान- जेडी, डॉ गजेन्द्र सिंह, एसीएमओ, डॉ विपुल कुमार- जिला क्षय रोग अधिकारी एवं डॉ रविन्द्र कुमार गोयल नोडल अधिकारी एसएसके) द्वारा दीप प्रजव्लित किया गया।

# त्याग, सेवा और धर्म का अनुपम है श्रीराम का जीवन- भवानीनंदन



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** महामंडलेश्वर व सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर स्वामी भवानीनंदन यति महाराज पारम्परिक रामहित यात्रा पर हैं। ग्राम हुरमुजपुर में आयोजित एक दिवसीय रामहित कार्यक्रम में सिद्धपीठ हथियाराम के पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति महाराज ने सेवा, सद्भाव और धर्म धारण का संदेश दिया। अपने आशीर्वचन में महामंडलेश्वर भवानीनंदन यति महाराज ने विशाल श्रद्धालु जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि रामभक्ति, सनातन संस्कृति और सामाजिक सद्भाव जीवन को सही दिशा देने वाले मूल स्तंभ हैं। श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा, सत्य और धर्म का अनुपम उदाहरण है। रामहित कार्यक्रम के उद्देश्य की चर्चा करते हुए स्वामी महाराज ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिल सके। इससे गुरु-शिष्य परंपरा और अधिक सशक्त होती है। कार्यक्रम के दौरान सत्संग, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक चर्चा के माध्यम से गांवों में आध्यात्मिक चेतना का संचार किया गया।

# गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकासखंड डकोर के ग्राम नुनसाई स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशील प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव हेतु गौवंशों को काऊ कोट पहनाए तथा स्नेहपूर्वक गुड़ खिलाकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में चारा, पेयजल, साफ-सफाई एवं ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और गौशालाओं में मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने गौशाला प्रबंधन समिति को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण कर गौवंशों के स्वास्थ्य की निगरानी की जाए तथा शीतलहर के दृष्टिगत आवश्यक सभी इंतजाम समय से पूरे किए जाएं, ताकि गौवंश सुरक्षित एवं स्वस्थ रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेड एंड ब्रेकफास्ट व होम स्टे नीति 2025 पर बैठक आयोजित

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधी सभागार में बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 के अंतर्गत बैठक/कार्यक्रम आयोजित की गई। बैठक में होटल, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से कराया जाए। साथ ही पंजीकरण संबंधी सूचना जनपद की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जो लोग अपने आवास के कुछ हिस्से पर्यटकों को किराये पर देना चाहते हैं, उनके लिए यह नीति एक बेहतर अवसर है। इससे अतिरिक्त आय के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रशिक्षण, रियायतें एवं प्रचार-प्रसार की सुविधा भी प्राप्त होगी।

# जरूरतों की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य कार्य : रीना बिंद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बीच जरूरतमंदों के लिए राहत की एक बड़ी और सराहनीय पहल सामने आई है। प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद के नेतृत्व में मझवां विधानसभा के पहाड़ी ब्लॉक अंतर्गत त्रिलोकधाम ट्रस्ट मंदिर पर चन्दौली जनपद के धानापुर ब्लॉक अंतर्गत कवई पहाड़पुर गावं की एक मात्र चुनी गई निर्विरोध ग्राम प्रधान व भदोही सांसद डॉ बिनोद बिंद के माताजी स्वर्गीय रमा देवी बिंद की दूसरी पूण्य तिथि के अवसर पर 500 गरीब, असहाय, दिव्यांग और विधवा परिवारों को कंबल व खिचड़ी के समान वितरित किए गए।

इस मानवीय अभियान ने हाड़ कंपा देने वाली ठंड में जीवन की जद्दोजहद कर रहे लोगों को सुकून और सुरक्षा का एहसास कराया। शीतलहर के लगातार बढ़ते प्रभाव को देखते हुए यह पहल जरूरतमंदों के लिए किसी संजीवनी से



■ स्व. रमादेवी की दूसरी पूण्य तिथि पर बांटे गए 500 असहायों को कम्बल

कम नहीं रही। इस दौरान प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने कहा कि गरीबो की सेवा करना ईश्वर सेवा होती है। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उनका कहना था कि उनका प्रयास यही है कि कोई भी गरीब या बेसहारा व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ठंड से सबसे अधिक प्रभावित वर्गो तक सीधे सहायता पहुंचाना रहा। कार्यक्रम पूरी तरह सुव्यवस्थित और गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ, ताकि जरूरतमंदों को सम्मान के साथ राहत मिल सके । वहां उपस्थित सभी लोगो ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। लोगों का मानना है कि ऐसे प्रयास सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हैं।

# किसानों से अधिक क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कराई जाएगी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना के तहत जनपद देवरिया के विकास खण्ड भाटपार रानी के ग्राम मिश्रौली तथा विकास खण्ड बनकटा के ग्राम पंचायत खामपार एवं बंगरा बाजार में हल्दी की खेती करने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कृषकों की मांग के दृष्टिगत जमुना सिंह फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से हल्दी की प्रोसेसिंग एवं पैकिंग कर विक्रय की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में हल्दी पैकिंग के ब्राण्ड 'देव हेल्थी हल्दी पाउडर' का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा कृषकों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने हल्दी की खेती से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ कृषकों से प्राप्त कीं तथा इसके विपणन की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। एफपीओ के सीईओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि कृषकों द्वारा उत्पादित देशी हल्दी की सुगन्ध एवं गुणवत्ता उत्कृष्ट है, जिसकी मांग बिहार की नजदीकी मंडियों सहित देवरिया के स्थानीय बाजारों में बनी हुई है।

# शिक्षकों की मांगें न्याय संगत, सरकार करे सकारात्मक निर्णय : हेमा मालिनी

■ प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का 58 वां राज्य स्तरीय सम्मेलन को सांसद ने किया संबोधित



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमन इंटर कॉलेज के मैदान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का 58 वां तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिने स्टार व सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। उनकी निष्ठा, धैर्य और समर्पण के कारण ही आगे आने वाली पीढ़ी संस्कारपूर्ण और जिम्मेदार बनती है। सांसद ने कहा कि आज शिक्षक मथुरा में किसी टकराव के लिए नहीं बल्कि एकता और आशा के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत, उचित और लंबे समय से लंबित हैं। यह मांगें किसी निजी स्वार्थ से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शिक्षकों को सम्मान, सुरक्षा और न्याय दिलाने के उद्देश्य से रखी गई हैं। उन्होंने शिक्षक समुदाय को आश्वासन दिया कि वह सरकार से निवेदन करेंगी कि उचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय भी लिया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व भगवान श्रीकृष्ण को माल्यार्पण कर किया। संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि समय-समय पर सांसद ने शिक्षा संबंधी सहायता व आशीष जनपद के अनेकों विद्यालयों को दिया है। उन्होंने शिक्षक समुदाय की ओर से सांसद का आभार प्रकट किया। शिक्षक एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी ने शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना बंद होने के कारण प्रत्येक शिक्षकों की वृद्धावस्था की चिंता व्यक्त की। केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज, चमेली देवी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजक संजय पचौरी व कॉलेज के प्रधानाचार्य मुरलीधर शर्मा, डॉ. मनवीर मधुर ने सांसद का स्वागत पुष्प व अंगवस्त्र देकर किया। सांसद ने संघ की 48 वीं राजाज्ञा वार्षिक संख्या पुस्तिका का विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि एवं मंगलतनय विश्व विद्यालय के कुलपति पीके दशोरा ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुंवर नरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, प्रमोद मिश्रा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र उपाध्याय, जिला मंत्री अनिल सिंह छौंकर, उमेश सारस्वत, डॉ. मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, बालकिशन चतुर्वेदी, वृषभान गोस्वामी व पंकज पचौरी आदि उपस्थित थे।

# जयपुर से 29 लाख में खरीदी इनोवा

■ आठ माह बाद आरोपी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस
■ चोरी की कार को मथुरा से किया बरामद, युवक को पकड़कर ले गई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के हाईवे थाना क्षेत्र के रहने वाला व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार हो गया। मेरठ के विक्रेता ने भरोसा जुटाकर उन्हें 29 लाख रुपये में इनोवा कार दिलवा दी, लेकिन आठ माह बाद घर पर दिल्ली पुलिस पहुंची तो पता लगा कि कार चोरी की है। फिलहाल दिल्ली पुलिस कार को अपने साथ ले गई, लेकिन पीड़ित ने धोखाधड़ी में मेरठ के विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महानगर के गोवर्धन चौराहे के पास जमुनाधाम निवासी अमित सिंह ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया है कि अक्तूबर 2024 में गाजियाबाद के एक शोरूम से नई इनोवा कार की बुकिंग कराई थी, लेकिन वेटिंग होने के कारण कार नहीं मिली। इसके बाद फरवरी 2025 में मेरठ के गढ़ रोड स्थित कीर्ति पैलेस निवासी कनिका स्वामी का फोन आया। कहा कि वह 45 दिन में इनोवा कार दिलवा देगा। कीर्ति ने गाजियाबाद में एक शोरूम से बुकिंग रद्द करा दी और एडवांस दिए 7.50 लाख रुपये वापस करा दिए। इससे अमित को भरोसा हो गया और 30 अप्रैल 2025 को जयपुर से अच्छी हालत में पुरानी कार दिलवा दी। इसके एवज में उन्होंने अलग-अलग समय में करीब 29 लाख रुपये दे दिए। कार के दस्तावेज भी दिलवा दिए। इसी बीच दिसंबर 2025 को दिल्ली की मॉडल टाउन पुलिस उनके घर आ धमकी। करीब 20 मिनट तक पूछताछ करती रही। फिर बताया कि यह चोरी की कार है। कीर्ति भी ठगी के मामले में जेल में है। यह सुनने के बाद अमित सिंह के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने हाईवे थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। सीओ अनिल कपरवान ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## संचालित उपयोजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाय

**आजमगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक में जिला मत्स्य अधिकारी आजमगढ़ को निर्देश दिया गया कि मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत संचालित उपयोजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाय। उपर्युक्त निर्देश के अनुपालन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम नारायण तिवारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत संचालित उपयोजनाएं जैसे- शिक्षा हेतु सहायता, चिकित्सा सहायता (अधिकतम 05 लाख तक अनुदान), दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालक/मछुआरा समुदाय को वित्तीय सहायता, वैवाहिक सहायता में मछुआ समुदाय/अन्य मत्स्य पालक जो न्यूनतम 01 वर्ष से मत्स्य पालन में सक्रिय रूप जुड़ा हो उनके उन्नयन एवं उत्थान हेतु तथा आर्थिक भार को कम करने के उद्देश्य से उपर्युक्त योजनाएं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत योग्य मत्स्य पालक/मछुआरा समुदाय विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in पर आवेदन कर सकता है एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में विभागीय कार्यालय मड़या, रैदोपुर में प्राप्त कर सकते हैं।

# सैदपुर में बीएलओ पर फर्जी वोट बढ़ाने को लेकर अभद्रता

■ जान से मारने की धमकी आज गाँव में होगी खुली बैठक झगड़े की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**चौमुंहा (मथुरा)।** विकासखंड चौमुंहा के गांव सैदपुर में बीएलओ पर फर्जी वोट बढ़ाने को लेकर परेशान किए जाने का आरोप है। उन्होंने अभद्रता और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए छाता थाने में तहरीर दी हैं। बीएलओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोग फर्जी वोट बढ़ाने को लेकर दबाव बना रहे हैं। उनके मनमर्जी वोट न बढ़ाने पर अभद्रता और उन्हें मारने पीटने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रधानाध्यापक गजेंद्र सिंह ने थाना छाता में दी तहरीर में कहा कि गांव सैदपुर के बलवीर, महावीर, धर्मेंद्र आदि लोग उनसे फर्जी वोट बढ़ाने के लिए नाजायज दवाब बना रहे हैं। उनसे अभद्रता कर रहे हैं। तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जबकि उन्होंने निर्वाचन आयोग एवं स्थानीय अधिकारियों के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप सभी कार्य ईमानदारी से किया है। सभी प्रपत्र निर्धारित समय के अंतर्गत जमा कर दिए हैं। गांव के लोग उल्टा आरोप लगा रहे हैं कि 30 दिसंबर को उन्होंने पत्र लेने से मना किया है। जबकि उनके पास में जो भी लोग आए थे उनके प्रपत्र जमा कर दिए गए हैं। उनका कहना कि गांव में करीब 60 लोग ऐसे हैं जो 15 -20 साल से गांव में नहीं रह रहे हैं। बाहर रह रहे हैं। उनके वोट बाहर बने हुए हैं। वह गांव में भी वोटो को जुड़वा रखना चाहते हैं। आगामी चुनाव को देखते हुए कुछ लोग उन पर नाजायज दबाब दवा बना रहे हैं। इसको लेकर गांव में आज शुक्रवार को खुली बैठक का आयोजन होना है। उप जिलाधिकारी छाता के दिशा निर्देश अनुसार गांव में खुली बैठक के द्वारा ऐसे लोगों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा। वहीं आशंका है कि गांव में दो पक्षों में चुनाव को लेकर तनातनी चल रही है। इसको देखते हुए गांव में बड़े झगड़े की संभावना है।

## दिव्यांशु पर भारी पड़ी लक्ष्य व सूरज की नाबाद पारी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित कुलभास्कर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब ने सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब को दस विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में लक्ष्य थेरजा के शानदार ( 127 नाबाद, 89 गेंद, 20 चौके ) व सूरज चौहान के ( 92 नाबाद, 83 गेंद, 11 चौके ) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं, सेंट पीटर्स क्लब के दिव्यांशु यादव के अतिशी ( 128 रन, 88 गेंद, 15 चौके व छह छक्के ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में असमर्थ रहे। गुरुवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस ओवर में आठ विकेट पर 223 रन ( दिव्यांशु यादव 128, सिद्धार्थ 28, बादल कुमार 18 रन, अशर 3/16, लक्ष्य थारेज 2/47, विद्यान सिंह 2/68, अवनीश कुमार 1/46 ) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की टीम ने 28.3 में बिना किसी नुकसान के 227 रन ( लक्ष्य थारेज 127 नाबाद, सूरज चौहान 92 अविजित रन ) बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिए। मैच में अजय कुमार व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अंकित पांडेय ने स्कोरिंग की।

# हमारा प्रयास गरीब और जरूरतमन्द तक मदद पहुंचे



■ समाजवादी पीडीए कंबल वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक व चेयरमैन ने बांटे एक हजार कंबल

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांशीराम शहरी गरीब आवास में रह रहे गरीब एवं असहाय व जरूरतमंद लोगों को छिबरामऊ के पूर्व सपा विधायक अरविन्द सिंह यादव एवं नगर पंचायत तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान जानू द्वारा करीब एक हजार लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि हमारा हर प्रयास गरीब और जरूरत मन्द तक मदद जरूर पहुंच सके।

गुरूवार को तालग्राम नगर पंचायत में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान कंबल पाकर गरीब, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस दौरान पूर्व विधायक अरबिन्द सिंह व चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्ग के साथ खड़ी रही है। पीडीए समाज की मजबूती ही पार्टी की प्राथमिकता है और ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना मानवता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जनसेवा के कार्य जारी रहेंगे और किसी भी जरूरतमंद को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नफीस अहमद सागर, शिवनाथ सिंह यादव, सपा नगर अध्यक्ष तहसीम खान, निजाम नेता, शाहरुख मंसूरी, अमन खान, राजू खान, हाजी शीश अंसारी, चुनमुन अंसारी, मोनू इदरीसी, सभासद बहार अंसारी सहित कडी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## क्षेत्रीय मंत्री के सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया

**आजमगढ़।** क्षेत्रीय सम्मेलन में सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री पीएन सिंह को फूलमालाओं से लादकर दी गई विदाई। बतादे की गुरुवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वधान में क्षेत्रीय संरक्षक जशवंत सिंह की अध्यक्षता में आजमगढ़ क्षेत्र का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन के विचारणीय बिन्दुओ निगम प्रतिफलो में वृद्धि, लोड फैक्टर एवं डीजल औसत में सुधार, जनता को अच्छी सुविधा प्रदान करने हेतु प्रदेश में क्षेत्र को सर्वोच्च स्थान पर लाने एवं कर्मचारी समस्याओं पर विशेष चर्चा की गयी। सम्मेलन में प्रान्तीय महामंत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निगम के प्रतिफलो में वृद्धि एक-एक सवारी उठाकर की जा सकती है, डीजल औसत में सुधार एक-एक लीटर बचत कर किया जा सकता है। जनता को अच्छी सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जनता का शत-प्रतिशत विश्वास निगम की सेवा पर है। निगम द्वारा जब-जब भी जरूरत हुई निगम के कर्मचारी द्वारा जनता की सेवा की गयी। कोविड काल में सरकार की मंशा के अनुरूप परिवहन निगम कर्मचारी द्वारा कार्य किया गया। जिसकी सराहना प्रदेश की जनता एवं मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। सम्मेलन में प्रान्तीय उपमंत्री सतीश कुमार, प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुरेशचन्द्र पाण्डेय, बीके शुक्ला संगठन मंत्री, धर्मेन्द्र सिंह मिडिया प्रभारी एवं वेद वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये।

# लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित दामों पर उपलब्ध करायें : हासिम



फार्मेसी का उद्घाटन करते भाकियू लोक शक्ति जिलाध्यक्ष

■ भाकियू लोक शक्ति जिलाध्यक्ष ने किया फौजी फार्मेसी का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष हासम अली द्वारा फौजी फार्मेसी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि फौजी फार्मेसी के खुलने से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित दरों पर उपलब्ध होंगी। गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम गदनापुर रायल गेस्ट हाउस के निकट स्थित फौजी फार्मेसी का उदघाटन करनें के उपरान्त भाकियू लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष हासिम अली ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसानों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के हित में कार्य करना है और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फार्मेसी संचालक डीआरएक्स शोयेब खॉन ने बताया कि यहां सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा जरूरतमंद लोगों को यथासंभव सहयोग भी किया जाएगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों प्रोप्राइटर मो. इमरान खॉन, मो. अनीश खॉन, मो. आमिर खॉन ने जिलाध्यक्ष को फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान डा. जयनेन्द्र सिंह यादव, डा. धर्मेन्द्र सिंह यादव, पूर्व प्रधान राजेश कुमार, मौजम खॉन, बदरूल खॉन, नसरत खॉन, नासिर हुसैन, अब्दुल समद सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन ने उपमन्यु, अलका एवं अन्य विशिष्ट को किया सम्मानित



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)** मथुरा बार एसोसिएशन द्वारा एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट, स्पेशल डीसीसी पॉक्सो श्रीमती अलका उपमन्यु, पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स एवं अधिवक्ता पोनिया अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सचिव श्री शिव कुमार शर्मा ने बार कार्यालय में श्री उपमन्यु एवं श्रीमती अलका एवं अन्य विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं प्रशंसा पत्र देकर के सम्मानित किया है। बार एसोसिएशन द्वारा श्री उपमन्यु को दिए गए प्रशंसा पत्र में उनके द्वारा मथुरा न्यायालय प्रांगण में बड़े वाटर कूलर लगवाने एवं वादकारियो को बैठने के लिए सीमेंट की बेंच एवं मथुरा बार एसोसिएशन की प्रकाशित होने वाली डायरेक्टरी के लिए विशेष सहयोग प्रदान कराया है इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनकी प्रशंसा की गई तथा सम्मानित किया गया।

## पुलिस ने दो पर की शांति भंग की कार्रवाई



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मझपुर्वा चौकी पुलिस ने दो लोगों पर शांति भंग की आशंका के चलते कार्रवाई की है। गुरूवार को मझपुर्वा चौकी पुलिस पीडितों की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर ग्राम मझपुर्वा निवासी नईम पुत्र स्व. यासीन एवं मुरादगंज निवासी जीशान पुत्र मो. हसन को एहतियातन हिरासत में लेकर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई। मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनोद कष्यप का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के विवाद या झगड़े की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते शांति व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## किशोरी लाल की जीत में रूद्र राज चमके

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** किशोरी लाल क्रिकेट क्लब ने गंगा जमुना तहजीब अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में यश हॉस्पिटल क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में रूद्र राज सिंह के बहुमुखी प्रदर्शन ( 37 नाबाद, 62 गेंद, तीन चौके व 2.5 - 0 - 26 - 2 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

गुरुवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यश हॉस्पिटल क्रिकेट क्लब ने 26.5 ओवर में 145 रन ( नरहरी दीक्षित 35, ईशान यादव 33, हम्माद 15 अविजित रन, अंश यादव 4/24, युवराज सिंह 2/18, रूद्र राज सिंह 2/26, शिवराज 1/08 ) पर बनाए। जवाब में किशोरी लाल क्रिकेट क्लब की टीम ने 29.2 ओवर में 146 रन ( रूद्र राज सिंह 37, शिवराज 25, सर्वेश सोनकर 19 रन, ईशान यादव 2/07, रेहान वजहत 1/10, तल्हा 1/16, अली बशर अली 1/18 ) पर बना लिए।

# ठिठुरन भरी सर्दी में पालिका के अलावों से लोगों को मिली राहत

■ पालिकाध्यक्षा व ईओ के निर्देश पर ठिठुरन भरी सर्दी में धधक रहे पालिका के अलाव



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर पालिका द्वारा जलवाए जा रहे अलाव आमजन के लिए सहारा बने हुए हैं। गुरूवार की सुवह से ही पड रही ठिठुरन भरी सर्दी में सड़कों, चौराहों, बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, कोतवाली परिसर एवं प्रमुख मार्गो में धधकते अलावों से राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों को बड़ी राहत मिल रही है। नगर पालिका द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर के 32 स्थानों पर लगातार अलाव जलवाए जा रहे हैं। सुबह-शाम अलाव जलने से ठंड से बचाव हो रहा है और लोग कुछ देर रुककर अपने हाथ सेंकते नजर आ रहे हैं। खासकर सुबह जल्दी काम पर निकलने वाले मजदूरों और देर रात तक ड्यूटी करने वालों के लिए ये अलाव किसी राहत से कम नहीं हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण सर्दी में अलाव जलवाना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी मदद है। वहीं अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार का कहना है कि ठंड का प्रकोप कम होने तक अलाव जलाने का अभियान जारी रहेगा। नगर में अलावों की व्यवस्था से ठिठुरन भरी सर्दी में लोगों को राहत मिली है।

## मां बेटे से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम परीक्षितपुर निवासी मीना देवी पत्नी रामदीन जाटव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 जनवरी को शाम 6:30 बजे गांव के ही राज बहादुर पुत्र उधन लाल सक्सेना, विजय बहादुर एवं राम नारायण पुत्रगण उधन लाल उसके दरवाजे पर आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी बचाव में आए पुत्र संदीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# बेटियाँ समाज की धरोहर हैं

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** कन्या जन्मोत्सव÷ के शुभ अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका मौर्या, माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या शिशुओं के संरक्षण, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा।

डॉ. प्रियंका मौर्या ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियाँ समाज की धरोहर हैं और उनके जन्म पर उत्सव मनाना एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं महिला आयोग बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय परिवार द्वारा संचालित न्यूनेटल ट्रांसपोर्ट इन्क्यूबेटर सेवा की भी जानकारी दी गई, जो नवजात शिशुओं के सुरक्षित उपचार एवं परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का समापन कन्या सशक्तिकरण के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. शैलेश सुमन, डॉ. श्वेता राय, डॉ. आर. डी. यादव, डॉ. ज्योत्सना द्विवेदी, स्टाफ अनूप जायसवाल, दुर्गा देवी (मेडरॉन), स्टाफ नर्स छाया राय, आशा भारती, सत्यभामा, अनीता मौर्या, स्मिता राय सहित चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना रानी की सराय घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 07.01.2026 को वादी श्री राममिलन यादव पुत्र स्व0 भानराम यादव, निवासी ग्राम खलिलाबाद, थाना रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 06/07.01.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ली गई है। उक्त सूचना के आधार पर थाना रानी की सराय पर मु0अ0सं0 04/2026, धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त 1.सुजीत कुमार पुत्र भूलन राम, निवासी मोलनापुर माफी, थाना रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ 2.जितेन्द्र मौर्या पुत्र बसावन मौर्या, निवासी मोलनापुर माफी, थाना रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ 3.राहुल पुत्र सूर्यनाथ, निवासी मोलनापुर माफी, थाना रानी की सराय, जनपद आजमगढ़ का नाम प्रकाश में आया। थानाध्यक्ष रानी की सराय के नेतृत्व में दिनांक 08.01.2026 को उपनिरीक्षक हैदर अली मंसूरी एवं उपनिरीक्षक सूरज तिवारी मय हमराही कर्मचारीगण क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र सूर्यनाथ, निवासी मोलनापुर माफी, थाना रानी की सराय को अम्बेडकर पार्क ऊँचीगोदाम तिराहा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त राहुल उपरोक्त ने बताया कि उसने अपने साथी अभियुक्त सुजीत कुमार व जितेन्द्र मौर्या के साथ मिलकर पहले निजामाबाद नगर पालिका के पास खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने का प्रयास किया था, किन्तु अधिक प्रकाश व लोगों की आवाजाही के कारण इरादा छोड़ दिया। इसके पश्चात कस्बा रानी की सराय की ओर लौटते समय थाना रानी की सराय से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने ट्रैक्टर में टोचन कर चोरी कर लिया। पुलिस चेकिंग के भय से चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को बाबा बड़ैला ताल के पास सुनसान स्थान पर छिपा दिया गया था।

# सीएम युवा उद्यमी के लाभार्थियों को डीएम ने ऋण स्वीकृति पत्र दिया

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत आयोजित मेगा क्रेडिट कैम्प का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र युवाओं/नागरिकों को रू. 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करना है, ताकि वे अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें, अपनी आय बढ़ा सकें और अपने परिवार के साथ-साथ प्रदेश एवं देश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ऋण आवेदन की प्रक्रिया में होने वाली देरी और कठिनाइयों को कम करना है, ताकि न्यूनतम समय में ऋण वितरण (डिस्बर्समेंट) हो सके। उन्होने कहा कि आजमगढ़ के तीन सबसे बड़े बैंक -यूनियन बैंक (101 शाखाएं), उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (74 शाखाएं) एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (35 शाखाएं) इस प्रक्रिया में शामिल हैं। उन्होने कहा कि योजनान्तर्गत लाभार्थियों को जिस कार्य के लिए ऋण दिया जा रहा है, वे उसी कार्य मे इस्तेमाल करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत अब तक लगभग 6,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 2,800 आवेदकों का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। उन्होने कहा कि पिछले 2-3 दिनों में ही 300 लाभार्थियों का लोन स्वीकृत हुआ है। उन्होने समस्त आवेदकों से कहा कि स्वीकृत ऋण राशि का 10 प्रतिशत (मार्जिन मनी) आवेदक के खाते में होना अनिवार्य है, यदि रू. 05 लाख के ऋण लेना है तो उसके लिए रू0 50,000 खाते में होने चाहिए, जिसके बाद ही ऋण की राशि वितरित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन आवेदनकर्ताओं का अभी तक ऋण आवेदन स्वीकृत नही हुआ है, वे आज इस कार्यशाला में संबंधित बैंकों से मिलकर आवश्यक दस्तावेजों को जमा करें, जिससे आपके आवेदनों पर जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए ऋण उपलब्ध कराया जा सके, जिससे आप अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त युवाओं से अपील किया कि वे सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन करें एवं ऋण प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित करें, जिससे आपकी एवं आपके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपद के ज्यादा से ज्यादा लोगों को ऋण मिले और उससे रोजगार चलायें तथा अपने परिवार की आय बढ़ायें एवं देश/प्रदेश के विकास में सहभागी बनें। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों के शाखा प्रबन्धकों को निर्देश दिया कि यहां आये हुए सभी पात्र आवेदनकर्ताओं से आवश्यक अभिलेखों को लेकर कमियों को दूर करें एवं अधिक से अधिक ऋण आवेदन स्वीकृत करते हुए मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सीएम उद्यमी विकास अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सीएम युवा उद्यमी के लाभार्थी- मनीष कुमार को रू. 4.5 लाख, आद्या शंकर सिंह को रू. 4.5 लाख, संगीता को रू. 4.5 लाख, अभिषेक यादव को रू. 4.5 लाख, ज्योति मौर्या को रू. 03 लाख, गोविन्द को रू. 4.5 लाख, तनु को रू. 02 लाख, ब्रजभूषण को रू. 4.5 लाख, इम्तियाज अहमद को रू. 4.5 लाख, विनीता को रू. 03 लाख, मो. राशिद को रू. 4.5 लाख, मो. हासिम को रू. 4.5 लाख, सुशील कुमार को रू. 4.5 लाख, मिन्टू यादव को रू. 4.5 लाख, संदीप कुमार को रू. 4.रू. 05 लाख, मुकेश यादव को रू. 4.5 लाख, विकास सिंह को रू. 03 लाख, प्रदीप को रू. 05 लाख, राजन भारती को रू. 4.5 लाख, मो. शादाब को रू. 4.5 लाख एवं हरेन्द्र यादव को रू. 4.5 लाख को प्रतिकात्मक रूप से चेक/ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख यूबीआई, क्षेत्र प्रमुख यूपी ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय प्रबन्धक एसबीआई, उपायुक्त उद्योग एसएस रावत, एलडीएम सहित संबंधित बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोजाना एक्सरसाइज करना हुआ आसान



हम सभी लोगों को पता है कि एक्सरसाइज करना हमारे शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ रखने के लिए जरूरी होता है। इसके बाद भी लोग एक्सरसाइज को बोरिंग समझकर नहीं करते हैं। लेकिन हम आपको ऐसा तरीका बताएंगे, जिससे एक्सरसाइज करना मजेदार अनुभव बन सकता है।

अधिकतर लोगों के साथ ऐसा होता है कि वह जोश-जोश में एक्सरसाइज शुरू तो कर देते हैं, लेकिन रोज नहीं कर पाते हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि एक्सरसाइज करना बोरिंग लगता है। हम सभी लोगों को पता है कि एक्सरसाइज करना हमारे शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ रखने के लिए जरूरी होता है। इसके बाद भी लोग एक्सरसाइज को बोरिंग समझकर नहीं करते हैं। लेकिन हम आपको ऐसा तरीका बताएंगे, जिससे एक्सरसाइज करना आपके लिए एक मजेदार अनुभव बन सकता है।

अगर आप टीवी या अपनी फेवरेट मूवी देखते हुए एक्सरसाइज करेंगे, तो आपको आनंद भी आएगा

## फेवरेट शो देखते हुए भी आप कर सकेंगे वेट लॉस

और एक्सरसाइज भी हो जाएगा। एक स्टडी के अनुसार, जब लोगों ने एंटरटेनमेंट के साथ एक्सरसाइज की है, तो उनके वर्कआउट का टाइम 40 फीसदी बढ़ गया। ऐसे में अगर आप भी बोरिंग एक्सरसाइज करते-करते थक गए हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टीवी या मूवी देखते-देखते आप कैसे एक?सरसाइज कर सकते हैं।

**टीवी देखते हुए एक्सरसाइज करने के फायदे**

अगर आप भी टीवी या मूवी देखते हुए एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे कंसिस्टेंसी बनी रहती है और आप लंबे समय तक एक्सरसाइज रूटीन फॉलो कर पाते हैं।

टीवी और मूवी देखते हुए एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे आपका ध्यान बंटा रहेगा और शरीर ज्यादा थका हुआ महसूस नहीं होगा। इससे आपकी फिटनेस जर्नी आसान बनेगी।

टीवी या मूवी देखते हुए अगर आप एक्सरसाइज करते हैं, तो आपको बोरियत महसूस नहीं होगी। इस तरह से आप लंबे समय तक मजे से एक्सरसाइज कर सकते हैं।

अगर आप टीवी या मूवी देखते हुए एक्सरसाइज करते हैं, तो ज्यादा कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है। क्योंकि ऐसे में आप लंबे समय तक एक्सरसाइज कर पाते हैं और वेट लॉस के गोल को आसानी से पूरा करने में भी सहायता मिलती है।

**टीवी देखते हुए कैसे करें एक्सरसाइज**

टीवी या मूवी देखते हुए आप रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट करें, इससे आपको हाथ-पैर की स्ट्रेंथ को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आप अपनी एक्सरसाइज रूटीन में लो-इंपैक्ट कार्डियो को शामिल करें। आपको जंपिंग जैक या हाई नी एक्सरसाइज भी करना चाहिए।

हमेशा टाइम सेट करके एक्सरसाइज करना चाहिए। ऐसा इसलिए जिससे कि आप ओवरट्रेनिंग न कर लें। क्योंकि जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करना भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

अगर आप मूवी टाइम में एक्सरसाइज कर रहे हैं, तो फिटनेस जर्नी को पीछे न छोड़ें। मूवी में जंक फूड की जगह नट्स औप फल जैसे हेल्दी स्नैक्स को चुनें।

टीवी या मूवी देखते हुए कोर एक्सरसाइज जैसे प्लैंक्स, क्रंचेस या बाइसिक क्रंचेस करना चाहिए।

अगर आप मूवी देखते हुए एक्सरसाइज कर रहे हैं, तो ध्यान रखें कि आप अपनी एक्सराइज पर फोकस करें। वरना आपको चोट भी लग सकती है।

## क्या स्मोकिंग करने वाले भी कर सकते हैं ब्लड डोनेट?



क्या आप जानते हैं कि हर व्यक्ति को ब्लड डोनेट करने के काबिल नहीं माना जाता है। खासकर उन लोगों को ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए, जिनको किसी न किसी तरह की मेडिकल कंडीशन होती है, जैसे डायबिटीज आदि।

ब्लड डोनेट करना एक नेक और अच्छा काम है। ब्लड डोनेट करने की सलाह हर स्वस्थ व्यक्ति को दी जाती है, जिससे कि किसी जरूरतमंद को बचाया जा सके। वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जोकि नियमित रूप से ब्लड डोनेट करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर व्यक्ति को ब्लड डोनेट करने के काबिल नहीं माना जाता है। खासकर उन लोगों को ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए, जिनको किसी न किसी तरह की मेडिकल कंडीशन होती है, जैसे डायबिटीज आदि। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या स्मोक करने वाले स्वस्थ व्यक्ति ब्लड डोनेट कर सकते हैं।

**जानिए एक्सपर्ट की राय**

हम सभी इस बात को जानते हैं कि ब्लड डोनेट करना अच्छा बात है। लेकिन एचआईवी, एनीमिया और एसटीडी जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों को ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। जहां तक यह सवाल है कि क्या स्मोक करने वाले लोग ब्लड डोनेट कर सकते हैं, तो एक्सपर्ट की मानें, तो स्मोक करने वाले ब्लड डोनेट कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए कुछ कंडीशन होनी चाहिए। जैसे ब्लड डोनेट करने वाले को करीब 3-4 घंटे पहले और बाद में स्मोकिंग नहीं करना चाहिए। ध्यान रखें कि ब्लड डोनेट करने के बाद चक्कर आना, सिर घूमना और सिर भारी महसूस होना आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**क्यों नहीं करना चाहिए ब्लड डोनेट**

बता दें कि स्मोकिंग करने वाले लोगों को कैंसर का खतरा रहता है। अगर किसी स्मोकिंग करने के कारण ल्यूकेमिया या लिम्फोमा है। तो ऐसे लोगों को ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। वहीं अगर किसी अन्य किस्म का कैंसर है, तो भी उनको अपना ट्रीटमेंट करवाने के एक साल तक ब्लड डोनेट करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए।

स्मोकिंग करने वाले लोगों को लंग और हार्ट डिजीज का भी खतरा काफी ज्यादा होता है।

इन बातों का रखें ध्यान

**बीपी का रखें ध्यान**

स्मोकिंग करने वाले लोगों को ब्लड डोनेट करने से पहले अपना ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाना चाहिए। असल में, स्मोकिंग के कारण से अस्थाई रूप से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। अगर आप ब्लड डोनेट करने के दौरान ब्लड प्रेशर हाई है, तो उसकी अनदेखी न करें। ऐसी स्थिति में कुछ समय के लिए ब्लड डोनेट करने का प्लान ड्रॉप कर दें।

स्मोकिंग करने वालों को नियमित रूप से हेल्थ चेकअप करवाते रहना चाहिए। क्योंकि स्मोकिंग से कई तरह की गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। ऐसे में इन लोगों को यह चेक करवाना चाहिए कि आपके लंग्स सही कंडीशन में हैं या नहीं। ओवर ऑल हेल्थ चेकअप करवाने के बाद ही ब्लड डोनेट करने की एलिजिबिलिटी चेक करें।

## रात में सांस रुकना गंभीर खतरे का संकेत



अक्सर रात को सोते समय सांस लेने की समस्या को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसी स्थिति को नजरअंदाज करने से सेहत गंभीर रूप से बीमार हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोते समय ठीक से सांस न आने की क्या वजह है। साथ ही इस समस्या का उपाय भी जानेंगे। रात को सोते समय सांस रुक-रुककर आना या सांस लेने में मुश्किल होना कोई आम समस्या नहीं है। कई लोगों को रात में सोते समय सांस लेने में मुश्किल होती है। यानी की सोने के दौरान ठीक से सांस नहीं आती है या फिर कम सांस आती है। हालांकि अक्सर लोग इसको नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसी स्थिति को नजरअंदाज करने से सेहत गंभीर रूप से बीमार हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोते समय ठीक से सांस न आने की क्या वजह है। साथ ही इस समस्या का उपाय भी जानेंगे।

**सोते समय ठीक से सांस न आने की वजह**

बता दें कि स्लीप एपिया नींद की गंभीर बीमारी है, जिसमें सोने के समय सांस लेने में मुश्किल होती है और दिन भर थकान महसूस होती रहती है।

वहीं जो लोग मोटापे की समस्या का शिकार होते हैं। इन लोगों को भी कई बार वायुमार्ग में रुकावट महसूस होती है और यह लोग सोते समय ठीक से सांस नहीं ले पाते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक स्टडी में बताया गया कि मोटापे की वजह से शरीर में फैट, ऊपरी श्वसन मार्ग में जमा हो जाता है। जिससे वायुमार्ग संकुचित होता है और सोने के दौरान सांस लेने में रुकावट आने लगती है। यह स्थिति ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की वजह बन सकती है। नाम की समस्या होने की वजह से सांस लेने में रुकावट आ सकती है। नाक बंद होना, साइनस की समस्या या एलर्जी आदि भी इसकी वजह हो सकती है।

कई बार शराब और धूम्रपान की आदतें भी वायुमार्ग पर बुरा असर डालती है। जिसकी वजह से सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

स्लीप पोजिशन की वजह से भी रात को सोने के दौरान सांस लेने की समस्या हो सकती है। जो लोग पेट के बल सोते हैं, उनके वायुमार्ग में अक्सर रुकावट महसूस होती है और सांस रुक सकती है। इसलिए यह ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि आप किस पोजिशन में सो रहे हैं। यह समस्या न हो इसलिए सीधे या करवट लेकर सोने की कोशिश करें।

**जानिए क्या करें**

कपालभाति, भुजंगासन और भ्रामरी जैसे योग और अनुलोम-विलोम प्रणायाम से श्वसन प्रणाली मजबूत होती है। साथ ही नींद में भी सुधार होता है। वहीं रात में बाईं या दाईं करवट सोने से वायुमार्ग पर अधिक दबाव नहीं पड़ता है और अनिद्रा की समस्या दूर होती है। सोने के समय सांस लेने में अड़चन महसूस नहीं होती है। अगर सोते समय सांस लेने में समस्या होती है, तो नाक के मार्ग को साफ करने के लिए नेजल स्प्रे या स्टीम इनहेलेशन का इस्तेमाल करें। अगर सोते समय सांस लेने में समस्या होती है, तो वेट लॉस करें, जिससे वायुमार्ग पर दबाव कम हो सके और सांस लेने में समस्या न हो। अगर आप स्लीप एनीमिया के मरीज हैं, तो सीपीएपी मशीन की सहायता से इलाज करवा सकते हैं। इससे वायुमार्ग खुलता है और सांस की रुकावट दूर होती है।

## मोरिंगा को डाइट में शामिल करने से हड्डियों को मिलेगी मजबूती, बुढ़ापे में भी रहेंगे फिट और हेल्दी

आप सभी ने सहजन का नाम तो सुना ही होगा, इसको मोरिंगा या ड्रमस्टिक कहा जाता है। इसके पत्तों में दूध के मुकाबले 4 गुना अधिक कैल्शियम पाया जाता है। वहीं इसके पाउडर में कैल्शियम 17 गुना अधिक होता है। ऑस्टियोपेनिया, ऑस्टियोपोरोसिस और रिकेट्स से मरीज की जिंदगी काफी तकलीफ में गुजरती है। इन सभी बीमारियों से बचने के लिए शरीर में कैल्शियम को कम नहीं होने देना चाहिए। अधिकतर लोग मानते हैं कि डाइट में दूध को कैल्शियम का प्रमुख सोर्स माना जाता है। लेकिन कुछ लोग दूध का सेवन नहीं कर पाते हैं। क्योंकि कुछ लोगों को इसका स्वाद पसंद नहीं आता है। तो वहीं कुछ लोगों को एलर्जी होने लगती है। लेकिन जो लोग डेयरी प्रोडक्ट का सेवन नहीं करते हैं। वैसे तो हमारे शरीर के हर हिस्से को यह मिनरल चाहिए, लेकिन हड्डियों को सबसे ज्यादा जरूरत कैल्शियम की होती है। आपकी हड्डियां इसी से बनी होती हैं। वहीं जब डाइट से कैल्शियम नहीं मिलता है, तो शरीर हड्डियों से चूसने लगता है। इसलिए मजबूत हड्डियों के लिए अपनी डाइट में इस एक चीज को शामिल करना चाहिए। एक्सपर्ट के मुताबिक मोरिंगा में दूध से 17 गुना ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मजबूत हड्डियों के लिए मोरिंगा को कैसे डाइट में शामिल करना चाहिए।

**मोरिंगा में ज्यादा कैल्शियम**

आप सभी ने सहजन का नाम तो सुना ही होगा, इसको मोरिंगा या ड्रमस्टिक कहा जाता है। इसके पत्तों में दूध के मुकाबले 4 गुना अधिक कैल्शियम पाया जाता है। वहीं इसके पाउडर में कैल्शियम 17 गुना अधिक होता है। इसको एंटी-एजिंग माना जाता है। इसलिए 30 की उम्र के बाद इस सुपरफूड को डाइट में शामिल करना चाहिए। इसका सेवन करने से बोन मास बढ़ने लगता है, यानी की हड्डी मोटाई ठीक हो जाती है।

**ऐसे करें सेवन**

सहजन के पत्ते और पाउडर को डाइट में शामिल करना बेहद आसान है। वहीं लैक्टोज इनटॉलरेंट और वीगन लोग इसका पराठा बनाकर खा सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट की मानें, इसका रायता बनाकर खा सकते हैं। वहीं सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में मिलाकर इसको पी भी सकते हैं।

**प्रेग्नेंट महिला और बच्चे भी करें सेवन**

प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों को भी मोरिंगा का सेवन करना चाहिए। इसमें आयरन पाया जाता है, जो इस लोगों के लिए काफी जरूरी होता है। यह आयरन की कमी को पूरा करता है और एनीमिया से बचाता है। वहीं बेहतर काम करने के लिए शरीर को भी खून की बहुत जरूरत होती है।

**सब्जियां और सूप**

स्टर फ्राई, करी या सूप बनाने के लिए भी मोरिंगा की पत्तियों या फली का उपयोग करें। सर्दियों में मोरिंगा के सूप का सेवन करना विशेष रूप से आरामदायक और पौष्टिक होता है।

## अपनाएं डाइट का नया मंत्र, मूड के हिसाब से बनाएं डाइट और रहें हमेशा हैप्पी-हैप्पी



लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज़ को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है।

मूड और फूड का आपस में गहरा कनेक्शन होता है। जब भी हमारा मूड अच्छा नहीं होता है तो कुछ ना कुछ टेस्टी खाने का मन करता है या फिर जब भी हम अपनी पसंद का कुछ खा लेते हैं तो तुरंत ही मूड बदल जाता है। जब कभी थकान होती है तो बस अदरक वाली चाय पीने का मन करता है और जब हम खुश होते हैं तो कुछ मीठा खाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूड से हमारे फूड का गहरा कनेक्शन होता है। यही वजह है कि मूड-बेस्ड मील प्लान फॉलो करना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि आप अपने खाने को अपने इमोशन्स से मैच करते हैं और इससे खाना सच में आपके मूड को सपोर्ट करे।

आपको यह समझना चाहिए कि खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं है, बल्कि यह सीधे दिमाग़ और हार्मोन्स पर असर डालता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप किस तरह मूड बेस्ड डाइट ले सकते हैं-

**स्ट्रेस में खाएं ये चीजें**

जब आप खुद को स्ट्रेस में फील करते हैं तो ऐसे समय में मैग्नीशियम और विटामिन बी से भरपूर चीज़ें जैसे पालक, ड्राई फ्रूट्स, बीज और ओट्स आदि का सेवन करना चाहिए। ये फूड्स आपके नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं और स्ट्रेस हार्मोन कम करते हैं। जिससे आप खुद को रिलैक्स्ड फील करते हैं। इसके अलावा, हर्बल चाय या सूप का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है।

**लो फील करने पर खाएं ये चीजें**

लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज़ को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है। आप चाहें तो गरम-गरम खिचड़ी, दाल-चावल या वेज पास्ता जैसी चीजों का सेवन भी कर सकते हैं।

**गुस्सा आने पर खाएं ये चीजें**

अगर आपको बहुत अधिक गुस्सा आ रहा है तो ऐसे में आपको कुछ ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनकी तासीर ठंडी हो। इस दौरान आप खीरा, दही, नारियल पानी और सलाद आदि खा सकते हैं। कोशिश करें कि इस दौरान आप मसालेदार या ऑयली फूड ना खाएं, क्योंकि इससे आप अधिक इरिटेटिड महसूस करेंगे।

## घने और मजबूत बालों का सीक्रेट है ग्रीन टी



एक्सपर्ट की सलाह पर ही बालों पर किसी भी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी डैंड्रफ, बालों के झड़ने या फिर अन्य बालों से जुड़ी समस्या से परेशान हैं, तो आप अपने स्कैल्प पर ग्रीन टी लगा सकते हैं। आजकल बालों का झड़ना, डैंड्रफ और बालों से जुड़ी कई समस्याओं से लोग परेशान रहते हैं। बालों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए लोग बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार यह प्रोडक्ट्स बालों और स्कैल्प को नुकसान पहुंचा देते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की सलाह पर ही बालों पर किसी भी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी डैंड्रफ, बालों के झड़ने या फिर अन्य बालों से जुड़ी समस्या से परेशान हैं, तो आप अपने स्कैल्प पर ग्रीन टी लगा सकते हैं। यह बालों की सेहत के लिए फायदेमंद मानी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बालों पर ग्रीन टी का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मजबूत करता है स्कैल्प**

ग्रीन टी में कैटेचिन्स और पॉलीफेनॉल्स पाया जाता है। जोकि बहुत ज्यादा पॉवरफुल एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसको लेने से शरीर में फ्री रेडिकल्स खत्म होते हैं और हार्मोन को भी कंट्रोल करता है। महिलाओं और पुरुषों में ष्ठाञ्ज हार्मोन हेयर फॉल की वजह होती है। इसके अलावा ग्रीन टी में विटामिन श्व, विटामिन ष्ट और बायोटिन पाया जाता है, जोकि स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन को सुधारता है।

**बालों में सीधा ग्रीन टी लगाना**

### ऐसे करेंगे इस्तेमाल तो स्कैल्प बनेगा स्वस्थ

**फायदेमंद**

कई रिसर्च में पाया गया है कि सीधे बालों और स्कैल्प पर ग्रीन टी को लगाना भी फायदेमंद होता है। इसको लगाने से डैंड्रफ और सूखेपन में कमी आती है। बाल गिरने की समस्या से राहत पाने का यह बेहतरीन तरीका है। इसको लगाने से बाल शाइनी हो जाते हैं और स्कैल्प का श्व॥ बैलेंस रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीन टी के कैटेचिन्स हेयर फॉलिकल्स को सक्रिय करने के साथ नए बालों की ग्रोथ साइकिल को भी स्टिम्युलेट करने में सहायता करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

**स्कैल्प वॉश करें**

दो ग्रीन टी बैग्स को गर्म पानी में उबालकर उसको ठंडा कर लें। इसके बाद बालों में शैंपू करें और ग्रीन टी वाला पानी स्कैल्प पर डालकर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपका स्कैल्प भी साफ होगा और बालों की जड़ें भी मजबूत होंगी।

**ग्रीन टी हेयर मास्क**

दही या एलोवेरा के जेल में ग्रीन टी के पाउडर को मिलाकर हेयर मास्क की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। इस हेयर मास्क को स्कैल्प पर 20-25 मिनट लगाकर रखें। फिर हेयर वॉश कर लें। इससे डैंड्रफ की समस्या कम होती है और स्कैल्प भी हाइड्रेटेड रहता है।

**ग्रीन टी स्प्रे**

इस बनाने के लिए ग्रीन टी को स्प्रे बोतल में भरकर रख लें। अब इसको सप्ताह में 1-2 बार स्कैल्प पर लगाएं। यह बालों को मजबूत रखने का एक बेहतरीन तरीका है।

**बरतें ये सावधानियां**

स्कैल्प पर हमेशा ग्रीन टी को ठंडी करके लगाएं।

सप्ताह में 1-2 बार से ज्यादा न लगाएं।

अगर आपका स्कैल्प सेंसिटिव है या फिर एलर्जिक है, तो पैच टेस्ट करना न भूलें।

किसी भी तरह की समस्या होने पर डॉक्टर से जरूर मिलें।

**ये ग्रीन टी करें इस्तेमाल**

खुली हुई प्योर ग्रीन टी प्राकृतिक और केमिकल फ्री होती है।

ऑर्गेनिक ग्रीन टी पेस्टिसाइड्स से मुक्त होती है।

माचा ग्रीन टी में सबसे ज्यादा एंटीऑक्सीडेंस्ट्स होते हैं।

फ्लेवर्ड ग्रीन टी पीने के लिए आप नींबू या फिर तुलसी की चाय ले सकते हैं। यह ड्डस्नस्द्गस्न ह्यद्बद्डुह्न नहीं होनी चाहिए।

डिकैफ ग्रीन टी का भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं।

## प्यास, थकान और भूख, डायबिटीज के ये 5 आम लक्षण न करें इग्नोर, वरना बढ़ सकती है दिक्कतें




जब बॉडी में ग्लूकोज के इस्तेमाल के लिए जरूरी इंसुलिन हार्मोन कम या फिर बेअसर होने लगता है, तो ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। यह खाने के बाद तेजी से बढ़ता है, जोकि व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। डायबिटीज एक खतरनाक बीमारी है, जिसके आने की भनक नहीं लगती है। इस कारण डायबिटीज को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। बता दें कि जब बॉडी में ग्लूकोज के इस्तेमाल के लिए जरूरी इंसुलिन हार्मोन कम या फिर बेअसर होने लगता है, तो ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। यह खाने के बाद तेजी से बढ़ता है, जोकि व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए डायबिटिक पेशेंट्स को हर दिन ब्लड शुगर चेक करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए 5 ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो डायबिटीज के साथ बढ़ सकती हैं।

**ध्यान रखना जरूरी**

जब भी इस बीमारी की शुरूआत होती है, तो लोगों को अपने हाई शुगर का पता नहीं चल पाता है। ऐसे में आप इन 5 चीजों पर ध्यान देकर डायबिटीज की चेतावनी पा सकते हैं। वहीं समय पर इलाज मिलने से आसानी से डायबिटीज को रिवर्स किया जा सकता है।

**पेशाब**

अधिक पेशाब आने की समस्या भी डायबिटीज के लक्षणों में से एक है। खून में हाई शुगर होने पर किडनी को अधिक काम करना पड़ता है। गुर्दे ग्लूकोज को वापिस खून में भेजते हैं और अगर तब ह बच जाता है, तो उसको बाहर निकाल देते हैं। शरीर शुगर को बाहर निकालने के लिए पेशाब को जरिया बनाता है। जिस कारण आपको बार-बार पेशाब आता है।

**प्यास**

अधिक पेशाब निकलने के कारण शरीर में पानी का लेवल कम हो जाता है, जिससे शरीर डिहाइड्रेटेड होता है। इसकी वजह से शरीर का फंक्शन धीमा पड़ जाता है। जिसकी पूर्ति करने के लिए ज्यादा प्यास लगती है और बार-बार पानी पीना पड़ता है।

**भूख**

इसके साथ ही डायबिटिक पेशेंट्स को भूख भी अधिक लगती है। ऐसे में खाना खाने के फौरन बाद कुछ न कुछ खाने का मन करने लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मसल्स और सेल्स को एनर्जी नहीं मिल पाती है। जिसकी पूर्ति के लिए दिमाग भूख को जगाता है।

**थकान**

बता दें कि इंसुलिन ग्लूकोज को इस्तेमाल करने में सहायता करता है, जिससे एनर्जी मिलती है। लेकिन जब इंसुलिन कम हो जाता है या फिर सही तरीके से काम नहीं करता है, तो थकान रहने लगती है। जिस कारण मरीज को अक्सर कमजोरी महसूस होती रहती है।

**इंफेक्शन**

डायबिटीज की वजह से इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। इससे शरीर में ब्लड फ्लो कम हो जाता है और इंफ्लामेशन बढ़ जाती है। इस कारण मरीज को इंफेक्शन आसानी से घेर लेता है। साथ ही घाव और जख्म भरने में भी अधिक समय लगता है।

## गॉलस्टोन के इन लक्षणों को भूलकर भी न करें नजरअंदाज, वरना बढ़ सकती है परेशानी

गॉलस्टोन के बारे में जानकारी और इसके लक्षणों के बारे में पता लगाकर इस समस्या को गंभीर होने से बचाया जा सकता है और सही इलाज कराने में भी मदद मिल सकती हैं। ऐसे में आजहम आपको पित्त की पथरी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं। गॉलस्टोन यानी की पित्त की पथरी या फिर पित्ताशय की पथरी से पेट में तेज दर्द होता है। यह कोई छोटी समस्या नहीं बल्कि एक गंभीर समस्या है। जिसका इलाज सिर्फ सर्जरी से होता है। एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया में करीब 6 प्रतिशत आबादी गॉलस्टोन की समस्या से पीड़ित है। आमतौर पर महिलाओं में पित्त की पथरी की समस्या देखी जाती है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की आदतों की वजह से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। वहीं चिंता की बात यह है कि लोग अक्सर इस समस्या को नजरअंदाज करने की गलती कर देते हैं। जिस कारण यह बिना लक्षणों के समय के साथ गंभीर होता चला जाता है। वहीं सही समय पर गॉलस्टोन के बारे में जानकारी और इसके लक्षणों के बारे में पता लगाकर इस समस्या को गंभीर होने से बचाया जा सकता है और सही इलाज कराने में भी मदद मिल सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पित्त की पथरी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानिए क्या गॉलस्टोन**

पेट के दाईं ओर लिवर के नीचे गॉलब्लैडर स्थित होता है। इसमें बाईल जूस इकट्ठा होता है, जोकि छोटी आंत में जाकर पाचन क्रिया में सहायता करता है। यह बाइल जूस कठोर होकर छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में बाईल डक्ट या गॉलब्लैडर में एकत्रित हो जाता है। तो इसको गॉलस्टोन कहा जाता है।

**किसको ज्यादा खतरा**

गॉलस्टोन की समस्या किसी को भी हो सकती है। लेकिन इसका खतरा महिलाओं और अधिक वजन वाले लोगों में ज्यादा होता है। वहीं बढ़ती उम्र के साथ इसका जोखिम बढ़ता चला जाता है।

# सोनीपत में दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

## सबसे साफ शहर से लेकर सिलिकॉन वैली तक शिकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। अक्टूबर 2025 तक करीब 15.72 करोड़ परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। इन सबके बीच देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण हुईं 20 मौतों के मामले ने सबको हिलाकर रख दिया है।

चौंकाने वाली बात ये है कि दूषित पानी का ये मामला सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है। देश के कई शहरों में दूषित पानी के मामले सामने आ रहे हैं। भ्रष्टाचार से लेकर प्रशासनिक लापरवाही के चरम ने इन मामलों को सुर्खियों में ला दिया है।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी ने 20 जिंदगियां छीन ली। राज्य सरकार



ने हाई कोर्ट में प्रस्तुत रिपोर्ट में केवल चार मौतों की जानकारी दी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने 6 मौतों की जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है। भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की आपूर्ति से हजारों लोग प्रभावित हुए। भागीरथपुरा पुलिस चौकी के पास बने एक सार्वजनिक शौचालय के नीचे मुख्य पेयजल पाइपलाइन में लीकेज था। शौचालय का गंदा पानी (सीवेज) सीधे पाइपलाइन में मिल रहा था।

उज्जैन के वार्ड क्रमांक 34 स्थित जयसिंहपुरा इलाके के भगत सिंह मार्ग की एक कॉलोनी के रहवासी बीते दो महीने से नलों से आ रहे नाली जैसे काले और दूषित पानी को पीने को मजबूर हैं। इससे करीब 265 परिवारों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मूकदर्शक बने हुए हैं। भोपाल नगर निगम की ताजा जांच में शहर के चार पानी के सैंपल फेल पाए गए हैं। इनमें से तीन स्थानों पर खतरनाक ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। रिपोर्ट सामने आते ही नगर निगम हरकत में आया और प्रभावित इलाकों में भूगर्भ जल के उपयोग पर तत्काल रोक लगाने की सलाह जारी की गई। अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों के रहवासियों को ग्राउंड वाटर का इस्तेमाल न करने के निर्देश दिए।

गांधीनगर में टाइफाइड के मामलों में अचानक बढ़ोतरी से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बीते तीन दिनों में 100 से अधिक लोग, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं, गांधीनगर सिविल अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। सिविल अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. मीता पारिख ने बताया कि सेक्टर-24, 25, 26, 28 और आदिवाड़ा इलाके से मरीज सामने आए हैं। इन क्षेत्रों से लिए गए पानी के नमूनों की जांच में पीने का पानी सुरक्षित नहीं पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि दूषित पानी के कारण टाइफाइड फैला है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-एक में दूषित पानी की सप्लाई का इस्तेमाल करने से बीमार हुए लोगों के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डाढ़ा के डॉक्टरों की टीम पहुंची। सेक्टर में डॉक्टरों को दिखाने के लिए 30 से अधिक लोग पहुंचे। जहां टीम को सात से आठ लोग उल्टी व दस्त से पीड़ित मिले।

गोमती नदी की अपस्ट्रीम से जहां से ऐशबाग और बालागंज जलकल के लिए कच्चा पानी लिया जाता है, उससे थोड़ा पहले ही सीवर व नाले का गंदा पानी नदी में सीधे मिल रहा है।

# सड़क दुर्घटना में मृत भिखारी के कंटेनर से मिला 45 लाख रुपये नकदी, विदेशी मुद्रा का था भंडार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केरल के अलाप्पुझा में सड़क दुर्घटना में एक भिखारी की मौत हो गई। इसके बाद जब भिखारी के सामानों की जांच की गई तब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ और भिखारी के कंटेनर को खोलकर देखा गया तो मौजूद अधिकारी भी दंग रह गए।

दरअसल, अलाप्पुझा के चारुम्मूट और आसपास के इलाके में एक भिखारी काफी समय से भीख मांगने का काम कर रहा था। सोमवार रात भिखारी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

इसके बाद भिखारी बिना किसी को बताए अस्पताल से चला गया और अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिल किशोर बताया। हालांकि, मंगलवार सुबह एक दुकान के बाहर वो मृत पाया गया, जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उसके शव के पास से एक कंटेनर बरामद हुआ था, जिसे स्थानीय पंचायत सदस्य फिलिप उम्मान की उपस्थिति में खोला गया तो उसमें से 45 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद हुई। इस नकदी में प्रतिबंधित 2000 रुपये के नोटों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भी शामिल था।

पुलिस ने बताया कि नकदी प्लास्टिक के डिब्बों में रखी गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, किशोर प्रतिदिन भीख मांगता था और खाने-पीने के खर्च के लिए पैसे मांगता था। किसी को भी यह अंदाजा नहीं था कि वह इतनी बड़ी रकम अपने साथ ले जा रहा है। पंचायत सदस्य उम्मान ने कहा कि सभी लोग पैसों को देखकर स्तब्ध थे। पुलिस ने कहा कि चाहे किशोर के परिवार का कोई सदस्य दावा करने के लिए आगे आए या न आए, नकदी अदालत को सौंप दी जाएगी।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली में जेपी नड्डा से मुख्यमंत्री नायब सैनी की अहम मुलाकात

**दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी आज संसद भवन पहुंचकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में कई अहम राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें अनिल विज विवाद, हरियाणा निकाय चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गहन मंथन होने की संभावना है। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज को कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस में विज पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ बयानबाजी करने का आरोप लगाया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री सैनी इस मुद्दे को जेपी नड्डा के सामने रख सकते हैं और पार्टी नेतृत्व इस पर कोई अहम फैसला ले सकता है। हरियाणा में आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा की क्या रणनीति होगी, इस पर भी बैठक में चर्चा होगी। भाजपा का लक्ष्य हरियाणा में निकाय चुनाव में मजबूती से लड़कर ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना है।

### इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक इंजीनियरिंग छात्रा से बलात्कार और ब्लैकमेल करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बीटेक की छात्रा द्वारा नंदीगामा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता परिटाला के एक छात्रावास में रहती थी और एनटीआर जिले के कांचीकाचेरला स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। हिरासत में भेजे गए लोगों में शेख गली सईदा, शेख हुसैन और चिंतला प्रभु कुमार शामिल हैं।

## हरियाणा बीजेपी चीफ ने मंत्री अनिल विज को भेजा नोटिस, पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप

**अंबाला।** हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की तरफ से हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार विज पर पार्टी अनुशासन तोड़ने और विचारधारा के खिलाफ काम करने का आरोप लगा है। इसके साथ ही स्टेट बीजेपी चीफ ने विज को अगले तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब मांगा है। अनिल विज को जो नोटिस जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। यह कदम न केवल पार्टी के विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रही थी।

## बिहार के पूर्वी चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित %उत्क्रमित मध्य विद्यालय' में हुई।

घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया।

इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

मेडिकल टीम ने सभी प्रभावित छात्रों का तुरंत इलाज किया। जिन बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया उनमें अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहीदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, अन्या प्रवीण, सान्या रानी, रंजन कुमार, साई राजा, नबी हसन, अरबाज आलम और कुदुस आलम शामिल हैं। इलाज के बाद अधिकतर बच्चों की तबीयत ठीक हो गई और कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि, कुछ बच्चे अभी भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने कहा कि बच्चों की हालत स्थिर है और सभी को उचित उपचार दिया जा रहा है।

# भारतीय एआई स्टार्टअप्स को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करना चाहिए, बोले प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत पर दुनिया का भरोसा ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार ये बातें कही।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026% से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश के शीर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप्स के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान उन्होंने संदेश दिया कि भारतीय स्टार्टअप्स को केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करना होगा। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि दुनिया का भारत पर भरोसा ही देश की सबसे बड़ी ताकत है, और इसे बनाए रखने के लिए भारतीय एआई मॉडल्स का नैतिक, निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने तकनीक के मानवीय पहलू को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई के विकास में डेटा प्राइवेसी के सिद्धांतों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पास वह क्षमता है जिससे वह दुनिया के सामने किफायती एआई, समावेशी एआई और फ्रुगल इनोवेशन (कम लागत में बेहतर नवाचार) का उदाहरण पेश कर सके। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को दुनिया के सामने एक ऐसा अनूठा एआई मॉडल पेश करना चाहिए जो मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड की भावना को प्रतिबिंबित करता हो।

राउंडटेबल बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल्स को अलग और विशिष्ट होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि इन मॉडल्स को स्थानीय और स्वदेशी कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए और क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका मानना है कि स्टार्टअप्स और एआई उद्यमी ही देश के भविष्य के सह-निर्माता हैं। भारत में नवाचार और बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन दोनों की अपार क्षमता है, जो समाज में बड़ा बदलाव लाने में सक्षम है। इस महत्वपूर्ण बैठक में उन 12 भारतीय एआई स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया जिन्होंने अगले महीने होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए एआई फॉर ऑलः ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए क्वालीफाई किया है। इन कंपनियों ने पीएम के सामने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए।

## 10 मिनट में डिलीवरी का खौफनाक नतीजा! तेलंगाना में गिग वर्कर की मौत पर हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पलक झपकते ही डोर स्टेप डिलीवरी कई लोगों के लिए जना का सौदा बन गई है। इसका ताजा उदाहरण तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से सामने आया है। डिलीवरी की जल्दबाजी में 25 वर्षीय अभिषेक को जान से हाथ धोना पड़ गया है। अभिषेक की मौत के बाद तेलंगाना में गिग वर्कर्स का गुस्सा भी फूट पड़ा है। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए श्रम मंत्री को पत्र लिखा है। इसे लेकर पूरे हैदराबाद में गिग वर्कर्स ने हंगामा खड़ा कर दिया है।

जब कोई गिग वर्कर सड़क पर मरता है, तो उसे इश्योरेंस या मुआवजा क्यों नहीं मिलता है? गिग वर्कर भी इंसान हैं, कोई एल्गोरिद्म नहीं।

5 जनवरी 2026 की रात 25 वर्षीय डिलीवरी बॉय ऑर्डर पहुंचाने की जल्दबाजी में था। हैदराबाद के मेदहीपट्टनम में उसकी बाइक फिसल गई और पीछे से आने वाली प्राइवेट बस ने उसे कुचल दिया। डिलीवरी बॉय की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान अभिषेक के रूप में हुई है, जो शेखपेट का रहने वाला था।

अभिषेक बीबीए के फाइनल ईयर का छात्र था। वो परिवार के खर्च में हाथ बंटाने के लिए पार्ट टाइम डिलीवरी वर्कर का काम करता था। अभिषेक की मौत के बाद हैदराबाद में हंगामा खड़ा हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने सभी गिग वर्कर्स से हेलमेट पहनने की अपील की है। उनका कहना था कि पुराने सिस्टम में बहुत ज्यादा गलतियां और राजनीतिक पक्षपात था।

## छत्तीसगढ़ के 3 डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक ही दिन में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के तीन जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर और राजनांदगांव जिला न्यायालय, जबकि मध्यप्रदेश में रीवा जिला न्यायालय को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस घटना से पूरे परिसर में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। एहतियातन न्यायालय परिसर को तत्काल खाली कराया गया और वकीलों व आम नागरिकों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है।



जानकारी के अनुसार जिला न्यायालय के आधिकारिक मेल आईडी पर अज्ञात व्यक्ति ने दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर बम से उड़ाने की धमकी भेजी थी। यह मेल सामने आते ही न्यायिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी न्यायिक कार्यवाही तत्काल रोक दी गई और अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। धमकी के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बम स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा न्यायालय परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

चप्पे-चप्पे की गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि को समय रहते पकड़ा जा सके। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और पूरे हालात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा स्वयं मौके पर पहुंचीं और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त बल और संसाधन तैनात किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। शुरुआती जांच में इसे अफवाह फैलाने या दहशत पैदा करने की कोशिश भी माना जा रहा है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं कर रही हैं।

## निर्वासितों के साथ इंसानियत का व्यवहार होना चाहिए, भारतवंशी अमेरिकी सांसद की अपनी सरकार से अपील

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे और दोनों देशों के कुछ अहम मुद्दों पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बात की। उन्होंने अपनी सरकार से अपील की कि निर्वासित किए जा रहे लोगों के साथ इंसानियत वाला व्यवहार किया जाना चाहिए। रो खन्ना ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आगामी मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है।

अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किए जाने पर रो खन्ना ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर निर्वासन होता है तो वो इंसानी तरीके से होना चाहिए और लोगों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उनका अमानवीय तरीके से उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि बेशक, अमेरिका आने वाले लोगों को कानूनी तरीके से ही अमेरिका आना चाहिए और कानून का पालन करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि ये मुद्दा जल्द सुलझ जाएगा।

रो खन्ना ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार असंतुलन का भी मुद्दा है। अमेरिका का चीन, कनाडा और यूरोप के साथ भी व्यापार असंतुलन है। इनमें अमेरिका ज्यादा सामान खरीदता है, लेकिन ये देश अमेरिका से कम सामान खरीदते हैं। भारत के साथ भी अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। रो खन्ना ने कहा कि इस व्यापार असंतुलन को खत्म किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि रो खन्ना की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब बीती 5 फरवरी को ही 100 से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान भारत पहुंचा। निर्वासित किए गए इन भारतीयों को हाथ-पैरों में बेड़ियां बंधी थीं और रास्ते में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इसे लेकर संसद में खूब हंगामा हुआ।

## टैंकर जब्त होने के बाद अमेरिका पर भड़के रूसी वरिष्ठ सांसद, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की दी धमकी

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ सांसद ने अमेरिका को सख्त चेतावनी दी। उत्तरी अटलांटिक महासागर में अमेरिकी सेना ने रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर को जब्त किया, जिसके बाद रूसी सांसद ने जवाब में अमेरिकी जहाजों पर हमले का सुझाव दिया। उन्हें रूस की ओर से परमाणु हथियारों को इस्तेमाल करने तक की बात कही।

अमेरिकी सेना ने सात जनवरी को रूसी ध्वज वाले एक टैंकर को जब्त किया। इस टैंकर का नाम मरीनेरा है और पहले इसे बेला-1 कहा जाता था। रूस की रक्षा समिति के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ सांसद एलेक्सी जुरावलेव ने इसे समुद्री डकैती करार दिया और इसे रूसी क्षेत्र पर हमले के बराबर बताया, क्योंकि टैंकर पर रूसी ध्वज लहरा रहा था।

टेलीग्राम पर एक बयान में जुरावलेव ने कहा, मॉस्क को सैन्य रूप से जवाब देना चाहिए। उन्होंने रूस की ओर से टॉरपीटो से हमला



करने और ऑपरेशन में शामिल अमेरिकी तटरक्षक बल की नौकाओं को डुबोने की यह तर्क देते हुए पैरवी की कि अमेरिका को रोकना का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने हाल ही में वेनेजुएला में अभियान के बाद अमेरिका पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

जुरावलेव ने रूस के सैन्य सिद्धांत का हवाला दिया और दावा किया कि इसमें राष्ट्रीय हितों पर हमलों के जवाब में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बात की गई है। उन्होंने कहा, अमेरिका के एक सशस्त्र बेड़े की ओर से एक नागरिक पोत पर कब्जा कर लेना..यह समुद्री डकैती का सबसे आम रूप है। यह रूसी क्षेत्र पर हमले के समान है, क्योंकि टैंकर हमारे राष्ट्रीय ध्वज के तले चल रहा था। इसका तत्काल सख्त जवाब दिया जाना चाहिए। हमारा सैन्य सिद्धांत ऐसी स्थिति में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति देता है।

रूसी सांसद का यह बयान परमाणु हथियारों के जखीरे वाले दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा सकता है। हफ्तों तक पीछा करने के बाद बुधवार को अमेरिकी तटरक्षक पोत ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में रूसी ध्वज वाले एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया।

# आतंक और अराजकता की गिरफ्त में बांग्लादेश

## शेख हसीना का बड़ा खुलासा- यूनुस राज में क्यों जल रहा देश?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले 17 महीनों से बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में किसी अज्ञात स्थान पर हैं। इस दौरान वह चुपचाप देख रही हैं कि जिस देश को आर्थिक विकास की एक नई राह पर वह ले कर गईं, वह धीरे-धीरे अराजकता व अतिवादियों की गिरफ्त में फंस चुका है।

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की आर्थिक, सामाजिक और कूटनीतिक नीतियों में 360 डिग्री का बदलाव ला चुकी हैं। भारत के साथ बांग्लादेश के रिश्ते लगातार खराब हो रहे हैं। पड़ोसी देश में चल रही इस उथल-पुथल के बीच शेख हसीना ने दैनिक जागरण को ऑनलाइन इंटरव्यू दिया, जिसमें वह साफ कहती हैं कि बांग्लादेश में आतंक के जरिए डराने व धमकाने की राजनीति का बोलबाला है।




सवाल- शरीफ उस्मान हादी की हत्या की जांच और उसके बाद कानून -व्यवस्था को लेकर अंतरिम सरकार की भूमिका को आप कैसे देखती हैं?

जवाब- शरीफ उस्मान हादी की हत्या पर अंतरिम सरकार की प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हादी की मृत्यु बीएनपी, जमात और एनसीपी के बीच चुनावी प्रतिद्वंद्विता से उपजे संघर्ष का दुखद परिणाम थी।

मुझे अपने देश में फैल रही इस अराजकता से गहरा आघात पहुंचा है। ये घटनाएं एक ऐसी अलोकतांत्रिक सरकार का स्वाभाविक और भयावह नतीजा हैं, जिसने चरमपंथियों को ताकत दी है।

मैं हादी की हत्या की कड़ी निंदा करती हूं और उसके बाद में हुई हिंसा की भी भर्त्सना करती हूं। जो समय शोक और संवेदना का होना चाहिए था, उसे चरमपंथियों ने हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया।

इसमें देश के दो सबसे बड़े मीडिया संस्थानों पर हमले शामिल हैं, जिससे न केवल पत्रकारों की जान खतरे में पड़ी, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया जैसे मूल्यों पर भी आघात हुआ।

हमारी सरकार के कार्यकाल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वागत किया गया। अखबार और पत्रकार बिना डर और हस्तक्षेप के काम करते थे। असहमति की आवाजों को दबाया नहीं गया, बल्कि सुना गया। हादी की स्मृति का सम्मान मीडिया पर हिंसक दमन या हमारे सबसे करीबी अंतरराष्ट्रीय सहयोगी के खिलाफ जहरीले भाषणों से नहीं किया जा सकता।

सवाल- अंतरिम सरकार ने हिंसा और राजनीतिक साजिश के आरोपों को कैसे डील किया है, इससे स्थिरता बनाए रखने की उसकी क्षमता के बारे में क्या पता चलता है?

जवाब- जब किसी सरकार के पास वैधता नहीं होती तो सामान्य कानून-व्यवस्था की समस्याएं भी राष्ट्रीय संकट बन जाती हैं। हालात को शांत करने, देश को एकजुट करने और तेज व विश्वसनीय जांच कराने के बजाय अंतरिम सरकार ने संदेह और गुस्से को बढ़ने दिया है। यह ऐसी सरकार है जो बुनियादी व्यवस्था भी कायम नहीं रख पा रही है।

इसी सरकार ने भयानक हिंसा के दोषियों को जुलाई योद्धा कहकर महिमामंडित किया और उन्हें पूरी छूट दे दी, जिससे पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय नहीं मिल सका।

फिर जब वही आतंकी सच लिखने वाले पत्रकारों के दफ्तरों में तोड़फोड़ और आगजनी करते हैं और सरकारी अर्धसैनिक बल मूकदर्शक बने रहते हैं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। यह शासन नहीं हैं, यह आतंक के जरिये डराने-धमकाने की राजनीति है।

# 1098 पर कॉल करके बाल विवाह की दें जानकारी : चंदन राय

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (जफराबाद)। चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर ओर कॉल करने पर आप को तत्काल सहायता मिलेगी।आप नही चाहेंगे तब तक आपको न ही बुलाया जाएगा और न ही आपका नाम सार्वजनिक होगा।यह बातें गुरुवार को स्थानीय थाने के प्रांगण में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत आयोजित जागरूकता अभियान में बोलते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कही।

श्री पाण्डेय ने कहा कि बाल विवाह में करवाने में माँ बाप तो दोषी है ही उसके साथ ही शादी करवाने के कार्यक्रम में शामिल पंडित, नाउ, टेंट हाउस, मैरेज लान वाला, डीजे वाला, गलत जन्मप्रमाण पत्र गलत जारी करने वाला समान रूप से कानूनन दोषी माने जाएंगे।लड़का लड़की में



समाज को विभेद करना रोकना होगा।

जिला बाल सरंक्षण अधिकारी चंदन राय ने कहा कि हम सभी को मिलकर समाज मे व्याप्त बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में लग जाय।हमे जनपद को इस बुराई से मुक्त करवाना होगा।इसके लिए हमे पूरी इच्छा शक्ति से लगना होगा।उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे ग्रामीणों को नेतृत्व करने वाले प्रधान, सभासद, चेयरमैन जैसे जिम्मेदार लोगों को भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदार बनाने के लिए शासन में प्रस्ताव बन रहा है। कार्यक्रम को चेयरमैन फिरोज खान, थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल, एसएसआई अरविंद सिंह ने भी लोगों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी दिया।

कार्यक्रम के अंत मे श्री पाण्डेय ने मौजूद लोगों को हाथ उठवाकर शपथ दिलाया कि हम लोग बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करूंगा।इसके बाद हस्ताक्षर कराया गया।

इस मौके पर शीतला प्रसाद गिरी, लालबहादुर यादव, चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह, तेजबहादुर सिंह, पंकज पूरी, जयशंकर यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

अवधनामा संवाददाता

**गहरी खाई में गिरने से गम्भीर रूप से घायल**

जौनपुर (खेतासराय) लुंबिनी-दुद्धी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव निवासी मोहम्मद रईस (50 वर्ष) पुत्र अब्दुल लतीफ रोज की तरह मानीकला स्थित अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। जब वह मनेछा गांव में स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट वीडीआई कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार वाहन समेत सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद आस-पास के लोग और राहगीर मौके पर जुट गये। लोगों को एकत्र होता देख कार सवार मौके से फरार हो गया। हालांकि वहाँ लोगों ने कार का नंबर नोट कर तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस द्वारा फरार कार चालक की तलाश की जा रही है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गुरूप्रसाद का हुआ रामघाट में अन्तिम संस्कार

जौनपुर (जफराबाद)। बुधवार को कजगांव टेढ़वा क्रासिंग के समीप कांतापुर मोहल्ला निवासी गुरूप्रसाद 45 की माधोपट्टी गांव निवासी ओमकार सिंह द्वारा बांस और बल्ली के टुकड़े से मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। उसी दिन अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। मौत के बाद एहतियातन पुलिस बल को कांतापुर गांव में तैनात कर दिया गया था। मृतक के बेटे किशन की तहरीर पर पुलिस ने घटना के बाद ही आरोपी ओमकार को गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि आरोपी ओमकार को घटना में प्रयुक्त बांस और बल्ली के टुकड़े के साथ चालान न्यायालय भेज दिया। साथ ही मृतक गुरूप्रसाद के पुत्र किशन और परिवार वालों को मोस्टमार्डम के बाद अन्तिम दर्शन कराते हुए रामघाट पर पुलिस और परिवार की मौजूदगी अंतिम संस्कार किया गया।

# राम बनवास की कथा सुन श्रद्धालु भावुक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (महराजगंज)। क्षेत्र के कंजाति वीर सूर्य देव साई धाम मंदिर बगौझर में आयोजित श्री राम कथा महोत्सव के सातवें दिन मानस कोकिला सरिता जी ने श्री राम वनवास प्रसंग के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम का वनवास जीवन में पितृ आज्ञा का पालन (कर्तव्य), मर्यादा और त्याग,सत्य और न्याय का संदेश देता है।जब राम के राजतिलक की तैयारियां की जा रही थी तभी महारानी कैकई ने महाराजा दशरथ से अपने दो वचन मांगती है और कहती है कि पहले हराम की सौगंध खाएं और मेरे वचन मुझे दे। राजा दशरथ खुशी में रानी से कहता है कि जो मांगे मैं वहीं दूंगा, तब महारानी कैकई दशरथ से मांगती है कि मेरे बेटे भरत को राजगद्दी मिले और राम को 14 वर्ष का वनवास मिले इतना सुनते ही महाराजा दशरथ धरती पर गिर जाते हैं राम सहित सब यहां पहुंचते हैं,



राम जी जब वनवास को जाने लगते हैं तो उनके साथ सीता व लक्षमण भी तैयार हो जाते हैं। श्रीराम के वन की जाने की बात सुनकर पूरा अवधपुरी रो पड़ा। माता कौशल्या अवधपुरी के नारी जहां तक की पशु पक्षी और वहां की वनस्पति भी मुरझा जाती है। राम का इतना प्रेम अब तो अवधपूरी के प्रति था कि राम का राज्य होना था लेकिन माता और पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए राम 14 वर्ष के लिए वनवास को निकल पड़े। कथा के बाद आयोजक समिति द्वारा आरती प्रसाद वितरण किया गया।

## शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद के चुनाव पर चर्चा की गई

मऊ/आजमगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बनकर कॉलोनी मऊ में जिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद गोरखपुरङ्क्फैजाबाद के चुनाव पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजीत कुमार राय तथा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ0 आज़ाद बेग ने बैठक को संबोधित किया तथा संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजमंगल यादव ने उपरोक्त नेताओं का स्वागत किया तथा संगठन के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इस बात की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता श्री उदय प्रताप राय एड0 ने बताया कि कार्यक्रम में ओम प्रकाश ठाकुर, सुहैल अहमद एड0, प्रमोद कुमार सिंह, सुब्बेचन हबीबुर रहमान सदर रहमान राष्ट्रीय छात्र संघ मऊ की अध्यक्ष मेहक पाण्डेय तथा कांग्रेस की जिला सचिव सरोज पाण्डेय व राष्ट्रीय छात्र संगठन के अभिषेक कुमार, कार्यालय सचिव अमरनाथ योगी, संजय चौहान आदि ने भाग लिया।

# प्रयागराज के माघ मेले में पर्यटन सूचना क्रेंद्र बने विशेष आकर्षण

**श्रद्धालुओं कों मिल रही बड़ी सहायता, परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, छिवकी स्टेशन और अरैल घाट पर बने पर्यटन सूचना केंद्र श्रद्धालुओं के लिए बने सहारा**

**हिंदी-अंग्रेजी बुकलेट, गाइड लिस्ट, एलईडी स्क्रीन व सेक्टर मैप के माध्यम से श्रद्धालुओं को मिल रही संपूर्ण और सटीक जानकारी**

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन और मार्गदर्शन में संगम नगरी प्रयागराज में माघ मेला 2026 का शुभारंभ 3 जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में हो चुका है। आस्था, सुविधा और सुव्यवस्था के संगम के रूप में विकसित हो रहा यह मेला न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से भी नई पहचान बना रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक और प्रभावी व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर चार अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। 3 जनवरी से अब तक इन सूचना केंद्रों के माध्यम से करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन का अनुमान है, ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार पर्यटकों को सही, सरल और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्रों पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रयागराज के प्रमुख पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी वाली पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही गाइड बुक, प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड की




सूची और शहर भ्रमण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी उपलब्ध हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योगी सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। इसी सोच के तहत पर्यटन सूचना केंद्रों पर पंजीकृत पेइंग गेस्ट हाउस, धर्मशाला और अन्य ठहरने के विकल्पों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

इन केंद्रों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मेले, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता अभियान और प्रमुख पर्यटन स्थलों से जुड़े वीडियो दिखाए जा रहे हैं। साथ ही सेक्टर मैप लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु आसानी से यह जान सकें कि किस सेक्टर में कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं और वहां कैसे पहुंचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि ये चार अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्र परेड ग्राउंड, नागवासुकी मंदिर, प्रयागराज छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन और अरैल घाट के पास स्थापित किए गए हैं। यहां प्रयागराज के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों की पर्यटन पुस्तिकाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे पर्यटक प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से भी परिचित हो सकें।

## श्रद्धालुओं की सुविधा योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री जयवीर सिंह

प्रयागराज। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप माघ मेला 2026 को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल बनाया गया है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा सूचना, गाइड और आवास से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि हर आगंतुक को सहज, सुरक्षित और यादगार अनुभव प्राप्त हो। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने बताया कि माघ मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि हर श्रद्धालु को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम अनुभव मिले, जिसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देकर पैसा लेने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर (बक्शा)/अवधनामा संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र में अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त साहेबजादे (32 वर्ष) पुत्र सफीउल्ला निवासी ग्राम सदरूद्दीनपुर को गुरुवार को दोपहर 12:10 बजे बंधवारे वीर मई हाइवे तिराहा के पास से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री आतीश कुमार सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर श्री देवेश सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में बक्शा थानाध्यक्ष श्री विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में यह गिरफ्तारी हुई। उपनिरीक्षक हैदर अली और उनके सहयोगी कर्मचारियों ने थाना बक्शा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 06/2026, धारा 308 (5) 77/333/79/351(3) बीएनएस के तहत अभियुक्त को गिरफ्तार किया। विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हैदर अली, कांस्टेबल वीरेंद्र विश्वकर्मा और कांस्टेबल जितेंद्र सिंह शामिल थे।

## डीएम की अध्यक्षता में होम स्टे नीति 2025 के संदर्भ में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित



जौनपुर/अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में होम स्टे नीति 2025 के संदर्भ में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विभाग द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पेट्रोल पंप संचालकों आदि को उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होम स्टे नीति 2025 के संदर्भ में जानकारी दी गई और बताया गया कि होम स्टे नीति अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आवासीय इकाइयों में देसी/ विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नाश्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराए जाने हेतु संपत्तिधारक द्वारा उसके आवासीय भवन के अधिकतम दो तिहाई कक्षों को किराए पर दिए जाने का प्रावधान होगा जिसकी संख्या कम से कम एक तथा अधिकतम 6 होगी। यह योजना उत्तर प्रदेश के संपूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र पर भी लागू होगी। आवेदकों द्वारा इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने पंजीयन के आवेदन हेतु नियम व शर्तों के बारे में भी जानकारी दी तथा पंजीयन प्रक्रिया के बारे में सभी को अवगत कराते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 परमानंद झा सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर आशा कार्यकर्ता की मौत

प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता। औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित रामपुर करछना रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की सुबह एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। महिला की पहचान विमला देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। पुलिस के के अनुसार महिला विमला देवी हथिगन करछना की रहने वाली थी। वह चाका ब्लॉक में आशा कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत थी। रोज चाका ब्लॉक अपने काम पर जाती थी। रेलवे प्रशासन को भी इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। पुलिस मामले की आधिकारिक पुष्टि और आगे की जांच जारी है।

## आशीष बने अध्यक्ष और राहुल महामंत्री



प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता। कलर्स आफ कल्चरल एंड आर्ट फाउंडेशन की बैठक मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में आयोजित किया गया। इस अवसर फाउंडेशन के पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस अवसर फाउंडेशन के संरक्षक राजेश केसरवानी एवं रमेश अग्रहरि ने आशीष कुमार गुप्ता को अध्यक्ष एवं महामंत्री राहुल कुमार को घोषित किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष संजीव कुमार एवं अंशू दीप धुसिंया, कोषाध्यक्ष रवि कुमार कुशवाहा, मंत्री उज्जवल जायसवाल, कार्य समिति सदस्य अर्श शर्मा एश्मीत सागर, गौरव अग्रहरि मनोनीत किए गए। इस अवसर संरक्षक राजेश केसरवानी ने मनोनीत हुए सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि फाउंडेशन कला एवं कलाकारों के हित के लिए कार्य करेगी। बधाई देने वालों में शत्रुघ्न जायसवाल, किशन चंद्र जायसवाल, अजय अग्रहरि, कमलेश केसरवानी, नीरज केसरवानी, श्रेष्ठ चौरसिया, दीपक केसरवानी आदि फाउंडेशन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में फूलपुर थाना की पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है । फूलपुर थानाध्यक्ष सच्चिदानंद व मय हमराह फोर्स ने सक्रियता दिखाते हुए युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में स्थानीय थाने पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 5 बात 2026 धारा 65, 351 बीएनएस व 3 बटा 4 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी अबूसालिम पुत्र मुन्ना गांव खुरासो थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ निवासी को माहुल मोड़ से सोमवार सुबह 8:10 बजे गिरफ्तार किया।

# लव जिहाद के खिलाफ अभियान

**हिंदू बेटियों की सुरक्षा की उठी आवाज**

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। संगम नगरी में चल रहे विशाल माघ मेले के दौरान लव जिहाद के खिलाफ जोरदार जागरूकता अभियान तेज हो गया है। शिवांगी शर्मा और नवीन सिंह जैसे कार्यकर्ता पोस्टर थामे लोगों को सतर्क कर रहे हैं। दिल्ली की रहने वाली शिवांगी, जो दो वर्षों से प्रयागराज में रह रही हैं। माघ मेले में पहली बार बड़े स्तर पर उतरी हैं।

प्रयागराज संगम नगरी में चल रहे विशाल माघ मेले के दौरान लव जिहाद के खिलाफ जोरदार जागरूकता अभियान तेज हो गया है। शिवांगी शर्मा और नवीन सिंह जैसे कार्यकर्ता पोस्टर थामे लोगों को सतर्क कर रहे हैं। दिल्ली की रहने वाली शिवांगी, जो दो वर्षों से प्रयागराज में रह रही हैं। माघ मेले में पहली बार




बड़े स्तर पर उतरी हैं।

पोस्टर में लिखा था कि लव जिहाद से ट्रैप से बचाओ। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचेगी तभी बेटी पढ़ेगी। हिंदू एक किन बातों में, कब तक हिंदू कटता रहेगा। कल कटा कश्मीर में, आज कट रहा बांग्लादेश में।

उन्होंने बताया कि युवतियों को झूठे प्रेम के जाल में फंसते देखा है। जो फ्रिज, नाले या बोरे में क्षत-विक्षत मिलती हैं। शिवांगी ने कहा महिला होने के नाते यह ट्रैप मुझे चुभता है। लड़कियों को समझना चाहिए कि सामने वाला हिंदू है या मुस्लिम, धर्म परिवर्तन का इरादा रखता है या नहीं। उनका उद्देश्य युवाओं को सजग करना है, खासकर मेले में जहां देश-विदेश से हर धर्म के लोग उमड़ते हैं। उन्हें ये प्रेरणा भयावह घटनाओं से मिली जहां मानसिकता गुम हो जाती है। पहले छोटे स्तर पर प्रयास किए, अब समर्थन से विस्तार हुआ।

## 518 मतदेय स्थल की वृद्धि

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि-01.01.2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-मतदेय स्थलों के सम्भाजन का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था। उक्त मतदेय स्थलों का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग ने अपने पत्र दिनांक-23 दिसम्बर, 2025 के द्वारा कर दिया गया है। वर्तमान समय में जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पूर्व में 3869 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 518 मतदेय स्थल की वृद्धि हुई है। इस प्रकार जनपद में कुल 4387 मतदेय स्थल अवस्थित है। उक्त मतदेय स्थलों की सूची जन सामान्य के अवलोकन हेतु जनपद के वेबसाइट azamgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गयी तथा तहसील मुख्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, आजमगढ़ में जन सामान्य के निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

# उप श्रम आयुक्त को सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय इकाई द्वारा उप श्रम आयुक्त आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ राजीव कुमार सिंह के कार्यालय राहुल नगर मडया पहुंच कर सारस्वत सम्मान किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस ने उप श्रमआयुक्त राजीव कुमार सिंह जी को सम्मान पत्र एवं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विजय विश्वकर्मा ने अंग वस्त्रम एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अमर भारती के ब्यूरो चीफ दुर्गेश तिवारी ने बुके देकर सम्मानित किया। वही कार्यालय के स्टेनो अनिल सिंह संगठन की वार्षिक पत्रिका आइडियल इंडिया एवं प्रमुख समाजसेवी अतुल उपाध्याय ने बुके भेंट कर सम्मानित किया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस ने कहा उप श्रम आयुक्त श्री राजीव कुमार सिंह बड़े ही मिलनसार अधिकारी है इन्होंने शासन की मशा के अनुरूप जनहित मे श्रमिक जनों के हितार्थ के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है वह बहुत ही सराहनीय है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# मुबारकपुर थाना का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



मुबारकपुर/आजमगढ़। मुबारकपुर थाना का बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे एडीशनल एसपी सिटी मधुबन सिंह ने निरीक्षण किया। एसपी सिटी को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी एस आई अश्विनी मिश्रा ने दिया। मुबारकपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण से पहले गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी एस पी सिटी को एस आई अश्विनी मिश्रा ने बहुत शानदार ढंग से किया। इसके बाद थाना भवन आवासीय व प्रशासकीय, मालखाना, विभिन्न अभिलेख व उनके रखरखाव, शस्त्र,साफ सफाई,मेस का निरीक्षण कर सन्तोष जताया। निरीक्षण में सब कुछ ठीक ठाक मिला। एसपी सिटी ने ग्राम प्रहरी को दायित्वों को निर्वहन ठीक ढंग से करने को कहा। मुबारकपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी मधुबन ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य थाना कार्य प्रणाली में कोई खामियां रह गई है तो उसका सुधार करना है। कार्यप्रणाली को सन्तोष जताया। उन्होंने आगे कहा कि जनता का सहयोग ही पुलिस की ताकत है। वहीं उन्होंने ग्राम प्रहरियों को कहा कि गांव में समय से अपराध की सूचना देना। गांव में शराब, नारकोटिक्स का निर्माण के अलावा गौ तश्करी कर उनका बध करना व कोई भी भी अपराध हो रहा हो या कोई अपराधी गांव में आकर रह रहा हो , गांव में मेला लगने व जूलूस निकलना हो इसके सम्बन्ध में।सभी प्रहरी अपने थाना प्रभारी निरीक्षक को सूचना दे। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का मोबाइल नंबर भी अपने पास रखें और।समय से से सूचना दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

अन्त में सभी ग्राम प्रहरियों को साफा वितरित किया गया।इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पाण्डेय, चौकी प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मुरारी मिश्रा, शमसाद अहमद,एस आई सुरेश यादव, नौशाद अहमद आदि मौजूद थे।

# महर्षि भरद्वाज प्रयागराज के धरोहरः डीएम

**महर्षि भारद्वाज की आराधना के बिना प्रयागराज का पुण्य नहीं**

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भारद्वाज जयंती प्रयागराज दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज ने कहा कि महर्षि भारद्वाज प्रयागराज की पहचान है। प्रयागराज के सम्मान के लिए शासन प्रशासन कटिबंध है। पर्यटन और अन्य दृष्टि से जो भी संभव होगा यहां के तीर्थ का विकास किया जाएगा। साधु संतों और प्रबुद्ध जनों ने प्रयागराज को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने संगम से 5 कोस परिधि में सार्वजनिक रूप से मांस मदिरा पर पाबंदी के मामले को सकारात्मक रूप से लेने की भी बात कही। महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत यमुना पुरी ने कहा कि महर्षि भारद्वाज की पूजा के बिना प्रयागराज का पुण्य नहीं। मनकामेश्वर मंदिर के महंत श्रीधरानंद महाराज ने कहा कि प्रयागराज में महर्षि भारद्वाज प्रथम गुरु उनकी पूजा आवश्यक है। बैकुंठ धाम के महंत श्रीधराचार्य ने कहा कि महर्षि भारद्वाज महान गुरु थे जिनके 10000 शिष्य थे इसी क्षेत्र में उनका विश्वविद्यालय था पहले कुलपति कहलाए। इस वैष्णव



क्षेत्र में सार्वजनिक रूप से मानस मंदिर की बिक्री हम संतो को कष्ट देता है। सरकार हम संतों की वाणी पर विचार करें। भीषण ठंड में,प्रयागराज विद्वत् परिषद के तत्वावधान में महर्षि भारद्वाज जयंती प्रयागराज दिवस धूमधाम से मनाया गया। माघ मास की पंचमी को प्रयागराज के प्रथम ज्ञात महान गुरु महर्षि भारद्वाज जिन्होंने हवा में उड़ने वाले यंत्र का आविष्कार किया था। माघ मेले के प्रवर्तक थे। जयंती पर सुबह सवेरे माल्यार्पण कर उनके कार्यो को याद किया गया। जगह-जगह भरद्वाज जी की आरती व पुष्प वर्षा की गयी। महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा की शोभायात्रा संगम पहुंची जहां गंगा पूजन किया गया। संचालन डा प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। समारोह में महन्त श्रीधरानन्द, महन्त यमुनापुरी सचिव महानिर्वाणी अखाड़ा , जगदगुरू श्रीधराचार्य वैकुण्ठ धाम, नित्यनाथाचार्य जी, चन्द्र देव जी सच्चा आश्रम, राधामाधव दास, जगदगुरू नारायणा शांडिल्य गुरू संयोजक वीरेन्द्र पाठक, प्रो देवदत्त सरोदे प्रो आर एस पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, आशुतोष शुक्ल, ब्रजेन्द्र मिश्र, शशिकांत मिश्र विक्रम मालवीय, धीरज द्विवेदी, शैलेंद्र अवस्थी, डा प्रमोद शुक्ला, राहुल दुबे, डा श्रवण कुमार मिश्र संदीप शर्मा, अनिल मिश्र, अन्नू घिल्डियाल सभासद, रत्नेश मिश्र, कुलदीप सिंह, रघुनाथ द्विवेदी, डा रंजन बाजपेई, नीरज दीक्षित शार्दुल श्रीवास्तव आदि पुष्पांजलि में शामिल रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. शिवांगी भारती पुत्री बराती लाल निवासी ग्राम कुकुही, पोस्ट कछौना, तहसील सण्डीला, जिला हरदोई।

मेरे हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका रोल नं. 1155241 तथा सन् 2015 है, जो 05 जनवरी 2025 को नोएडा सेक्टर 59 से कहीं खो गया है। जिस किसी को मिले कृपया 6386532605 पर सम्पर्क करें।

**शिवांगी भारती**

## सूचना

सर्व साधारण को ज्ञात हो क राजेश कुमार पुत्र गरीबे, निवासी ग्रा.-पूरे अहिरन मजरे सकौली, पोस्ट- तिवारीपुर, थाना-रामसनेही घाट, तहसील-रामसनेहीघाट, जिला -बाराबंकी (उ.प्र.) पिनकोड-225409 के ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर-35142/BBK/05(UP 4120050035142) में पिता का नाम गरीबे हो गया है, जो आधार कार्ड में गरीबे यादव (GARIBE YADAV) है जो वास्तव में सही है और यही दर्ज होना चाहिए।

**शपथी**

राजेश कुमार, पुत्र गरीबे यादव

# बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार
# सेंसेक्स 780 अंक टूटा, निफ्टी 25900 के नीचे



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 780.18 अंक गिरकर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 263.90 अंक गिरकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के दबाव के बीच संभावित अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी को लेकर नई चिंताओं के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 1 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी निधियों की निरंतर निकासी के बीच धातु, तेल और गैस व कमोडिटी शेयरों में भारी नुकसान ने दबाव को और बढ़ा दिया है।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 780.18 अंक या 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 851.04 अंक या 1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 84,110.10 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 263.90 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,876.85 पर बंद हुआ।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 89.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और ट्रेंट सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। दूसरी ओर, इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स को लाभ हुआ।

**ट्रंप ने दी 500 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने की धमकी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक प्रतिबंध विधेयक का समर्थन किया है जो रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकता है, जिससे व्हाइट हाउस को चीन और भारत जैसे देशों के खिलाफ दबाव बनाने का मौका मिलेगा ताकि उन्हें मॉस्को से सस्ता तेल खरीदने से रोका जा सके।

अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बुधवार को कहा कि यह कानून व्हाइट हाउस को चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों के खिलाफ जबरदस्त दबाव देगा ताकि उन्हें रूस से सस्ता तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

**अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं ने डाला असर**

विनोद नायर, अनुसंधान प्रमुख, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर नई चिंताओं और लगातार विदेशी निवेश निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के बीच सतर्कता का रुख अपनाने से घरेलू बाजारों में गिरावट जारी रही, जिससे आय वृद्धि को लेकर आशावाद धूमिल हो गया।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट**

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक ऊंचा रहा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक नीचे बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मामूली गिरावट देखी गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 60.42 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत बढ़कर 60.42 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बुधवार को सेंसेक्स 102.20 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 84,961.14 पर बंद हुआ। निफ्टी 37.95 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 26,140.75 पर आ गया।

# बांग्लादेशी उत्पादों की बाजार में बढ़ती पैठ पर अरुणाचल चैंबर ने जताई चिंता



**मुंबई।** भारतीय बाजारों, विशेषकर संवेदनशील सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेश के उत्पादों की अनियंत्रित आमद बढ़ने पर अरुणाचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एसीसीआई) ने गंभीर चिंता जताई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि बाजार में विदेशी ब्रांडों का यह अबाध प्रवेश स्थानीय व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्वदेशी उद्यमियों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर रहा है। एसीसीआई ने राज्य में सख्त कदम उठाते हुए विदेशी ब्रांडों के वितरकों और खुदरा विक्रेताओं के लिए अल्टीमेटम जारी किया है, जो पूर्वोत्तर भारत के व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र में बढ़ती बेचैनी को दर्शाता है। एसीसीआई के अध्यक्ष तर्ह नचुंग ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों को बांग्लादेशी आयातों की तुलना में काफी अधिक परिवहन और परिचालन लागत का सामना करना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप, स्थानीय उद्यमी कम कीमत वाले आयातित सामानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ हो रहे हैं। चैंबर ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेशी कंपनियों के उत्पादों ने पूर्वोत्तर सहित देश भर में पहुंच बना ली है। बाजार में विदेशी ब्रांडों का यह अनुचित विस्तार आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के देश के लक्ष्य के विपरीत है और स्थानीय रोजगार व पारंपरिक व्यवसायों के लिए खतरा बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, एसीसीआई ने राज्य में पहचाने गए विदेशी ब्रांडों के वितरकों को अपने लाइसेंस तुरंत सरेंडर करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा स्टॉक को बेचने या निपटाने के लिए केवल एक सप्ताह का समय दिया गया है। व्यापार निकाय ने स्पष्ट किया है कि एसीसीआई की टीमें राज्य भर के बाजारों में औचक निरीक्षण करेंगी। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश भी शामिल है। व्यापारिक चिंताओं के साथ-साथ, एसीसीआई ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की रिपोर्टों पर भी गहरा रोष व्यक्त किया है। चैंबर ने रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 18 दिनों में छह हिंदुओं की हत्या की गई है, जो मानवीय आधार पर अत्यधिक परेशान करने वाला है।

## पोको एम8 5जी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरैबिलिटी और ईवी-ग्रेड 5,520एमएएच बैटरी के साथ भारत में लॉन्च



**नई दिल्ली।** पोको ने आज भारत में पोको एम8 5जी को लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन एक स्लिम, लाइटवेट डिज़ाइन, शानदार एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के संयोजन के जरिये रोजमर्रा के मनोरंजन में महत्वपूर्ण अपग्रेड लेकर आया है। इसे उन यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, सोशल मीडिया, फोटोग्राफी और दैनिक उत्पादकता के लिए अपने स्मार्टफोन पर निर्भर रहते हैं, पोको एम8 5जी वास्तविक दुनिया के उपयोग को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक अपग्रेड पर फोकस करता है। लॉन्च के बारे में, शाओमी इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा, एम8 5जी सीरीज एक बड़ा विकास है, जो सस्ती कीमतों पर नई और महत्वपूर्ण तकनीक देने पर हमारा ध्यान दिखाती है। कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, पतला और अच्छा डिज़ाइन, और इस कीमत में कम मिलने वाली खास सुविधाओं का मिश्रण पोको की रोज़ाना स्मार्टफोन इस्तेमाल को बेहतर बनाने की इच्छा पर ज़ोर देता है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री कीमतों को बढ़ा रही है, पोको एम8 5जी सस्ती कीमत और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर मजबूती से टिका हुआ है। ये ग्राहकों को बिना किसी समझौते के सावधानीपूर्वक डिज़ाइन, परफॉर्मेंस और नई क्षमताओं का बैलेंस देता है।

## ईमानदार अफसरों की टास्क फोर्स का ग्लोबल स्मग्लिंग एंपायर से सामना - नेटफ्लिक्स ने तस्करीः द स्मग्लर्स वेब' का ट्रेलर जारी किया




**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत हाई अलर्ट के साथ हुई है और अर्जुन मीना की टीम ने कमान संभाल ली है। नेटफ्लिक्स ने आज तस्करीः द स्मग्लर्स वेब का जबरदस्त ट्रेलर लॉन्च किया। यह एक रोमांचक थ्रिलर है, जो दर्शकों को सरकारी कस्टम विभाग के भीतर चलने वाली दिमागी जंग और दांव-पेचों से रूबरू कराएगा, जहाँ छिपाना एक कला है, खुफिया जानकारी का मोल है, और दूसरा मौका कभी नहीं मिलता है।

अल-डेरा, अदीस अबाबा, मिलान और बैंगकॉक में स्मग्लिंग के मुख्य गलियारों का पीछा करते हुए तस्करी में अंतर्राष्ट्रीय स्मग्लिंग की दुनिया की जटिल परतों को खोला गया है। यह दुनिया कोड वाले मार्गों, भ्रामक खुलासों और सोचे-समझे तरीकों से गुमराह करने वाली चालों का एक जाल है। इसकी कहानी देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात स्पेशलाईज़्ड कस्टम्स टास्क फोर्स के इर्दगिर्द घूमती है।

## तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ने से 80 लाख खुदरा विक्रेता बेचैन

**नई दिल्ली।** एफआरएआई ने तंबाकू पर टैक्स बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है। कानूनी तंबाकू उत्पादों पर टैक्स में भारी बढ़ोतरी को लेकर फेडरेशन ऑफ रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने गहरी चिंता जताई है। संगठन ने सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे छोटे रिटेलरों को नुकसान होगा और अवैध कारोबारियों को बाजार में बढ़त मिल सकती है। यह प्रतिक्रिया वित्त मंत्रालय की ओर से जारी उस अधिसूचना के बाद आई है, जिसमें वित्त मंत्रालय ने च्यूइंग टोबैको, जर्दा, सेंटेड टोबैको और गुटखा पैकिंग मशीन नियम, 2026 के तहत सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक पर 2,050 से 8,500 रुपये तक की एक्साइज ड्यूटी तय की है। यह नई दरें 1 फरवरी से लागू होंगी।

एफआरएआई ने बयान में कहा कि इस फैसले से छोटे दुकानदारों, फुटपाथ विक्रेताओं और फेरीवालों में भारी बेचैनी है, जिनकी आजीविका काफी हद तक रोजमर्रा की खपत वाले उत्पादों, खासकर तंबाकू पर निर्भर करती है। संगठन का दावा है कि वह करीब 80 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम रिटेलरों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है, जहां मुनाफा कम और बिक्री वॉल्यूम ज्यादा होता है।

## अग्निवेश अग्रवाल के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बड़े बेटे अग्निवेश अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इस दुखद घटना को स्तब्ध करने वाला बताया। प्रधानमंत्री ने लिखा कि श्री अग्निवेश अग्रवाल का असमय निधन बेहद चौंकाने वाला और दुखद है। इस भावुक श्रद्धांजलि में आपके दुख की गहराई साफ झलकती है। प्रार्थना है कि आपको और आपके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति और साहस मिले। ओम शांति। यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री ने अनिल अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के निधन पर किए गए पोस्ट के जवाब में दी। परिवार और कंपनी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अग्निवेश अग्रवाल वेदांता समूह की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के बोर्ड में शामिल थे।

## हिमालया बेबीकेयर ने शुरू किया शिशु की पहली सर्दियों के लिए 'वॉरी-फ्री केयर' का वादा करने वाला नया कैंपेन



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु पसंद करते हैं और माता-पिता भरोसा करते हैं, ने एक भावनात्मक कैंपेन लांच किया है, जो शिशु की पहली सर्दियों के दौरान एक मां की सहज चिंता को दर्शाता है।

सर्दियों की ठंडी और रूखी हवा की पृष्ठभूमि में यह फिल्म माता-पिता और शिशु के बीच स्नेहपूर्ण पल को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है, जहां वे अपने नन्हे बच्चे की कोमल त्वचा और गालों की सुरक्षा करते दिखाई देते हैं। डीवीसी की शुरुआत एक मां की इस चिंता से होती है कि सर्दियों की सर्द हवा उसके बच्चे की नाजुक त्वचा, खासकर उसके मुलायम और गोल-मटोल गालों को रूखा बना सकती है। गर्मजोशी और भरोसे के भाव के साथ कहानी चिंता से आत्मविश्वास की ओर बढ़ती है, जब मां एक सरल लेकिन प्रभावशाली वादा करती है-हम होने ही नहीं देंगे, जो इस बात को दर्शाता है कि मौसम कितना भी कठोर क्यों न हो, उसके शिशु के गाल मुलायम ही रहेंगे। भावनाओं और रोजमर्रा की सच्चाई से जुड़ी यह फिल्म हिमालया जेंटल बेबी लोशन और जेंटल बेबी क्रीम को शिशुओं के लिए सर्दियों के भरोसेमंद आवश्यक देखभाल उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करती है। इस प्रचार में हिमालया जेंटल बेबी लोशन और जेंटल बेबी क्रीम को प्रमुखता से दर्शाया गया है, जिसका स्किन-फ्रेंडली पीएच 5.5 तथा पेंटा मॉइस्चर लॉक फॉर्मुलेशन सर्दियों के दोरान शिशु की नाजुक त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है और उसकी त्वचा सुरक्षा परत को बनाए रखने में सहायक है।

मातृत्व की सहज भावना को विज्ञान आधारित भरोसे के साथ जोड़ते हुए, यह डीवीसी हिमालया बेबीकेयर को उन माता-पिता के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में फिर से स्थापित करता है, जो अपने शिशु की पहली सर्दियों में देखभाल को लेकर सजग हैं।

कैंपेन के बारे में बताते हुए हिमालया वेलनेस कंपनी के डायरेक्टर बेबीकेयर एनवी चक्रवर्ती ने कहा, ÷हिमालय बेबीकेयर में, हम समझते हैं कि शिशु की पहली सर्दी नए माता-पिता के लिए कई सवाल और चिंताएं लेकर आता है। यह डीवीसी उस गहरी भावनात्मक सच्चाई को दर्शाती है कि हर माता-पिता अपने बच्चे को छोटी-से-छोटी असुविधा से भी बचाना चाहते हैं।

इस फिल्म के माध्यम से हम माता-पिता को यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित शीर्ष ब्रांड के तौर पर हिमालया बेबीकेयर उनके शिशु की देखभाल और सुरक्षा में एक भरोसेमंद साथी है, और हमारे जेंटल फॉर्मुलेशन विशेष रूप से शिशु की त्वचा को मुलायम, पोषित और सर्दियों के लिए तैयार रखने के उद्देश्य से विकसित किए गए हैं।

## ओबेन इलेक्ट्रिक को ज़ी टीवी आईडियाबाज की पहली सक्सेस स्टोरी के तौर पर दिखाया गया




**लखनऊ।** भारत की तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक को ज़ी टीवी चैनल के स्टार्टअप रियलिटी शो आईडियाबाज में पहली सक्सेस स्टोरी के रूप में दिखाया गया है। यह सम्मान एक ऐसी भारतीय कंपनी को मिला है, जिसने मजबूत रिसर्च और डेवलपमेंट के दम पर ऑटोमोबाइल जैसे मुश्किल और बड़े निवेश वाले सेक्टर में पूरे देश में अपना कारोबार खड़ा किया है। इन उपलब्धियों के पीछे मेहनत, धैर्य और जज्बे की एक इंसानी कहानी है। बड़े सपनों और एक साझा सोच के साथ एक छोटे से गैराज में शुरू हुआ यह सफर आज भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी बन चुका है। महिला नेतृत्व वाली फाउंडिंग टीम मधुमिता अग्रवाल (फाउंडर और सीईओ), दिनकर अग्रवाल (फाउंडर,सीटीओ और सीओओ) और सागर ठक्कर (को-फाउंडर और सीपीओ) ने अपने पुराने उद्यमी अनुभव और ईवी और आरएंडडी की गहरी समझ के सहारे कंपनी को बिल्कुल शुरुआत से खड़ा किया।

इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, ओबेन इलेक्ट्रिक की शुरुआत इस विश्वास के साथ हुई थी कि टिकाऊ विकास मजबूत आरएंडडी, टेक्नोलॉजी पर पूरा कंट्रोल और हर काम में ऑपरेशनल डिसिप्लिन से ही आता है। आईडियाबाज की पहली सक्सेस स्टोरी बनना इस बात का प्रमाण है कि सोच-समझकर की गई लंबी प्लानिंग और लगातार मेहनत मिलकर ऑटोमोबाइल जैसे जटिल और पूंजी-प्रधान सेक्टर में भी बड़ी सफलता दिला सकती है।

## गीग वर्कर्स के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम slmg beverage pvt LTD में संपन्न हुआ



**लखनऊ।** लखनऊ शहर में गिग वर्कर्स को डिजिटल एवं वित्तीय रूप से जागरूक बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिंद्रा फाइनेंस एवं NIIT foundation के सहयोग से चल रहा है इसी कार्यक्रम के SLMG beverage pvt ltd kurshi road में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत NIIT फाऊंडेशन के मुख्य वित्तीय प्रशिक्षक रितेश शर्मा ने की , रितेश जी ने कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित गिग वर्क्स को बीमा वित्तीय अनुशासन लोन एवं डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,बीमा योजना के बारे में भी अवगत किया, वहां उपस्थित गिक वर्कर्स जिसमें Drivers, Delevery can drivers एवं सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे लोगों ने कार्यक्रम को समझा एवं सराहना की सभी ने डिजिलॉकर की उपयोगिता को विशेष रूप से समझा एवं NIT foundation की कार्यकर्ता रिचा मैम के सहयोग सेअपने फोन में उसको नामांकित किया एवं हो रहे फ्रॉड को जानकारी प्राप्त की एवं कार्यक्रम की सराहना की वहां उपस्थित 50 कार्यकर्ताओं ने मैं इस धन संवाद कार्यक्रम का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया NIIT फाऊंडेशन से उपस्थित मनोज, महेंद्र प्रिया एवं रिचा उपस्थित थे।

## आठ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री घटी

**नई दिल्ली।** शीर्ष-8 शहरों में पिछले वर्ष घरों की बिक्री एक फीसदी घटकर 3.48 लाख इकाइयों पर आ गई। औसत मूल्य 19 फीसदी बढ़ने के बावजूद मांग स्थिर बनी रही। नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा, होम लोन पर ब्याज दरों में कमी, मजबूत आर्थिक विकास और कम महंगाई कुछ ऐसे प्रमुख कारक थे जिन्होंने संभावित मंदी की आशंकाओं के बावजूद मकानों की मांग को बनाए रखने में मदद की। मुंबई क्षेत्र में आवासीय संपत्तियों की बिक्री एक फीसदी बढ़कर 97,188 यूनिट हो गई। औसत आवास मूल्य 7 फीसदी बढ़कर 8,856 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया।

दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 9 फीसदी घटकर 52,452 यूनिट रही, जबकि कीमतें 19 फीसदी बढ़कर 6,028 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। बंगलूरू में बिक्री 55,373 यूनिट पर स्थिर रही। मूल्य 12 फीसदी बढ़कर 7,388 रुपये रहा। पुणे में बिक्री 3 फीसदी घटकर 50,881 यूनिट रह गई, लेकिन कीमतें 5 फीसदी बढ़कर 5,016 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने मशाल 6.0 का सफल समापन किया

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने अपने दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव मशाल 6.0 ऊर्जन करें कप्रभाव डालें कप्रेरित करें का आज सफलतापूर्वक समापन किया। यह आयोजन संस्थान परिसर में खेल भावना, दृढ़ता और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता के जीवंत उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। इस महोत्सव की शुरुआत 7 जनवरी 2026 को एक ऊर्जावान उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसकी शोभा डॉ. कविता पाठक, निदेशक; डॉ. रश्मि चौधरी, डीन - छात्र कार्य; तथा डॉ. हेमेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष खेल एवं कल्याण समिति की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक वातावरण प्रदान किया तथा खेलों के माध्यम से विकसित होने वाले अनुशासन, नेतृत्व, मानसिक दृढ़ता और लचीलेपन के महत्व को सुदृढ़ किया। उद्घाटन समारोह का एक प्रमुख आकर्षण औपचारिक मशाल दौड़ रहा, जो धैर्य, एकता और संस्थान की स्थायी खेल भावना का प्रतीक था। मशाल प्रज्वलन के साथ ही मशाल 6.0 को औपचारिक रूप से आरंभ घोषित किया गया, जिससे दो दिनों तक



चलने वाली ऊर्जावान खेल गतिविधियों का मंच सजा। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. कविता पाठक ने कहा, ÷खेल जीवन जीने की एक शैली हैं, जो व्यक्ति को असफलता को स्वीकार करना, दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना तथा व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक दृढ़ता और चुस्ती विकसित करना सिखाते हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और जीवन की आगामी चुनौतियों के लिए तैयारी में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अपनी दैनिक दिनचर्या के हिस्से के रूप में सक्रिय रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मशाल 6.0 में क्षेत्र के 20 से अधिक महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे एक जीवंत और प्रतिस्पर्धात्मक खेल वातावरण का निर्माण हुआ। भाग लेने वाले संस्थानों में लखनऊ विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, बीबीडी, एम.सी. सक्सेना कॉलेज, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, सिटी लॉ कॉलेज, आईएमआरटी, एसएमआरसीईएम, केजीएमयू, केकेसी, सरदार भगत सिंह कॉलेज, नेशनल पीजी कॉलेज, एसएमएस, नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, एसआरएमयू, डॉ. आरएमएल करियर मेडिकल कॉलेज, टेक्नो समूह सहित अन्य संस्थान शामिल रहे। इस महोत्सव में संरचित प्रतिस्पर्धात्मक प्रारूपों में आयोजित विभिन्न आउटडोर और इनडोर खेल प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। आउटडोर प्रतियोगिताओं में क्रिकेट नॉकआउट प्रारूप, बास्केटबॉल पुरुष एवं महिला वर्ग, वॉलीबॉल (तीन सेटों में सर्वश्रेष्ठ), तथा फुटबॉल (लीग और नॉकआउट मुकाबले) शामिल थे। इनडोर प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन (विभिन्न श्रेणियाँ), टेबल टेनिस (एकल और युगल), शतरंज (बहु-चरणीय प्रतियोगिता), कैरम (एकल और युगल), तथा आठ गेंद पूल (व्यक्तिगत प्रारूप) आयोजित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों की उनके उत्कृष्ट टीम भावना, अनुशासन और निष्पक्ष खेल के प्रति प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सराहना की गई।

## फोनपे के 10 सालः भारत को सशक्त बनाने के एक दशक का जश्न

**कानपुर।** फोनपे ने हाल ही में इनोवेशन और भरोसे का एक शानदार दशक पूरा किया। भारत के फिनटेक इकोसिस्टम में 10 साल का यह सफर सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का उत्सव है। इस दशक में फोनपे ने न केवल वित्तीय पहुँच को बढ़ाया है, बल्कि भारत में लेन-देन और पैसों को मैनेज करने के तरीके को भी बदला है। साल 2025 में, फोनपे ने 600 मिलियन रजिस्टर्ड यूज़र्स का आँकड़ा पार करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ के रूप में इसकी भूमिका को और मज़बूत कर दिया। इस साल हमारा पूरा फोकस कस्टमर्स के भरोसे मजबूत करने और अपनी सेवाओं को हर किसी तक पहुँचाने पर रहा। इसी सोच के साथ हमने UPI सर्कल लॉन्च किया गया, जो भरोसेमंद कॉन्टैक्ट्स के लिए डेलीगेटेड पेमेंट की सुविधा देता है। साथ ही, करोड़ों यूज़र्स को धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन से बचाने के लिए हमने फोनपे प्रोटेक्ट जैसा मजबूत सुरक्षा कवच भी तैयार किया है। मर्चेंट सिस्टम को

PhonePe

मजबूत बनाने के लिए, फोनपे ने मेड-इन-इंडिया स्मार्टस्पीकर और स्मार्टपॉड पेश किए हैं, जो देश भर के बिजनेस के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। SIDBI के साथ मिलकर हमारी उद्यम असिस्ट पहल के जरिए, हम MSMEs के लिए डिजिटल-फर्स्ट इंटीग्रेशन देने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक बन गए हैं, जिससे छोटे व्यापारियों के लिए लोन लेना अब काफी आसान हो गया है। इसके अलावा, फोनपे ने भारत के मिसिंग मिडिल के लिए होम इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस जैसी किफायती, ज़रूरी सुरक्षा लॉन्च करके कंज्यूमर्स के लिए अपने प्रोडक्ट ऑफरिंग को बढ़ाया है। साथ ही म्यूचुअल फंड पर लोन जैसे स्मार्ट लेंडिंग विकल्पों के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि करोड़ों लोगों तक न केवल वित्तीय सेवाएँ पहुँचें, बल्कि उन्हें जरूरत पड़ने पर तुरंत फंड्स भी मिल सकें। इस सफ़र के बारे में बताते हुए, फोनपे के फाउंडर और CEO समीर निगम जी ने कहा कि हमारे दस साल के सफ़र का सबसे रोमांचक हिस्सा यह है कि, भले हम कितनी भी दूर आ गए हों, शिखर अभी भी नज़र नहीं आ रहा है। हमें अभी नहीं पता कि यह कैसा होगा और यही बात इसे रोमांचक बनाती है। हज़ारों जुनूनी, मेहनती लोग हर दिन अपने काम में सबसे अच्छा बनने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह सफ़र पहले जितना ही सार्थक और जोश से भरा हुआ है। फोनपे के फाउंडर और CTO राहुल चारी जी ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने फोनपे में क्या बनाया है। पूरी इंडस्ट्री और इकोसिस्टम से हमें जो सम्मान और समर्थन मिला है, उसने हमें और भी विनम्र बना दिया है। अगर इस सफ़र से कोई सीख मिलती है, तो वह यही है कि हमेशा कुछ ऐसा बनाएँ जिस पर लोग सच में विश्वास करें, क्योंकि जुनून ही वह शक्ति है जो एक विचार को बड़े प्रभाव में बदल देती है।

# डीएम का सख्त निर्देश : 22 जनवरी तक पंचायत सहायकों का भुगतान नहीं हुआ तो बीडीओ का वेतन बाधित

**डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न**



कलेक्ट्रेट में स्वच्छता समिति की बैठक करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित स्वच्छता अभियानों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। कूड़ा निस्तारण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, रखरखाव तथा उनकी नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जन आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है।

बैठक में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण एवं सत्यापन, सामुदायिक शौचालयों की प्रगति, रेट्रोफिटिंग कार्य, न्यूनतम व्यय करने वाली 10 ग्राम पंचायतों की समीक्षा, ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी के कार्य, जन योजना अभियान सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से प्रगति के संबंध में पूछताछ कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खण्ड विशुनपुरा अंतर्गत सिंघा पट्टी में खेल मैदान, कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा मेले के दौरान भीड़ को देखते हुए शौचालय निर्माण जैसे कार्यों को क्षेत्र पंचायत की योजनाओं में शामिल कर उन्हें शीघ्र मूर्त रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बांसी एवं हिरण्यवती नदी के लिए 10-10 लाख रुपये की व्यवस्था उनके स्तर से किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मुसहर समाज के लिए 100 आवासों की कॉलोनी निर्माण के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी, पडरौना से विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि लगभग एक हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर उसका ले-आउट तैयार कराया जाए। बैठक में पंचायत सहायकों के लंबित मानदेय भुगतान पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि 22 जनवरी तक किसी भी विकास खण्ड में पंचायत सहायकों का भुगतान लंबित पाया गया, तो संबंधित खण्ड विकास अधिकारी का वेतन रोक दिया जाएगा।

## गांव में तेंदुए ने किया दो किसानों पर हमला

**प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र में में एक घर में तेंदुआ घुस गया है। तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने के लिए कानपुर से आई डॉक्टरों की टीम घर में घुसी है। इससे पहले तेंदुए ने 2 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में सूर्य प्रकाश (25) और मनोज कुमार (35) शामिल हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके बाद एक किसान के घर में घुस गया। परिवार के 5 लोगों ने भागकर जान बचाई। किसान ने हिम्मत दिखाकर तेंदुए को घर में बंद कर दिया। वन विभाग और 4 थानों की फोर्स मौके पर मौजूद है। वन विभाग ने घर के चारों तरफ जाल बिछा दिया है। इस दौरान गांव वालों की भीड़ जमा हो गई है। एहतियातन इलाके की घेराबंदी की गई है। मामला झूंसी थाना क्षेत्र के छिबैयां गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह तेंदुआ गांव के पास एक तालाब के पास था। वहां कुछ लोगों ने उसे देखा। उसके बाद गांव के लोग जुट गए। इसी दौरान किसी ने तेंदुए को पत्थर मार दिया।

# राजनीतिक दलों को गणना अवधि से सम्बन्धित बिन्दुओं से अवगत कराया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक**

**बस्ती।** अपर जिलाधिकारी / उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देश के कम में जनपद बस्ती में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य प्रकाशन-06 .01.2026 की आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को दिये जाने के सम्बन्ध में कलेण्ट्रेट सभागार में पूर्वाहन 11.00 बजे जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका ज्योत्सना की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों अमृत कुमार वर्मा, जिला कार्यालय प्रमुख भारतीय जनता पार्टी, अक्षयवट नाथ पाण्डेय, नगर महासचिव समाजवादी पार्टी, के0के0 तिवारी, सचिव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (गर्क्तवादी), रामसुभाष वर्मा, जिलाध्यक्ष आन आदमी पार्टी , अभिषेक आर्य, जिला महासचिव, अपना दल (एस), बाबूराम सिंह, पी0सीसी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, दीपक कुमार, जिला सचिव, बहुजन समाज पार्टी का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की गयी, जिसमें अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनाक 04.11.20025 से 28.12.2025 तक की गणना अवधि से सम्बन्धित बिन्दुओं से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 1900430 मतदाताओं के गणना प्रपत्र वितरित किये गए थे, जिसके सापेक्ष 1802143 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को विदाइ किया गया जिसमे 673080 मत दाताओं को Self category (33.42%) 817411 मतदाताओं को Prugery (43.01%), 1490471 मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची से मैप किया गया, 3363 (5.86%) मतदाता 2003 की मतदाता सूची से गैर नहीं हुए है जिनको नोटिस जारी किया जायेगा और ऐसे सभी मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित अभिलेखों में से कतिपय अभिलेखों को प्रस्तुत किया जाना होगा। नोटिस पेज (जारी करने, सुनवाई तथा सत्यापन में गणना प्रपत्रों निर्णय लेने तथा दावा आपरियों के निस्तारण की अवधि दिनाक 06.01.2028 से दिनांक 27-02 2026 तक है। 1900430 मतदाताओं में से 298287 (15.70%) मतदाताओं को Uncollectable कैटेगरी में डाला गया है जिसमे-57467 मतदाताओं को Death category (3.02%), 57404 मतदाताओं को Untraceable/absent category (2.86%), 148066 मतदाताओं की Permanently shifted category (7.79%), 1084 मतदाताओं की Others category (0.06%), 37277 मतदाताओं को already enrolled category (1.96%)। बैठक के अन्त में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हस्तशिल्प प्रदर्शनी से आर्थिक सशक्तिकरण को मिलेगी पहचान : किरन



प्रदर्शनी का अवलोकन करती नपाध्यक्ष किरण

**17 जनवरी तक लगेगी हस्तशिल्प प्रदर्शनी और बिक्री केंद्र**

**अवधनामा संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित बिरला धर्मशाला परिसर में नेशनल हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को कुशीनगर क्रोशिया हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल ने क्रोचेट, इम्ब्राइडरी, टेराकोटा, ज्वेलरी, मूंज क्राफ्ट आदि की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय में उत्सवों में इन समानों की भारी मांग थी। आधुनिकता की चकाचौंध में ये सब चीजें विलुप्त होती चली गई, इसके संरक्षण की आवश्यकता है। प्रदर्शनी का अवलोकन अजय शुक्ला, छोटू नागमणि, विपीन शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, ग्राम प्रधान शमशुल हक, नागमणि त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, दिनेश तिवारी भोजपुरिया आदि ने किया। निदेशक देश दीपक दूबे ने अतिथियों को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया व सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में हैंगिंग, झूमर, बेड सीट, टैडी वियर, सूट, श्रग, गेट, क्रोशिया ज्वेलरी, पर्दा, क्रोशिया डाल, क्रोशिया थाल पोश व जुट क्राफ्ट इत्यादि हस्त शिल्प के 20 स्टाल लगाए गए हैं।

## पड़ौली शेखपुरवा में 400 जरूरतमंदों में बंटा कम्बल



**अवधनामा संवाददाता**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के गांव पडौली शेखपुरवा में गुरुवार को ठंडक से बचने के लिए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह के सौजन्य से ग्राम सभा के 400 जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बिनोद गुप्ता रहे।

बता दें कि उक्त ग्राम सभा में हाड कंपा देने वाली ठंडक को देखते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह ने चार सौ जरूरत मंद लोगों में कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी बिनोद गुप्ता ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ठंडक से बचाने के लिए गांव गांव अलाव और कम्बल वितरण कर रही है समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोग भी अपने अपने सुविधा के अनुसार कम्बल वितरण कर रहे हैं। यहां के प्रधान द्वारा जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण करना सराहनीय कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास है कि गांव में कोई जरूरतमंद न छुटे कम्बल से सभी जरूरत मंद लोगों को कम्बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान व संचालन अवधेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राजकुमार पाण्डेय, वृंदावन पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, जोखू शर्मा, मिथिलेश मिश्रा, नेबुलाल कन्नौजिया, दीनदयाल सिंह, रामज्ञान सिंह, अमित कुमार, प्रभात चन्द कन्नौजिया, दीनदयाल प्रसाद, गोविंद, मुरलीधर आदि मौजूद रहे।

## गेहूं पिसाने निकली दो नाबालिक बहने लापता दो दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**जलालपुर।** अम्बेडकरनगर जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से गेहूं पिसाने गई दो नाबालिक चचेरी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। घटना को चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को किशोरी बहनों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। फिलहाल पुलिस दोनों की तलाश में जुटी हुई है।किशोरी की मां ने जैतपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री और उसकी 12 वर्षीय चचेरी बहन बीते 5 जनवरी को घर से गेहूं लेकर आटा चक्की पर गई थीं, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास के गांवों और नात-रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, मगर दोनों का कहीं पता नहीं चल सका। तहरीर में महिला ने बताया कि तलाश के दौरान उनकी पुत्री की किताब में एक अज्ञात मोबाइल नंबर भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति ने दोनों नाबालिक किशोरियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है।

# नए वर्ष में 28 जनवरी तक निशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्य आयुक्त उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह जनवरी 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी के मध्य कराया जाएगा।

खाद्यान्न वितरण से पूर्व समस्त उचित दर दुकानों पर उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों से संबंधित उपजिलाधिकारियों के माध्यम से कराया जाएगा। नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा अपनी देख-रेख में वितरण कार्य को पारदर्शी ढंग से एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराया जाएगा। अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टीफाइड चावल (कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेहूं एवं 03 किलोग्राम फोर्टीफाइड चावल (कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के दौरान पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले लाभार्थियों हेतु वितरण की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2026 को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथियों में अपनी-अपनी दुकानों को प्रातः 08:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक खुला रखकर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें।

# खुले आसमान तले अनशन पर दिव्यांग अल्पना जीना बोझ, मरने की गुहार अनसुनी

**रामकोला क्षेत्र के सिंगहां गांव का मामला, दबंगों ने जीना तबाह किया**



खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठी दिव्यांग

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रामकोला क्षेत्र के सिंगहा गांव की दिव्यांग महिला अल्पना तिवारी की पीड़ा आज व्यवस्था के काले सच का आईना बन गई है। चलने-फिरने में असमर्थ अल्पना पिछले चार दिनों से खुले आसमान के नीचे भूखी-प्यासी अनशन पर बैठी हैं, लेकिन प्रशासन की संवेदनहीनता ने उनकी करुण पुकार को भी अनदेखा कर दिया।

राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की गुहार लगाने वाली यह महिला अब सवाल उठा रही है–क्या दिव्यांग होना इस सिस्टम में अपराध है? अल्पना तिवारी की जिंदगी दबंगों की ज्यादती ने तबाह कर दी। उन्होंने थाने से कलेक्ट्रेट, अफसरों से जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री से राष्ट्रपति तक न्याय की दहलीज पर सिर झुकाया, लेकिन हर दरवाजे पर सिर्फ खामोशी और टालमटोल मिला। हताश होकर उन्होंने जीने के अधिकार को ही त्यागने का फैसला कर लिया। चार दिनों से अनशन पर उनके सूखते गले, कांपते शरीर और बुझती आंखें चीख-चीखकर बयां कर रही हैं कि दर्द इतना गहरा हो चुका है कि जिंदगी बोझ लगने लगी है। मैं सिर्फ अपनी नहीं, हर उस बेबस महिला के लिए लड़ रही हूं जिसे दबंग कुचलते हैं और सिस्टम अनदेखा कर देता है, अल्पना ने कमजोर आवाज में बताया। उनके अनशन ने महिला सम्मान, सुरक्षा और संवेदनशील शासन के दावों को खोखला साबित कर दिया। अगर समय रहते उनकी सुनवाई न हुई और अनशन के दौरान कुछ अनहोनी हुई, तो यह प्रशासनिक लापरवाही का काला अध्याय लिखा जाएगा। लोगों का कहना है कि अल्पना का यह अनशन कोई आंदोलन नहीं, बल्कि व्यवस्था के पत्थर दिल पर करुणा की तीखी चोट है। प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूटे, इसके लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। अल्पना की कहानी चेतावनी है। मंचों पर तालियां बजती रहेंगी, लेकिन जमीनी हकीकत में इंसानियत भूखी मरने को छोड़ दी जाएगी।

## आपसी रंजिश में दो छात्रों के बीच चाकूबाजी, एक घायल

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवा स्थित एक निजी इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार दो छात्रों के बीच हुई मारपीट के दौरान चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार, उक्त इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले कक्षा 12 के छात्र नौशाद पुत्र लाल बहादुर गद्दी, निवासी घाघव जगदीश के नौका टोला, थाना तरया सुजान एवं उसके सहपाठी गोविंद साहनी पुत्र कन्हैया साहनी, निवासी ग्रामसभा जवहीं दयाल, थाना तरया सुजान के बीच किसी आपसी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान नौशाद द्वारा चाकू से किए गए हमले में गोविंद साहनी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सेवरही थाना अंतर्गत पिपरा घाट चौकी इंचार्ज आकाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी छात्र को मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल छात्र को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

# साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु दिये गये आवश्यक दिशानिर्देश



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्यामकांत, क्षेत्राधिकारी सदर एंव रुधौली तथा साइबर थाना/ साइबर सेल व जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर सेल के अधिकारी/ कर्मचारीगण के साथ पुलिस लाइन बस्ती स्थित सभागार में गोष्ठी किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी साइबर सेल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड, फेक न्यूज़ तथा ओटीपी आधारित ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, आने वाली प्रत्येक शिकायत का तत्काल संज्ञान लेकर प्राथमिक जांच की जाए तथा पीड़ित को त्वरित राहत प्रदान की जाए। इन अपराधों पर त्वरित कार्रवाई एवं रोकथाम के लिए साइबर सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यवाही की जाए। जनपद में साइबर जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए तथा स्कूल-कॉलेज, ग्राम पंचायतों एवं बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने अथवा हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें।

## सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण



**अवधनामा संवाददाता, तमकुहीराज, कुशीनगर।** सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से गुरुवार को कुशीनगर जनपद के नेशनल हाईवे पर स्थित सलेमगढ़ टोल प्लाजा परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों वाहन चालकों एवं स्वामियों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को आयोजित शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम द्वारा वाहन चालकों का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि नेत्र विशेषज्ञों ने आंखों की विस्तृत जांच कर आवश्यक सुझाव दिए। चिकित्सकों ने बताया कि कमजोर दृष्टि और खराब स्वास्थ्य सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन सकते हैं, इसलिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद आवश्यक है।इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में सलेमगढ़ टोल प्लाजा के प्रबंधक मनोज यादव की भूमिका अहम रही। उनके नेतृत्व में शिविर में पहुंचे जरूरतमंद वाहन चालकों को निःशुल्क दवाओं के साथ चश्मों का भी वितरण किया गया। आयोजन को लेकर वाहन चालकों ने टोल प्रबंधन की पहल की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी ।** गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अन्तर्गत गुरुवार को रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पूजा सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों तथा उनसे बचाव के उपायों के विषय में छात्राओं को जागरूक किया तथा अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करने लिए बताया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रमाधिकारी प्रियंका मिश्रा, और सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

## तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा पीड़ित की फ्रॉड गयी 46,500/- रूपये कराए गए वापस

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के मार्गदर्शन में थाना तरबगंज की साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा पीड़ित की फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि 46,500/- पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी। आवेदक श्री अरविन्द कुमार मिश्रा पुत्र जनार्दन मिश्रा निवासी ग्राम पूरेगाना बादलपुर थाना तरबगंज जनपद गोण्डा द्वारा कुल 46,500/- रूपये फ्रॉड हो जाने के संबध में शिकायतकर्ता द्वारा आनलाइन शिकायत की गई थी । जिसपर थाना तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 46,500/- रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए थाना तरबगंज की साइबर हेल्पडेस्क की टीम को धन्यवाद दिया गया। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।

# गोण्डा का जिला महिला अस्पताल बना कब्र गाह

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई तरह के वादे किए जाते हैं लेकि न गोंडा जिला महिला अस्पताल में आए दिन प्रसुताओं और नवजात शिशुओं की मौत पर अब योगी सरकार पर सवाल उठने लगे हैं,योगी के स्वास्थ्य मंत्री की नाकामी से जनता परेशान हो रही है,योगी सरकार के अस्पतालों का बुरा हाल है जिला महिला अस्पताल में आए दिन नवजात बच्चों का प्रसुताओं की मौत हो रही है लेकिन अस्पताल प्रशासन हवाई योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं, जिला महि ला अस्पताल में बुधवार को डिलीवरी के बाद एक 35 वर्षीय मंजू देवी की मौत हो गई।

इस घटना को लेकर देर रात चार बजे तक परिजनों ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर सीएमओ डॉ संतलाल पटेल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।सीएमओ डॉ.संतलाल पटेल ने मामले का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जां च कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में एक एडिशनल सीएमओ, एक सीनियर डॉक्टर और एक विशेषज्ञ शामिल हैं।यह टीम पूरे मामले की जांच कर सीएमओ को रिपोर्ट सौंपेगी डॉ.संत लाल पटेल ने बताया कि यह घटना दुखद है और उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं उन्होंने कहा कि परिजनों के आरोपों पर जांच कमेटी बनाई गई है। जांच रिपोर्ट में लापरवा ही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्र वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कोई भी डॉक्टर या कर्मचारी जानबूझकर लापरवाही नहीं करता,लेकिन आरोपों की जांच की जा र ही है। वही नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने ब ताया कि देर रात चले हंगामे को शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है परिजनों से एक तहरीर भी ली गई है,जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जां च कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सीएमओ के द्वारा की जाएगी।

## अपने बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक : मौलाना जैगमुल

**अवधनामा संवाददाता, जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में गुरुवार को सैयद बाकर हैदर ज़ैदी (ज़फर) मरहूम के इसाले सवाब की मजलिस अकीदत और सम्मान के साथ आयोजित की गई। मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। इस मौके पर मौलाना सैयद ज़ैगमुल रिज़वी ने बच्चों की शिक्षा और उनके नैतिक विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बेहतर शिक्षा ही बच्चों को आत्मनिर्भर बनाती है और एक मजबूत, जागरूक व सभ्य समाज की नींव रखती है। मौलाना ने कहा कि इस्लाम ने हमेशा ज्ञान अर्जन को सर्वोच्च स्थान दिया है और शिक्षा को हर इंसान के लिए जरूरी बताया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और उन्हें अच्छी तालीम के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी बोध कराएं।

# मतदाता सूची में नाम बढ़ाने को लेकर बनी रणनीति

**समाजवादी पार्टी के महानगर इकाई की मासिक बैठक आयोजित**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर इकाई की मासिक बैठक आज पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन एवं संचालन महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट ने किया।

बैठक में चर्चा करते हुए नेताओं ने कहा कि एसआईआर के बाद भी बड़ी संख्या में ऐसे युवा, महिलाएं एवं वंचित वर्ग के लोग हैं, जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाए हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने और हर नागरिक को मतदान का अधिकार दिलाने के लिए मतदाता सूची का समावेशी होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समाजवादी पार्टी ने जमीनी स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

बैठक में महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन द्वारा बताया गया कि चुनाव आयोग से प्राप्त फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र नागरिकों की पहचान करेंगे, उन्हें फॉर्म-6 भरने में सहयोग करेंगे और समयबद्ध ढंग से संबंधित निर्वाचन कार्यालयों में फार्म जमा कराएंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी एवं महानगर प्रभारी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि यह कार्य केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। समाजवादी पार्टी हमेशा से जनभागीदारी और सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाना नागरिक अधिकारों की रक्षा का एक सशक्त माध्यम है। पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहर की तीनो विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों की मतदाता सहायता टीम का गठन किया गयाहै जो फॉर्म-6 से संबंधित जानकारी, दस्तावेजों की जांच तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन में मदद करेगी। साथ ही, पार्टी के वरिष्ठ नेता समय-समय पर इस अभियान की समीक्षा करेंगे और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# नानपारा के ग्राम गुजरातीपुरवा में संपन्न हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

■ विधायक नाननपारा ने एसडीएम के साथ वितरित किये कम्बल

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत थाना खैरीघाट के ग्राम गुजरातीपुरवा में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 513 ज़रूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक श्री वर्मा ने कहा कि कम्बल वितरण से ज़रूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है। श्री वर्मा ने प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमज़ोर वर्ग को संबल मिलता है। श्री वर्मा ने समाज के सक्षम व्यक्तियों का आहवान किया कि वे भी ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदार बने।

उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने कहा कि शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील एवं सक्रिय रहते हुए सभी चिन्हित ज़रूरतमन्दों तक समय से सहायता पहुंचायी जाये। इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व शिवपुर के मथुरा प्रसाद, थानाध्यक्ष खैरीघाट, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमणकारियों के आगे बेबस नजर आ रहा है जिला प्रशासन

**सुल्तानपुर।** जिला प्रशासन अतिक्रमणकारियों के आगे बेबस नजर आ रहा है लगभग 1 माह से अधिक समय से नगर पालिका द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से आक्रमणकारियों को आवागमन के लिए रास्ता मुक्त करने का आवाहन किया जा रहा है। लेकिन दबंग आक्रमणकारी उसको नजर अंदाज कर अपने जगह पर कायम है वहीं जिला प्रशासन भी कई दिनों से अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रहा है लेकिन अभियान का दस्ता ज्यों ही आगे बढ़ता है पीछे से आक्रमणकारी फिर अपनी जगह पर काबिज हो जाते हैं इन लोगों को न तो चालान का डर है और न ही अपने सामान को जप्त होने का, कारण है कि जैसे ही आक्रमण विरोधी अभियान निकलता है वैसे ही इन्हें पहले से ही सूचना हो जाती है और रास्ते से अपना सामान हटा लेते हैं और दस्ते के आगे बढ़ते ही फिर से उनकी दुकानें सज जाती हैं वहीं राहगीर भी अब यह जान चुके हैं कि इन आक्रमणकरियो के आगे जिला प्रशासन बेबस हो चुका है।

# आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक मनाये जा रहे यातायात सुरक्षा माह अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) ओ0पी0 सिंह के नेतृत्व में अवधराज गुप्ता, यात्रीकर अधिकारी बहराइच द्वारा जनपद बहराइच के गोंडा रोड स्थित दोनक्का चौराहा क्षेत्र में एक व्यापक एवं विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य रूप से ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं अन्य भारी एवं धीमी गति से चलने वाले वाहनों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया। उक्त के अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पारले चीनी मिल परिसर में एक व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान का भी आयोजित किया गया। अभियान के तहत गन्ना ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे रात्रि एवं कोहरे के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाई जा सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा जनपद में 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्री कर अधिकारी अवधराज गुप्ता ने विभिन्न पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर अभियान की स्थिति का जायजा लिया तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पेट्रोल पंप संचालकों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान यात्री कर अधिकारी अवधराज गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों का एक बड़ा कारण हेलमेट का प्रयोग न करना है। ऐसे में 'नो हेलमेटदूनो फ्यूल' अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। एआरटीओ ओपी सिंह ने उपस्थित वाहन चालकों एवं ईट भटठा यूनियन के पदाधिकारी एवं पारले चीनी मिल के सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि रात्रि के समय एवं कोहरे जैसी परिस्थितियों में ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़क पर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देतीं, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ऐसे में रिफ्लेक्टर पट्टियां पीछे से आने वाले वाहनों को समय रहते संकेत देकर दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं एवं सभी ईट भटठा यूनियन एवं सम्बंधित को निर्देषित किया गया कि रिफ्लेक्टर पट्टियां लगवाए जाने हेतु वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया करें एवं सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है।अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, ओवरलोडिंग से बचाव, निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन के वैध दस्तावेज साथ रखने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर ईट भटठा यूनियन बहराइच एवं चीनी मिल सभी कार्मिको द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सुगमतापूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

# कर्मियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

■ शीघ्र हो समस्या का समाधान

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर नजर आए और उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपने जायज हक के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, बैठक में मुख्य रूप से ए.सी.पी., एन.पी.एस., बोनस, जी.पी.एफ और पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की पदोन्नति के जो मामले पात्रता के बावजूद लंबित है उन्हें तत्काल विभागीय चयन समिति डी.पी.सी. के माध्यम से पूर्ण किया जाए, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन संबंधियों के प्रपत्र विदाई ही के दिन ही पूर्ण कर उन्हें लाभांवित किया जाए, एन.पी.एस. कटौती और उसके अपडेशन में आ रही तकनीकी डिक्कतों को दूर करने के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए, बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मचारी प्रशासन की रीढ़ है, यदि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होगा, तभी वह पूर्ण मनोयोग से जनता की सेवा कर पाएंगे, सभी विभागीय अध्यक्ष 15 दिन के अंदर अनुपालन रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## निशुल्क खाद्यान्य वितरित 8 से 28 जनवरी तक

**फिरोजाबाद।** माह जनवरी, 2026 का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्त्योदय कार्ड हेतु गेहूँ 14 किग्रा., चावल 11 किग्रा. व बाजरा 10 किग्रा (कुल 35 किग्रा.) प्रति कार्ड निःशुल्क वितरण किया जायेगा तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा. गेहूं, 01 किग्रा0 चावल व 02 किग्रा. बाजरा (कुल 05 किग्रा.) प्रति यूनिट वितरण किया जायेगा। निर्धारित वितरण तिथि 08.01.2026 से 28.01.2026 तक निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त वितरण नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित कराया जायेगा। दिनांक 28.01.2025 को मोबाइल ओ.टी.पी. के माध्यम से आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। वितरण कार्य निश्चित समयानुसार सुनिश्चित किया जायेगा जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। समस्त कार्डधारकों-उपभोक्ताओं से अपील है कि वह शासन द्वारा निर्धारित वितरण तिथि पर अपना खाद्यान्न निःशुल्क उचित दर विक्रेताओं से नियमानुसार प्राप्त करें।

# भाजपा ने बूथ स्तर पर मतदाताओं से सम्पर्क करने की अपील



अवधनामा संवाददाता

**टूण्डला।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा टूंडला की बैठक एटा रोड स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा के सभी सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं एसआई आर की जिला टोली उपस्थिति रही।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा की सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे जिससे नव मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म सिक्स भरवाया जा सकेगा। गहन मतदाता पुनरीक्षण द्वितीय चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे आपत्तियों के साथ-साथ नए वोट बनाने में हमारे बूथ अध्यक्ष बीएलओ को सक्रिय करने की जिम्मेदारी सभी मंडल अध्यक्षों की है बार-बार बूथ पर मंडल की टीम संपर्क करेगी। बैठक में शैलेंद्र सिंह ,शिव शंकर शर्मा, शैलेंद्र प्रताप, महिपाल निषाद, आकाश शर्मा, सतीश बघेल, दिनेश गुप्ता, धर्मेंद्र प्रताप संजू, महावीर बघेल, पूरन बीडीसी, धर्मेंद्र, अजीत जुरेल, अजीत कुशवाह, सूरज धाकरे, सुनील पाठक, चौधरी जयवीर सिंह, देवेंद्र बेनीवाल, वीरेंद्र प्रताप सचिन जैन, पुष्पेंद्र पाल सिंह जुबिन भारद्वाज, देवांशु उपाध्याय, रामू कुशवाहा, महेश माहौर, ब्रजवीर सिंह चौहान, अजय प्रधान, कप्तान सिंह निषाद आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में गठित हुई जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति

**बहराइच।** जनगणना-2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन हेतु जनपद बहराइच में जिलाधिकारी /प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। समन्वय समिति में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को अपर जिला जनगणना अधिकारी /सदस्य तथा मुख्य विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी व जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि को सदस्य नामित किया गया है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के हवाले से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि गठित की गई जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का कार्यकाल 01 जनवरी 2026 से 30 जून 2027 तक होगा। जनगणना-2027 की प्रारम्भिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला गणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गणना, आंकड़ों के प्रकाशन एवं सारणीकरण आदि कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण कराने का उत्तरदायित्व समिति का होगा।

## एडीओ व ग्राम प्रधान ने बांटे असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** लाइनपार के गांव में कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ग्राम सचिवालय में असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए। इस दौरान वृद्धों को सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी गई। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टूंडला खाम के गांव नगला रति स्थित ग्राम सचिवालय पर ग्राम प्रधान भगवान देवी के नेतृत्व में असहाय व जरूरतमंद 40 लोगों को कंबल वितरण किया गया। ग्राम प्रधान ने वृद्धों को कड़ाके की सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी। इस दौरान एडीओ पंचायत इंद्रलता तोमर, सचिन भावना वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि रघुवीर सिंह उर्फ भाईजी, चौकी प्रभारी राजावत, चौकी सहायक नदीम अली, लेखपाल प्रबलप्रताप सिंह, पंचायत सहायक विशाखा, समाजसेवी पूर्व प्रधान धर्मप्रकाश, बबलू बाबा, अरुण कुमार देव, अंकुश मास्टर, के.पी. सिंह, रामशेवक आदि उपस्थित रहे।



# राहुल नगर का प्रतीक्षालय बना 'शोभा की वस्तु'

अवधनामा संवाददाता

**अखंडनगर/सुलतानपुर।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों-करोड़ों की लागत से बनाए जाने वाले प्रतीक्षालय रख-रखाव और गलत योजना के कारण दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला अखंड नगर ब्लॉक के राहुल नगर बाजार का है, जहाँ नवनिर्मित प्रतीक्षालय अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है।

**निर्माण के कुछ ही समय बाद टूटने लगी फर्श-** हैरानी की बात यह है कि इस प्रतीक्षालय का निर्माण अभी हाल ही में हुआ था, लेकिन पहली बारिश और कुछ ही समय के उपयोग में इसकी फर्श टूटने लगी है। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल की आशंका जताते हुए स्थानीय निवासियों ने इसके स्थायित्व पर सवाल उठाए हैं।

**माननीयों की तस्वीरों का भी सम्मान नहीं-** प्रतीक्षालय की दीवारों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें लगाई गई थीं। विडंबना यह है कि प्रशासन और संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते ये तस्वीरें भी क्षतिग्रस्त (फटी हुई) अवस्था में हैं, जो सरकारी उदासीनता की पराकाष्ठा को दर्शाती हैं।

**लोकेशन पर उठे सवाल: बाजार के बाहर होने से अनुपयोगी-** ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रतीक्षालय जनता के लिए 'सफेद हाथी' साबित हो रहा है। इसका मुख्य कारण इसका बाजार से बाहर होना है। ग्रामीणों का तर्कः यदि यह प्रतीक्षालय राहुल नगर बाजार के मुख्य केंद्र में बना होता, तो बस या सवारी का इंतजार करने वाले सैकड़ों यात्रियों को इसका लाभ मिलता। वर्तमान स्थितिः बाजार से दूर होने के कारण यात्री यहाँ रुकना पसंद नहीं करते, जिससे यह स्थान अब केवल लावारिस पशुओं या असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने की ओर अग्रसर है। जब योजना जनता की सुविधा के लिए है, तो उसे जनता की पहुँच से दूर क्यों बनाया गया? यह सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी है।

## बल्दीराय तहसील के 57 राजस्व गांव सदर तहसील में किए गए शामिल

**सुलतानपुर।** आखिरकार एक लंबे अंतराल के बाद बल्दीराय तहसील के 57 राजस्व गांव को सुल्तानपुर तहसील में शामिल किए जाने का आज आदेश जारी कर दिया गया। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने आज तत्काल प्रभाव से इस अधिसूचना का अनुपालन करने का निर्देश दे दिया है। गौरतलब हो कि इन 57 राजस्व गांव के लोगों के लिए सदर तहसील पास पड़ती थी, बावजूद इसके इन गांव को बल्दीराय तहसील बनाए जाने पर उनमें शामिल कर दिया गया था। लंबे समय से ग्रामीण इसकी मांग कर रहे थे, पूर्व में कई विधायकों और सांसदों से इसकी मांग भी की गई थी। कई बार लोगों ने चुनाव में मतदान बहिष्कार करने का अल्टीमेटम भी दिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान विनोद सिंह ने इन राजस्व गांव के लोगों से वायदा किया था कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो हर हाल में इन गांव को सदर तहसील में जुड़वाया जाएगा। शासन प्रशासन से लगातार वार्ता और लिखापढ़ी के बाद आखिरकार विधायक विनोद सिंह की प्रयास रंग लाया।

# अब्दुल हमीद एसोसिएशन ने बांटे कंबल



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शहीद वीर अब्दुल हमीद एसोसिएशन, सुल्तानपुर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक सराहनीय सामाजिक पहल का परिचायक है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आज दोपहर 1 बजे शहीद वीर अब्दुल हमीद अस्पताल, नगर पालिका सुल्तानपुर परिसर में आयोजित हुआ।

इस मानवीय कार्यक्रम में चिकित्सा, समाजसेवा, राजनीति और संगठन से जुड़े कई सम्मानित नाम शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. सिंह की उपस्थिति सराहनीय रही। डाक्टर ए के सिंह जो एक वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सक हैं और लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं। उनके साथ डॉ. सुधाकर सिंह और डॉ. एस.पी. सिंह, सपा नेता शकील अहमद खान, व्यापारी नेता रविंद्रत्रिपाठी, संस्था के संरक्षक अब्दुल हई, जलील अंसारी, अब्दुल गफ्फार, संस्था मीडिया प्रभारी सुजीत कसौधन, मोहम्मद साकिब सरफ़राज अहमद, इरफान अहमद, गुड्डू जायसवाल,की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही। जो चिकित्सा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहीद वीर अब्दुल हमीद एसोसिएशन के अध्यक्ष मकरूल अहमद नूरी इदरीसी की अहम भूमिका रही, जिनके नेतृत्व में यह संस्था लगातार गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रही है। आयोजन में शहर के कई समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, नेता, पत्रकार और संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता भी शामिल रहे। जो इस नेक पहल को मजबूती प्रदान कर रहे थे।कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम न केवल ठंड से बचाव का साधन बनते हैं, बल्कि समाज में भाईचारा, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। जब डॉक्टर, समाजसेवी, नेता और संस्था के कार्यकर्ता एक मंच पर आकर सेवा करते हैं, तो उसका प्रभाव कहीं अधिक व्यापक होता है। यह आयोजन देश के महान सपूत शहीद वीर अब्दुल हमीद को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिनका जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित रहा। यह कार्यक्रम समाज को यह संदेश देता है कि सामूहिक प्रयासों से ही जरूरतमंदों के जीवन में राहत और मुस्कान लाई जा सकती है।

# पुलिस ने चलाया अभियान, साइबर अपराध से कैसे बचें



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के दिशानिर्देश में बढ़ते साइबर क्राइम से शिवगढ़ थानाक्षेत्र में साइबर अपराध से आम जनता को बचाने के लिए प्रभारी थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा के नेतृत्व में आम जनमानस को साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जाए इसके लिए वृहद स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाकर जागरूक किया। खासकर महिलाओं से थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने साइबर फ्रॉड से सजग कैसे रहा जाए, इसके लिए उन्हें टिप्स देते हुए बताया की,साइबर फ्रॉड करने वालों का टार्गेट अधिकतर महिलाए होती है,तरह-तरह के प्रलोभन व भय दिखाकर आपके बैंक खाते खाली कर लेते है, आप ऐसी काल आने पर घबराए नही, ऐसी किसी भी काल पर अपनी कोई भी जानकारी साझा न करें, जिससे आपको आर्थिक क्षति उठानी पड़े। थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहाकि आपलोग अपराध व अपराधी गतिविधियों की जानकारी पुलिस से साझा करे,आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। किसी भी समय आप मित्र पुलिस से संपर्क कर सकते है। थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने बताया की पुलिस अधीक्षक के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के निर्देशानुसार शिवगढ़ पुलिस अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफल हो रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**
**खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–20 सीनि०डी०ई०ई०– लखनऊ –25 दिनांक: 31.12.2025 में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–20–सीनि० डी०ई०ई०– लखनऊ–25 |
| 2. | कार्य का नाम | फाफामऊ स्टेशन पर लाइन संख्या 4 और 5 के दोनों सिरों पर ट्रैक और टर्न आउट में गड़बड़ी को ठीक करने के कारण ओएचई का संशोधन कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 47,13,101.91 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 94,300.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं०: टीआरडी–20–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25 दिनॉंक 31.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 79/26

# जेएस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द, 15 हजार छात्रों का भविष्य अंधकार में डूबा

अवधनामा संवाददाता

■ विश्वविद्यालय में तैनात 250 शिक्षक और कर्मचारियों को रोजी-रोटी का संकट

■ परीक्षा दे रहे छात्रों ने कहा विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द करना गलत

■ सरकार अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ ना करे

**शिकोहाबाद।** जेएस विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2015 में हुई थी। स्थापना के बाद विश्वविद्यालय ने दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की। प्रतिवर्ष विश्व विद्यालय में नये कोर्स के ओएमयू साइन हुए और लगभग सभी विषयों में मान्यता मिल गई। जिसके बाद विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र लेकर अध्यन करने लगे। लेकिन वर्ष 2022 से विश्वविद्यालय पर संकट के बादल मंडराने लगे। इस मामले में शिकोहाबाद थाने में भी तीन एफआईआर दर्ज हुई हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सुकेश यादव और कुलसचिव नंदन मिश्र जयपुर जेल में बंद हैं।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्रमंडल की बैठक में जेएस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द करने पर निर्णय लिया गया। जिसे पास कर दिया। इसके बाद बुधवार को सुबह विश्वविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष के पांचवे सेमेस्टर फिजिक्स का पेपर था। जिसमें चार सौ छात्र बैठे। परीक्षार्थी परीक्षा देकर निकले तो दैनिक जागरण की टीम ने उनसे विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द होने पर बातचीत भी की। इस पर ज्यादातर छात्रों का कहना था कि सरकार जेएस विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द कर 15 हजार छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय के जरिये 250 लोग अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। इसकी मान्यता रद्द होने के बाद इन 250 लोंगों के परिवारों के सामने भी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा और बेरोजगारी भी बढ़ जायेगी। छात्रों ने कहा कि कई अन्य प्राइवेट विश्वविद्यालयों में भी इस तरह की फर्जी डिग्रियां बनती हैं, उन पर तो कोई कार्यवाही नहीं की है।

## गरम सिकाई से नहीं, समय पर सही पहचान से रुकेगा बच्चों का निमोनिया

**बहराइच।** निमोनिया पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसके मामले सर्दियों में बढ़ जाते हैं। कई परिवार इसे ठंड लगना मानकर घरेलू उपायों पर निर्भर रहते हैं। इसी गलतफहमी और इलाज में देरी के कारण बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुँचते हैं, जबकि निमोनिया में समय पर उपचार सबसे अहम होता है।

जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती तीन माह का एक शिशु इसका उदाहरण है। उसकी माँ शांति देवी (बदला हुआ नाम) बताती हैं कि शुरुआत में ठंड समझकर घर पर लहसुन-अजवाइन वाले तेल से गरम सिकाई की गई, लेकिन जब बुखार बढ़ा और साँस तेज़ होने लगी, तब बच्चे को अस्पताल लाया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी बताते हैं कि सर्दियों में ऐसे कई शिशु रोज़ प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होकर आते हैं, जिनमें अधिकांश गंभीर निमोनिया से पीड़ित होते हैं।

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सोनभद्र**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : 59/EDC(So)2025-26
दिनांक-09.01.2026

**1. कार्य का नाम:** विद्युत वितरण मण्डल, सोनभद्र के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड रावर्ट्सगंज एवं पिपरी के अन्तर्गत कुल 40 अद्द 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रो के 225 अद्द इनकमिंग एवं आउट गोइंग फीडर स्थापित विद्युत उपकेन्द्रो पर 33 के0वी0 वी0सी0वी एवं 11 के0वी0 वी0सी0वी0 मरम्मत का कार्य।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु0 3540 | धरोहर राशि : रु0 18000 |

ई-निविदा की अंतिम तिथि :- 23 जनवरी 2026 समय सायं 05:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल**
**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**रावर्टसगंज- सोनभद्र (उ.प्र.)**

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **30.01.2026 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00202026 दिनांक 08.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 29-Sr.DEN-VI-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत PRG-PYGS स्टेशनों के बीच KM 1/20-22 पर अतिक्रमण वाली जगह पर फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान के संबंध में सिविल कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 94,54,198.21 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 1,89,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 16.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.01.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 93/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर बाल विवाह की घटनाओं को रोकने, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करने तथा कानूनों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत थाना AHT की संयुक्त टीम द्वारा थाना बलरई क्षेत्रान्तर्गत जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत मैरिज होम स्वामी, सभासद, बैंड संचालक, प्रधानगण, हलवाई, मंडप एवं बैंक्विट हॉल के स्वामी तथा मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया एवं बाल विवाह को दण्डनीय अपराध बताते हुए Zero Tolerance नीति से अवगत कराया गया। उक्त अभियान में प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज थाना बलरई, प्रभारी sjpu व थाना प्रभारी ए0एच0टी0व मुख्य आरक्षी विनोद कुमार शुक्ला, महिला मुख्य आरक्षी प्रीती देवी व बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता मौजूद रहे।

# आईजीआरएस में हमीरपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- जिलाधिकारी धनश्याम मीना के नेतृत्व में प्रदेश में सातवां स्थान

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी धनश्याम मीना के कुशल मार्गदर्शन एवं सशक्त प्रशासनिक नेतृत्व में जनपद हमीरपुर ने जनसुनवाई आईजीआरएस प्रणाली में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। जनसमस्याओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के परिणामस्वरूप माह दिसम्बर 2025 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में हमीरपुर जनपद ने सातवां स्थान हासिल किया है। इस दौरान जनपद को 95.71 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, वहीं शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्टि फीडबैक में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी धनश्याम मीना के नेतृत्व में विगत कई माह से जनपद का प्रदर्शन निरंतर उत्कृष्ट बना हुआ है और हमीरपुर प्रदेश के टॉप-10 जनपदों में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आवेदकों से सीधे संपर्क स्थापित कर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया गया, जिससे जनसुनवाई व्यवस्था पर आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में जनसमस्याओं को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी निस्तारण कराया जा रहा है। शिकायतों के समाधान के उपरांत प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। उनके स्पष्ट निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति के अनुरूप समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जिलाधिकारी धनश्याम मीना की सक्रिय पहल से जनता दर्शन के दौरान सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान ले रहे हैं। आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन सन्दर्भ एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के अनुरूप भूमि विवाद सहित अन्य जटिल प्रकरणों में आवश्यकतानुसार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी धनश्याम मीना ने इस उपलब्धि का श्रेय आईजीआरएस टीम एवं जनपद के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को देते हुए निर्देश दिए हैं कि आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, ताकि जनपद हमीरपुर प्रशासनिक उत्कृष्टता का यह मानक लगातार बनाए रखे।

# 14 मोटरसाइकिलों के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जरिया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की 14 मोटरसाइकिलों के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में हरिमोहन राजपूत पुत्र जयकरन निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ, हिमांशु सेन पुत्र लक्ष्मीप्रसाद निवासी ग्राम अमूंद थाना जरिया, राहुल पुत्र टीकाराम अहिरवार निवासी ग्राम न्यूलीबासा थाना जलालपुर तथा गुलाम वारिस पुत्र मोहम्मद जलील निवासी ग्राम सिचौली पुरवा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों की कुल 14 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना जरिया में मुकदमा संख्या 09/2026 धारा 317(2), 317(4), 317(5) एवं 345(3) बीएनएस के तहत पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त हरिमोहन राजपूत का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध वर्ष 2024 में थाना राठ में धारा 137 (2)/87 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना जरिया एवं एसओजी तथा सर्विलांस सेल के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे, जिनके संयुक्त प्रयास से यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा अन्य घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में भी अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

# राजेंद्र ऑटो व्हील्स ने महिंद्रा के नए मॉडल का किया शानदार आगाज़, ग्राहकों में भारी उत्साह

वहाज अली निहाल



**इटावा।** विरासत मैरिज होम, रामलीला ग्राउंड के सामने शहर के प्रमुख ऑटोमोबाइल डीलर राजेंद्र ऑटो व्हील्स द्वारा गुरुवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा के नवीनतम वाहन XUV 7XO एवं XEV 9 S का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ऑटोमोबाइल जगत की हस्तियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन चीफ गेस्ट जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं सदर गेस्ट ऑफ ओनर विधायका श्रीमती सरिता भदोरिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राजेंद्र ऑटो व्हील्स के प्रबंध निदेशक नीरज तिवारी एवं पंकज तिवारी ने बताया कि महिंद्रा की यह नई पेशकश न केवल अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानकों से लैस है, बल्कि भारतीय सड़कों और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। इस अवसर पर राजेंद्र ऑटो व्हील्स के सीईओ श्री मुनींद्र पुरवार, जनरल मैनेजर सौरभ तिवारी और जनरल मैनेजर विवेक यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इसकी मुख्य विशेषताएं दमदार परफॉरमेंसः वाहन में शक्तिशाली इंजन और बेहतर माइलेज का अनूठा संगम है। सुरक्षा फीचर्सःइसमें एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (ADAS) और मल्टीपल एयरबैग्स जैसी अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। आधुनिक इंटीरियरःप्रीमियम केबिन अनुभव और शानदार टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम। राजेंद्र ऑटो व्हील्स के प्रवक्ता ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, हमें गर्व है कि हम महिंद्रा के इस भरोसेमंद और शक्तिशाली वाहन को अपने ग्राहकों के लिए लेकर आए हैं। आज लॉन्चिंग के पहले ही दिन हमें ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया और बुकिंग्स प्राप्त हुई हैं। लॉन्च के अवसर पर आयोजन स्थल पर आए ग्राहकों के लिए टेस्ट ड्राइव और विशेष फाइनेंस स्कीम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। राजेंद्र ऑटो व्हील्स ने घोषणा की है कि आने वाले पूरे सप्ताह ग्राहकों के लिए विशेष एक्सचेंज बोनसऔर अर्ली बर्ड डिस्काउंट जारी रहेगा।

# अश्वनी यादव जिलाध्यक्ष एवं चन्द्र जीत सिंह जिला महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**इटावा।** नगर के एक होटल में जनपद इटावा के ए आर पी संघ का निर्वाचन कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कानपुर मंडल संयोजक डॉ अनुजा सेंगर की देखरेख में सम्पन्न हुआ।ए आर पी साथियों ने सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार यादव को जिलाध्यक्ष एवं चन्द्र जीत सिंह को जिला महामंत्री चुना, साथ ही कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राहुल त्रिपाठी, पुष्पेंद्र शाक्य, आशुतोष शुक्ला एवं प्रियंका गुप्ता, संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार सिंह एवं ऋषभ यादव, संगठन मंत्री पद पर प्रियंका गौर एवं प्रदीप पाल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा एवं राहुल दुबे, जिला प्रवक्ता गिरजेश सिंह यादव एवं चन्द्र कांत त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा रिक्त पदों पर भर्ती पूर्ण कराने एवं जनपद को शासन की मंशा के अनुरूप निपुण जनपद बनाना एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना। कार्यक्रम के दौरान शिव प्रताप सिंह, आलोक दोहरे, सीमा गौतम, शिप्रा सिंह, राजवीर, अरविंद कुमार शाक्य आदि ए आर पी उपस्थित रहे।

# हिमालय परिवार की बैठक संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बुधवार को मधुबन वाटिका में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन हिमालय परिवार की जिले की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई।बैठक में हिमालय परिवार के पदाधिकारी व सदस्यों को पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी ने केंद्रीय स्तर पर संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए सदस्यों से विचार विमर्श किया गया।जिसमे मुख्य बिंदु 1-वृक्षारोपण एवं रपति वृक्षों का संरक्षण का संकल्प लेकर उन्हें संरक्षित करना। 2-हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम जनमानस में परिवार की गतिविधियों के प्रति जागरूक करना। 3-ग्राम स्तर पर विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थल पर परिवार की योजनाओं के अनुसार कार्यक्रम कराए जाना। 4- राष्ट्रीय पर्व को हर्ष उल्लास से समारोह पूर्वक आयोजित करना राष्ट्रीय चिन्ह और राष्ट्रीय ध्वज का वितरण करना। 5-जन जागरण हेतु पदयात्रा का आयोजन करना मार्च माह में इन सभी विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में जिले के संरक्षक दिलीप मिश्रा, जिला अध्यक्ष प्रोफेसर आर के त्रिपाठी, जिला संयोजक नीरज मिश्रा, महामंत्री अवधेश चतुर्वेदी, अतुल तिवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, के के त्रिपाठी, कुलदीप अवस्थी अमित शुक्ला, दिवारी लाल राजपूत, शिवकांत दुबे, कोषाध्यक्ष आनंद विभूषित दीक्षित, मंत्री राघवेंद्र यादव, आकाश तिवारी, विशाल तिवारी, संदीप दुबे, सर्वेश राजपूत, जयदयाल प्रजापति, जुगल किशोर राजपूत, मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** सवायजपुर थाना क्षेत्र में रूपापुर हरपालपुर मार्ग पर सहिजना मोड़ समीप तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के राहगीरो की सूचना 108 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी जीरो छह सौ तीस लेकर पहुचे ईएमटी नवल कुमार सिंह व पायलेट सुनील कुमार ने घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवाजपुर में भर्ती कराया। अरवल थाना क्षेत्र के फदुल्लापुर गांव निवासी आदित्य कुशवाहा पुत्र उमेश कुशवाहा उम्र 17 वर्ष बाइक से अपनी बहन अंशिका को लेने पाली थाना क्षेत्र के रामनगर गांव लेने जा रहे थे।इस दौरान सवायजपुर थाना क्षेत्र में रूपापुर हरपालपुर मार्ग पर सहिजना मोड़ समीप तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के राहगीरो की सूचना 108 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफजी जीरो छह सौ तीस लेकर पहुचे ईएमटी नवल कुमार सिंह व पायलेट सुनील कुमार ने घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवाजपुर में भर्ती कराया।

## एएसपी आलोक राज नारायण को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति, एसपी ने लगाए रैंक प्रतीक चिन्ह



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** हरदोई के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक शाहाबाद आलोक राज नारायण के अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें विधिवत रैंक प्रतीक चिह्न (अशोक स्तंभ) लगाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि आलोक राज नारायण एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं मेहनती अधिकारी हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पदोन्नति के साथ उन्हें और अधिक जिम्मेदारियां मिली हैं, जिनका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। मोके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सहित अन्य राजपत्रित अधिकारीगण मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने पदोन्नत अधिकारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## न्यायिक अधिकारियों के साथ जनपद न्यायाधीश की बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदोई भूपेन्द्र द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई रीता कौशिक की अध्यक्षता में दिनाँक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 में अधिक से अधिक वादों के सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारण कराए जाने हेतु न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 के अंतर्गत सुलह योग्य अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराये जाने हेतु पत्रावलियों को मध्यस्थता केंद्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। जिससे राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया।उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी(पुलिस),थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## बालिका सशक्तिकरण शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद ना सिर्फ देश को बिजली बनाकर प्रकाशित करने का कार्य कर रही है बल्कि अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से अपने परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके जीवन को प्रकाशमान कर रही है । नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं हेतु 07 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला का उद्घाटन परियोजना प्रमुख (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा, वर्तिका महिला मण्डल समिति शिखा श्रीवास्तव ने परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि शीतकालीन कार्यशाला बालिकाओं को नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान कर रही है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगी। इन कार्यक्रमों से बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और भविष्य में वे इस प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाएँगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। आज बालिकाओं की शिक्षा हेतु अनेक प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज के हर क्षेत्र में समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभा रही हैं। इस दिशा में बालिका सशक्तिकरण अभियान सपनों की उड़ान एनटीपीसी की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मानव संसाधन राजेश बोयपाई ने भी उपास्थि बालिकाओं से वार्ता की और उनका मनोबल बढ़ाया। और उन्होने कहा कि इस कार्यशाला के अंतर्गत बालिकाओं को आगे बढ़ाने हेतु एनटीपीसी रिहंद सदैव तत्पर रहेगा। बालिका सशक्तिकरण शीतकालीन अभियान 01 सप्ताह काकार्यशाला है जिसमें बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# शिल्पकारों का हुनर बनेगा विकसित भारत का आधार : जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीकृत पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का शुभारंभ रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज, डीएम ने फीता काटकर किया, इस दौरान डीएम ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की सराहना भी की, डीएम ने कहा कि शिल्पकारों के सर्वांगीण विकास तेजी लायी जाये, कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह और शिल्पकारों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हमारे पारंपरिक हुनरमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक क्रांतिकारी कदम है उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सदियों से हमारे समाज की अर्थव्यवस्था की धुरी रहे बढ़ई, लोहार, कुम्हार और मूर्तिकार जैसे शिल्पकारों को आज नए भारत में वह सम्मान मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं पीएम विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि आपके कौशल को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करना है विपणन सहायता उत्पादों की ब्रांडिंग और उन्हें ऑनलाइन /ऑफलाइन बाजारों से जोड़ने में सरकार मदद कर रही है उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना प्रारम्भ की गयी है जिसमें युवाओं को 5 लाख रूपये तक बिना ब्याज के ऋण सुविधा मिलती है डीएम ने जनपद वासियों से अपील की है कि ये 9 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में आकर पीएम विश्वकर्मा के कौशल को देखें और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सिद्ध करें।

# लाल सोने के खेल पर प्रशासन का बड़ा प्रहार

- ओवरलोड ट्रैक्टरों पर उपजिलाधिकारी की सख्ती, पांच वाहन पकड़े गए

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा-हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में अवैध खनन के जरिए चल रहे लाल सोने के कारोबार पर आखिरकार प्रशासनिक चाबुक चल ही गया। उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में की गई सघन कार्रवाई के दौरान ओवरलोड मिट्टी/मौरंग लदे पांच ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़ लिया गया, जिससे खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई के दौरान सिजनौडा के निकट चार ओवरलोड ट्रैक्टर पकड़े गए, जबकि एक अन्य ट्रैक्टर रहमानिया रोड पर पकड़ा गया। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक की स्थिति भी बन गई। हालात को देखते हुए पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा, जिसके बाद कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया। सूत्रों के अनुसार ओवरलोडिंग और अवैध खनन के इस संगठित खेल में सफेदपोशों की संलिप्तता की आशंका भी जताई जा रही है। यही वजह है कि कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग पूछ रहे हैं कि आखिर लाल सोने के इस कारोबार के पीछे असली सरगना कौन हैं। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल शुरुआत है और ओवरलोडिंग व अवैध खनन के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा। पकड़े गए ट्रैक्टरों को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं पूरे नेटवर्क की जांच भी शुरू कर दी गई है। मौदहा में हुई इस कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर अब प्रशासन किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है।

# योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस को खुली चुनौती शासनादेश की अवहेलना

- ओबरा में ईओ ने नहीं छोड़ा कार्यभार
- भ्रष्टाचार की फाइलें समेटने में ईओ ओबरा नगर पंचायत में प्रशासनिक मनमानी

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ओबरा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 6 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश की खुलेआम अवहेलना का मामला सामने आया है। नगर पंचायत ओबरा जनपद सोनभद्र के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल का शासनादेश के माध्यम से तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर नगर पंचायत निधौली कला, जनपद एटा में तैनाती कर दी गई थी, इसके बावजूद उन्होंने अब तक ओबरा नगर पंचायत का कार्यभार नहीं छोड़ा है। नगर विकास अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र संख्या 51/9-1-2026-09सा/25/टी0सी0, दिनांक 06 जनवरी 2026 में स्पष्ट निर्देश है कि संबंधित अधिकारी को तत्काल कार्यभार त्याग/ग्रहण करना होगा। आदेश के पैरा-2 में यह भी उल्लेख है कि आदेश की अवहेलना की स्थिति में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद संबंधित अधिशासी अधिकारी द्वारा कार्यभार न छोड़ने से प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज है। मौखिक रूप से यह तर्क दिया जा रहा है कि जिलाधिकारी कार्यालय से पत्र प्राप्त नहीं हुआ, जबकि सेवा नियमों के अनुसार शासनादेश स्वयं में प्रभावी आदेश होता है और उसके अनुपालन हेतु किसी अतिरिक्त पत्र की आवश्यकता नहीं होती। स्थानीय नागरिकों व जागरूक लोगों का कहना है कि इस तरह की मनमानी से न केवल शासन की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है, बल्कि नगर पंचायत में प्रशासनिक व वित्तीय अनियमितताओं की आशंका भी बढ़ रही है। आरोप है कि नगर पंचायत में लंबित भ्रष्टाचार से जुड़ी फाइलों को समेटने का प्रयास किया जा रहा है।मामले को गंभीर मानते हुए राकेश केशरी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर शासन स्तर पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। अब देखना यह है कि शासन इस खुली अवहेलना पर कब और क्या सख्त कदम उठाता है तथा नगर पंचायत ओबरा में प्रशासनिक अनुशासन कब बहाल होता है।

# नो हेलमेट नो फ्यूल का किया जाये पालन : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** डीएम बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम एवं गैस एजेन्सी के विक्रय प्रबन्धको के साथ बैठक की गयी बैठक के दौरान डीएम ने उपस्थित विक्रय प्रबन्धकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश में एक माह के लिए सड़क सुरक्षा अभियान प्रारम्भ किया है। बैठक के दौरान उन्होनें कहा है कि पेट्रोल पम्पों पर अनाधिकृत तरीके से वाहन खड़े न होने पाये अनाधिकृत तरीके से वाहन खड़े हुए किसी पेट्रोल पम्प पर पाये जाते है तो सम्बन्धित पेट्रोल पम्प स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी और पेट्रोल पम्प के सामने सड़क पर अनाधिकृत तरीके से क्रास कटिंग पायी जाने पर भी सम्बन्धित पेट्रोल पम्प स्वामी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी उन्होने कहाकि सड़क सुरक्षा माह के दौरान पेट्रोल पम्पों और उसके आस पास सड़क सुरक्षा से बचाव हेतु साइनेज बोर्ड लगाये जाये जिससे कि लोगों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त हो उन्होने कहा कि पेट्रोल पम्पो पर नो हेलमेट नो फ्यूल के नियम का पालन सुनिश्चित कराया जाये सड़को एव ढाबों आदि पर अनाधिकृत तरीके से खड़े होने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये अनाधिकृत तरीके से सड़को पर वाहन खड़े होने की स्थिति में कोहरें के दौरान दुर्घटना होने की अधिक सम्भावना बनी होती है इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। बैठक में उपस्थित अपर डीएम न्यायिक रमेश चन्द्र, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एआरओ पृथ्वीराज सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# गांवों के विकास में लापरवाही नहीं होगी: केशव मौर्य

- ग्रामीण विकास कार्य तेज करने के निर्देश
- समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण विकास पर जोर
- ग्राम चौपालों को व्यापक रूप से आयोजित करने के निर्देश
- ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: केशव मौर्य
- जी राम जी अधिनियम पर जागरूकता अभियान तेज
- ग्रामीण रोजगार गारण्टी को मिलेगी नई गति
- विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के आदेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांवों के विकास कार्यो को तीव्र गति से कराए जाने के उद्देश्य से ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को व्यापक दिशा निर्देश दिये हैं।उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नही होगी। केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय 7- कालिदास पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकास खण्ड की 2 ग्राम पंचायतो में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। निर्देश दिये कि इन चौपालो को व्यवस्थित व सुचारू रूप से वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए, वहां पर गांव में ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए और इस दौरान विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के बारे में भी लोगों को विस्तार से जानकारी दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा विकसित भारत-जी राम जी के बारे में लोगों को जागरूक करने की प्रबल आवश्यकता है, इस अधिनियम के महत्व व महत्ता पर भी विधिवत प्रकाश डाला जाए। ग्राम चौपालों में विकसित भारत-जी राम जी के बारे में पंपलेट वितरित कराये जाएं। ग्राम चौपाल में समूहों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभाग में किसी भी स्तर से जो पत्र जाते हैं, उन पर समयबद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र में स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोजगार सृजन के लिए 'विकसित भारत-गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम-2025 पारित किया गया है। सरकार प्रत्येक पात्र को समय पर काम, प्रत्येक गांव में टिकाऊ परिसम्पत्तियों का निर्माण तथा प्रत्येक श्रमिक को सम्मान, सुरक्षा व खुशहाली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अधिनियम ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश सरकार इस कानून को पूरी संवेदनशीलता, व पारदर्शिता के साथ राज्य में लागू कर रोजगार की नयी गारण्टी प्रदान करेगी,और इस दिशा मे प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम रोजगार गारण्टी प्रदान करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसम्पत्तियों के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इसमें रोजगार की गारण्टी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन की गयी है। श्रमिको के पारिश्रमिक के भुगतान की व्यवस्था को सरल व पारदर्शी किया गया है। किसानों को मजदूरों की कमी दूर करने के लिए राज्यों को बुआई व कटाई के समय 60 दिन तक कार्य विराम का अधिकार प्रदान किया गया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के प्रशिक्षण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा की संस्थान में प्रशिक्षण की क्षमता बढ़ाते हुए सभी चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पूरी क्षमता के साथ प्रशिक्षण दिया जाए।

# अखिलेश यादव का बड़ा आरोप: बीजेपी वालों के निकले फर्जी वोट

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को एसआइआर को लेकर भाजपा पर आरोप लगते हुए कहा कि बीजेपी वालों के निकले फर्जी वोट, पीडीए को रोकने की साजिश कि गयी उन्होने कहा कि एसआइआर को एनआरसी बता डाला। अखिलेश यादव ने कहा कि वोट बढ़ाने का बीजेपी के लोग दवाब बनाएंगे क्योंकि उनका वोट कट गया है। उन्होंने फर्जी वोट बनाए थे। इसका मतलब फर्जी वोट डाले गए हैं और सबसे ज्यादा वोट बीजेपी के बूथों पर निकले हैं। उन्होने आगे कहा कि जहां तीन करोड़ वोट कटे हैं वहीं भाजपा ने अपने एक करोड़ वोट बढ़ा लिए हैं। उन्होने मांग की कि जो नकली वोट बना रहे हैं उनके खिलाफ एफआईआर हो। सपा मुखिया ने कहा कि पहले दिन से हम लोग यह बात कहते रहे कि एसआइआर नहीं, एनआरसी है। लखनऊ में मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा मतदाता सूची, पंचायत मतदाता सूची और नगर निकाय मतदाता सूची के आंकड़ों में भारी अंतर सामने आ रहा है। विधानसभा मतदाता सूची में जहां करीब 12.56 करोड़ मतदाता बताए जा रहे हैं, वहीं पंचायत मतदाता सूची में यह संख्या 12.70 करोड़ है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महंगाई इसलिए बढ़ी है क्योंकि बीजेपी के लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं, भ्रष्टाचार की वजह से महंगाई है। वहीं सपा मुखिया ने हर वोटर और हर एक पीडीए प्रहरी से एक बार फिर ये अपील है कि पीडीए समाज के वोटों को काटने की किसी भी साज़िश को कामयाब न होने दें। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया एसआईआर नहीं बल्कि एनआरसी जैसी है, जिसे चुनाव आयोग के जरिए लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि किसी भी मतदाता का वोट न कटे, लेकिन भाजपा के दबाव में बड़े पैमाने पर वोट काटे गए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री को पहले से कैसे पता था कि चार करोड़ वोट कटने जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब जो ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हुई है, वह बूथ स्तर तक पहुंचेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि हर मतदाता अपने नाम की जांच करे और किसी भी साजिश का शिकार न बने। अखिलेश का कहना था कि भाजपा के कई बूथों पर बड़ी संख्या में फर्जी वोट कटे हैं, जिससे अब भाजपा के नेता खुद परेशान हैं और सरकार वोट बढ़वाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रही है।

# आरटीई में आवेदन के समय अब बच्चे का आधार कार्ड अनिवार्य नहीं




- अभिभावक अपने आधार कार्ड के आधार पर ही आवेदन कर सकेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश के आवेदन में बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि आवेदन के समय अब बच्चे का आधार कार्ड अनिवार्य नहीं होगा। अभिभावक अपने आधार कार्ड के आधार पर ही आवेदन कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए नियमों में संशोधन करते हुए नया आदेश जारी कर दिया है। तकनीकी दिक्कतों को दूर कर लिया गया है। आरटीई के तहत प्री-नर्सरी और कक्षा एक में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

पिछले वर्ष आठ सितंबर को जारी शासनादेश में आरटीई आवेदन के लिए बच्चे और अभिभावक दोनों का आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया था। इससे अलाभित समूह और दुर्बल वर्ग के बच्चों का आधार बनवाने में दिक्कतें आ रही थीं। इसके साथ ही आवेदन के दौरान दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन भी बाधित हो रहा था। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए सरकार ने बच्चे के आधार की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

अब आवेदन पत्र में माता या पिता में से किसी एक का आधार नंबर दर्ज करना होगा। साथ ही, पहले प्रवेश से पहले अपार आईडी बनाना अनिवार्य था, जिसे पूरा न करने पर स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति रोक दी जाती थी। नए आदेश में अपार आइडी बनाने की बाध्यता भी खत्म कर दी गई है। इससे निजी विद्यालयों को शुल्क प्रतिपूर्ति में आने वाली परेशानी भी दूर होगी। निवास प्रमाण पत्र को लेकर भी नियमों में ढील दी गई है।

अब तहसीलदार कार्यालय से जारी निवास प्रमाण पत्र के अलावा मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, ग्रामीण क्षेत्रों में जाब कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल और पानी का बिल भी मान्य होंगे। नए प्रविधानों के अनुसार, प्रवेश के बाद विद्यालय आरटीई पोर्टल पर छात्र का विवरण दर्ज करेंगे।

## कक्षा 8 तक के स्कूल 10 तक बंद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शीट लहर और घने कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी लखनऊ ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूल कॉलेज की कक्षाओं को 10 जनवरी तक बंद रखने के आदेश जारी किये हैं वहीं कक्षा 9से 12 तक की कक्षाओं को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक संचालित करने के आदेश जारी किये हैं। जिलाधिकारी ने लखनऊ में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक संचालित सभी परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त, बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा अन्य सरकारी/ अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में 10 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इसके साथ ही कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी विशाख जी ने इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# नोएडा में यूपी पवेलियन का उद्घाटन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आज नोएडा में आयोजित हॉल नंबर-8 में निदेशालय कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार द्वारा स्थापित उत्तर प्रदेश पवेलियन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के निर्यात-योग्य कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों के प्रदर्शन का अवलोकन किया और निर्यातकों का उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान करने और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार का एक बड़ा कदम है। उद्घाटन के पश्चात उद्यान मंत्री ने पवेलियन में प्रतिभाग कर रहे छह प्रमुख निर्यातकों के स्टालों का भ्रमण किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के 20 विशिष्ट भौगोलिक संकेतक उत्पादों पर आधारित विशेष गैलरी का भी गहराई से अवलोकन किया। सिंह ने प्रदेश की विशिष्ट पहचान वाले इन उत्पादों की गुणवत्ता और प्रामाणिकता की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ रही है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इनकी बेहतर ब्रांडिंग से प्रदेश के निर्यात को नई गति मिलेगी। इस मेगा इवेंट में दुनिया भर के 110 देशों से आए अंतरराष्ट्रीय आयातक और खरीदार हिस्सा ले रहे हैं। भारत के भी लगभग 11 राज्यों ने अपने पवेलियन के माध्यम से अपनी निर्यात क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश पवेलियन इस आयोजन में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहाँ प्रदेश की कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की ताकत को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया संवाद

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरूवार को वाराणसी में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रथम आगमन पर स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की गर्मजोशी 2027 में भाजपा की बड़ी विजय का शंखनाद है। वाराणसी रोहनिया के गोकुल धाम रिसोर्ट में आयोजित काशी क्षेत्र के 16 जिलों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद जिस प्रकार कार्यकर्ताओं ने पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया, उसने उन्हें भावुक कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रेम, स्नेह और सम्मान के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा ही देश का एक मात्र राजनैतिक दल है।

## चार आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतीक्षारत आईएएस अफसर प्रशांत कुमार को राज्य सूचना आयोग का सचिव बनाते हुए कुल चार आईएएस अफसरों को नई तैनाती दी है महानिदेशक पर्यटन राजेश कुमार द्वितीय को राज्य मानवाधिकार आयोग के सचिव के पद पर भेजा गया है। वहीं राज्य सूचना आयोग में तैनात डॉ. वेदपति मिश्रा को महानिदेशक पर्यटन बनाया गया है। प्रतीक्षारत चल रहे प्रशांत कुमार को राज्य सूचना आयोग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा प्रांजल यादव से सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है। वह सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन के पद पर बने रहेंगे।

## घंटा घर के टुंडे कबाबी पर उठने लगे सवाल




**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** हुसैनाबाद स्थित हेरिटेज जोन में चल रहे अतिक्रमण विरुद्ध चल रहे अभियान को लेकर जहां एक तरफ खुशी का इज़हार है वहीं इस अभियान से मुक्त घंटा घर स्थित टुंडे कबाबी के विरुद्ध कार्रवाई का होना भी चर्चा का विषय है स्थानीय नागरिक कल्लू ने कहा कि नियमतः भारतीय पुरातत्व विभाग के नियम के अनुसार इन जगह पर ऐसी दुकान नहीं खुल सकती कल्लू ने कहा कि सवाल यह उठता है क्या हुसैनाबाद ट्रस्ट, भारतीय पुरातत्व विभाग या एलडीए से इसकी अनुमति ली गयी है। वहीं अतहर ने कहा कि इसको हेरिटेज जोन में धंधा करने और जगह का व्यवसायिक उपयोग करने की स्वीकृति कहां से मिली। छोटे अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई हो चुकी है। इन बड़े धन्ना सेठों पर भी एक्शन की जरूरत है। इस संबंध में हुसैनाबाद ट्रस्ट से सम्पर्क का प्रयास किया गया कि किस नियम से इसका अलॉटमेंट हुआ लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

## मौलाना शौज़ब जरवली की मजलिसे सेयुम आयोजित



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मरहूम सैयद मुज़फ़्फ़र हुसैन ताहिर जरवली के पुत्र मौलाना सैयद शौज़ब काज़िम जरवली के सोयम की मजलिस सईदुल मिल्लत हॉल, शिया पीजी कॉलेज, विक्टोरिया स्ट्रीट में आयोजित की गई मजलिस-ए-तरहीम का आरंभ पवित्र क़ुरआन की तिलावत से हुआ। इसके बाद शायरों ने बारगाह-ए-अहले बैत अलैहिमुस्सलाम में अपनी काव्यात्मक श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। मजलिस को मौलाना सैयद अब्बास काज़िम जरवली ने संबोधित किया। इस मजलिस में दीनि संस्थानों और मदरसों के ज़िम्मेदारों, शिक्षकों, छात्रों, धार्मिक, शैक्षणिक व राष्ट्रीय हस्तियों तथा बड़ी संख्या में मोमिनीन ने भाग लिया मरहूम के भाइयों मौलाना अम्मार जरवली, मौलाना आबिस जरवली तथा उनके पुत्र सैयद मुहम्मद अली और सैयद ख़ज़िर मेहदी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# नकद व मोबाइल पर चोरों ने किया हाथ साफ

- दुकानदारों में भय और आक्रोश का माहौल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरा में अज्ञात चोरों ने एक जनसेवा केंद्र को निशाना बनाते हुए नकदी समेत जरूरी सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस चोरी की घटना से क्षेत्र के दुकानदारों में भय और आक्रोश का माहौल है, वहीं पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित आकाश कुमार पुत्र स्वर्गीय शिव राम, निवासी ग्राम सकरा, थाना काकोरी, सकरा मोड़ पर स्थित ÷आकाश जन सेवा केंद्र÷ का संचालन करते हैं। बुधवार रात दुकान बंद कर घर चले जाने के बाद देर रात अज्ञात चोरों ने जनसेवा केंद्र की शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखा 15,000 नगद, एक मोबाइल फोन तथा एक स्कूल का बैग चोरी कर ले गए।

गुरुवार सुबह जब पीड़ित आकाश कुमार दुकान खोलने पहुंचे तो भीतर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नगदी गायब थी। इसके साथ ही दुकान में रखा मोबाइल फोन और एक स्कूल बैग भी नहीं मिला। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

पीड़ित ने इस संबंध में काकोरी थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि जनसेवा केंद्र ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है और चोरी की इस घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

# मोबाइल दुकान में चोरी की कोशिश नाकाम, चोर पकड़ा गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज चोरी का प्रयास सामने आया है, जहाँ स्थानीय लोगों और मकान मालिक की सतर्कता व सूझबूझ से एक बड़ी वारदात को समय रहते नाकाम कर दिया गया। घुरघुरी तालाब चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शिवरी गांव में बीती रात बदमाशों ने एक मोबाइल शॉप को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन लोगों की जागरूकता के चलते आरोपी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सका।

शिवरी गांव निवासी मनीष गौतम की मोबाइल शॉप देर रात शातिर चोरों के निशाने पर थी। घटना उस समय की है जब पूरा इलाका गहरी नींद में था और सड़क पर सन्नाटा पसरा हुआ था। रात करीब डेढ़ बजे एक बदमाश औजारों की मदद से दुकान का मजबूत शटर तोड़ने का प्रयास कर रहा था। शांत वातावरण के कारण शटर तोड़ने की आवाज आसपास रहने वाले मकान मालिक के कानों तक पहुंच गई, जिससे उनकी नींद खुल गई।

मकान मालिक ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए बिना देर किए सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने शोर मचाने के बजाय चुपचाप आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में कई स्थानीय निवासी मौके पर पहुंच गए और दुकान के आसपास घेराबंदी कर ली। इसी दौरान बदमाश शटर तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

स्थानीय लोगों द्वारा आरोपी को पकड़े जाने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही काकोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके से चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे औजार भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किसी गिरोह से जुड़ा हुआ है या फिर इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

# माघ मेला में पर्यटकों की सुविधा के लिए चार सूचना केन्द्र स्थापित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन और मार्गदर्शन में संगम नगरी प्रयागराज में माघ मेला 2026 का शुभारंभ 3 जनवरी से भव्य और दिव्य स्वरूप में हो चुका है। आस्था, सुविधा और सुव्यवस्था के संगम के रूप में विकसित हो रहा यह मेला न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से भी नई पहचान बना रहा है। देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार द्वारा व्यापक और प्रभावी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर चार अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। 3 जनवरी से अब तक इन सूचना केंद्रों के माध्यम से करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन का अनुमान है, ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार पर्यटकों को सही, सरल और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्रों पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रयागराज के प्रमुख पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी वाली पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही गाइड बुक, प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड की सूची और शहर भ्रमण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी उपलब्ध हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योगी सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। इसी सोच के तहत पर्यटन सूचना केंद्रों पर पंजीकृत पेइंग गेस्ट हाउस, धर्मशाला और अन्य ठहरने के विकल्पों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण प्रतियोगिता में सी.एम.एस. शिक्षिका अव्वल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की शिक्षिका दीपाली सिंह ने सेन्टा इण्टरनेशनल सेन्टा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओपेन में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित शिक्षण प्रतियोगिता में विश्व भर के लगभग 100 देशों के दो लाख से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें दीपाली ने वैश्विक स्तर पर टॉप 3000 शिक्षकों में शामिल होकर सी.एम.एस. की अनूठी शिक्षण पद्धति का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम. एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दीपाली ने पेडागोजिकल स्किल्स, सब्जेक्ट नॉलेज एवं टीचिंग इफेक्टिवनेस आदि विभिन्न मानकों पर अपनी शिक्षण प्रतिभा एवं प्रोफेशनल कौशल का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अपने नाम की है।

# विद्यालयों में रोज होगा अख़बार पठन

- छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर
- अटल विद्यालयों में न्यूज़पेपर रीडिंग अनिवार्य
- छात्रों में जनरल अवेयरनेस बढ़ाने की योजना
- शिक्षा के साथ आलोचनात्मक सोच पर फोकस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अध्यक्ष, बी.ओ.सी. डब्ल्यू कल्याण बोर्ड/ प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, डॉ0 एम.के.शन्मुगा सुन्दरम ने विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन (न्यूज पेपर रीडिंग) की संस्कृति विकसित करने एवं भाषाई/तार्किक कौशल संवर्धन के संबंध में अवगत कराया है कि शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्यक्रम की शिक्षा के अतिरिक्त सामान्य ज्ञान (जनरल अवेयरनेस), भाषाई पकड़ (कमाण्ड ओवर लैंगवेज) और आलोचनात्मक सोच (क्रिटिकल थिंकिंग) को भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इस हेतु छात्र-छात्राओं को समाचार पत्रों के नियमित पठन हेतु प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भी विस्तृत निर्देश दिनांक 23.12.2025 को निर्गत किये गए हैं।

तत्क्रम में उन्होंनें समस्त अटल आवासीय विद्यालयों में गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से दैनिकचर्या में सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित करते हुए पुस्तकालय में समाचार पत्रों की उपलब्धता के सम्बन्ध में बताया है कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित उच्च गुणवत्ता वाले हिंदी एवं अंग्रेजी के समाचार पत्रों को नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाए। समाचार पत्र पढ़ने के महत्वपूर्ण पहलू के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को समाचार पत्रों में सामान्य ज्ञान के अतिरिक्त विज्ञान, अर्थव्यवस्था, नवीन विकास तथा खेल से संबंधित विषयों के सम्बन्ध में पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किये जाने हेतु निर्देशित किया है साथ ही दैनिक एवं साप्ताहिक गतिविधियों के बारे में प्रार्थना सभा के उपरान्त कक्षा में पठन-पाठन प्रारम्भ करने के पूर्व 10 मिनट का समय समाचार पठन के लिए आवंटित करें। प्रतिदिन 5 नए/कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएं। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड (मेन डिस्प्ले बोर्ड) पर 'आज का सुविचार' को अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। उन्होंने कहा है कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक बार संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित की जाए।